

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
(कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनी)

वार्षिक रिपोर्ट और खाते

2019-20

वार्षिक रिपोर्ट और लेखा

2019-20

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

(कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनी)

CIN-U10101WB1975GOI030295

www.easterncoal.nic.in



हमारा लक्ष्य

"सुरक्षा, संरक्षण और गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए कुशलता एवं मितव्ययिता पूर्वक पर्यावरण के अनुकूल तरीके से कोयला और कोयला उत्पादों की योजनाबद्ध मात्रा का उत्पादन और विपणन करना।"



हमारी संकल्पना

"पर्यावरण और सामाजिक सतत विकास को ध्यान में रखते हुए खदान से बाजार तक सर्वोत्तम कार्य प्रणाली अपनाते हुए देश को ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध होकर प्राथमिक ऊर्जा क्षेत्र में एक वैश्विक खिलाड़ी के रूप में उभरना।"

विषय सूची

क्र.सं.	सामग्री	पृष्ठ संख्या
1.	प्रबंधन	04
2.	बैंकर / लेखा परीक्षक	06
3.	वार्षिक आम सभा की सूचना	08
4.	अध्यक्ष का वक्तव्य	11
5.	निदेशकों का परिचय	15
6.	बोर्ड की रिपोर्ट 2019-20	19
7.	भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां	100
8.	लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और प्रबंधन के उत्तर	102
9.	31 मार्च, 2020 को तुलन-पत्र (बैलेंस शीट)	118
10.	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ और हानि का विवरण	120
11.	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए इक्विटी में परिवर्तन विवरणी	122
12.	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए नकदी प्रवाह विवरणी	123
13.	कॉर्पोरेट जानकारी और महत्वपूर्ण लेखा नीतियां	125
14.	तुलन-पत्र के भाग के रूप में टिप्पणियां	143
15.	लाभ और हानि विवरणी भाग के रूप में टिप्पणियां	161
16.	खातों पर अतिरिक्त टिप्पणियां	168

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

बोर्ड के सदस्य

दिनांक 19 अगस्त, 2020 को

प्रकार्य निदेशकगण:

श्री प्रेम सागर मिश्र	:	अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
श्री जयप्रकाश गुप्ता	:	निदेशक (तकनीकी) योजना एवं परियोजना
श्री विनय रंजन	:	निदेशक (कार्मिक)
श्री बी. वीरा रेड्डी	:	निदेशक (तकनीकी) संचालन
श्री गौतम चंद्र डे	:	निदेशक (वित्त)

अंशकालिक आधिकारिक निदेशकगण

श्री अनिमेष भारती	:	आर्थिक सलाहकार, कोयला मंत्रालय, नई दिल्ली
श्री संजीव सोनी	:	निदेशक (वित्त), कोल इंडिया लि., कोलकाता

स्वतंत्र निदेशकगण

श्री प्रवीण कांत

श्री अनिल कुमार गनेरीवाला

स्थायी आमंत्रित

श्री उत्पल कांति बल	:	प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक (पीसीओएम), पूर्वी रेलवे

कंपनी सचिव

श्री रामबाबू पाठक

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

वर्ष 2019-20 के दौरान प्रबंधन

श्री प्रेम सागर मिश्र	:	अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (20.08.2018 से)

प्रकार्य निदेशकगण

श्री सुनील कुमार झा	:	निदेशक (तकनीकी) संचालन (31.12.2019 तक)
श्री जयप्रकाश गुप्ता	:	निदेशक (तकनीकी) योजना एवं परियोजना (18.06.2018 से)
श्री संजीव सोनी	:	निदेशक (वित्त) (10.07.2019 तक)
श्री विनय रंजन	:	निदेशक (कार्मिक) (16.08.2018 से)
श्री समीरन दत्ता	:	निदेशक (वित्त) (अतिकिक्त प्रभार) (16.08.2019 से 03.03.2020 तक)
श्री बी. वीरा रेड्डी	:	निदेशक (तकनीकी) संचालन (01.01.2020 से)
श्री गौतम चंद्र डे	:	निदेशक (वित्त) (03.03.2020 से)

अंशकालिक आधिकारिक निदेशकगण

श्री अनिमेष भारती	:	आर्थिक सलाहकार, कोयला मंत्रालय, नई दिल्ली (17.03.2020 से)
श्री भबानी प्रसाद पति	:	संयुक्त सचिव, कोयला मंत्रालय, नई दिल्ली (17.03.2020 तक)
श्री संजीव सोनी	:	निदेशक (वित्त), कोल इंडिया लि., कोलकाता (29.10.2019 से)
श्री श्याम नंदन प्रसाद	:	निदेशक (विपणन), कोल इंडिया लि., कोलकाता (29.10.2019 तक)

स्वतंत्र निदेशक

श्री प्रवीण कांत	:	13.12.2018 से
श्री अनिल कुमार गनेरीवाल	:	10.07.2019 से
प्रो (डॉ.) इंदिरा चक्रवर्ती	:	16.11.2019 तक

स्थायी आमंत्रित

श्री उत्पल कांति बल	:	पीसीओएम, पूर्वी रेलवे (28.02.2019 से)

कंपनी सचिव

श्री रामबाबू पाठक	:	02.07.2018 से

2019-20 के दौरान बैंकर्स

भारतीय स्टेट बैंक	यूनाइटेड कॉमर्शियल बैंक	एक्सिस बैंक	ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स	इलाहाबाद बैंक
बैंक ऑफ बड़ौदा	पंजाब नेशनल बैंक	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया	बैंक ऑफ इंडिया
कॉर्पोरेशन बैंक	आईसीआईसीआई बैंक	केनरा बैंक	सिंडीकेट बैंक	

2019-20 के दौरान सांविधिक लेखा परीक्षक

1. मैसर्स जीपी अग्रवाल एंड कंपनी, 7-ए, किरण शंकर रे रोड, दूसरी मंजिल, कोलकाता -700001

शाखा लेखा परीक्षक:

2. मैसर्स रे एंड कंपनी, 21 ए, शेक्सपियर सरानी, फ्लैट नंबर -8 सी, 8 वीं मंजिल, कोलकाता -700017
3. मैसर्स सराफ एंड चंद्रा, 501, अशोका हाउस, 3 ए हरे स्ट्रीट, 5 वीं मंजिल, कोलकाता -700001
4. मैसर्स ऐडीडी एंड एसोसिएट्स, पी-168, सेक्टर-बी, मेट्रोपॉलिटन को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लि., कोलकाता -700105
5. मैसर्स माहेश्वरी एंड एसोसिएट्स, गीतांजलि अपार्टमेंट, फ्लैट संख्या-6ए, 6वीं मंजिल, 8बी मिडिलटोन स्ट्रीट, कोलकाता-700071
6. मैसर्स एस के बसु एंड कंपनी, टेम्पल चैम्बर्स, द्वितीय तल, 6 ओल्ड पोस्ट ऑफिस स्ट्रीट, कोलकाता -700001

2019-20 के दौरान लागत लेखा परीक्षक

1. मैसर्स एस जी एंड एसोसिएट्स, 8 ए सांती घोष स्ट्रीट, कोलकाता -700003
2. मैसर्स के जी गोयल एंड एसोसिएट्स, 4 ए, पॉकेट -2, मयूर विहार III, नई दिल्ली- 110096
3. मैसर्स बसु, बनर्जी, चक्रवर्ती, चट्टोपाध्याय एंड कंपनी, 42 / बी, शिबतला स्ट्रीट, उत्तरपारा, हुगली, पश्चिम बंगाल, पिन-712258
4. मैसर्स बी. जी. चौधरी एंड कंपनी, श्री एपार्टमेंट, 11/47 ए, पंडितिया रोड, कोलकाता-700029
5. मैसर्स एम. जी. एंड एसोसिएट्स, मिश्रा निवास, पंजाबी पाड़ा, चित्रा, राधानगर रोड, बर्नपुर, आसनसोल, पश्चिम बंगाल, पिन-713325
6. मैसर्स जे. पी. एंड कं, 60/9 ए, गौरी बारी लेन, कोलकाता - 700004

2019-20 के दौरान सचिवीय लेखा परीक्षक

1 मैसर्स जे.के. दास एंड एसोसिएट्स, दास विला, प्लॉट नंबर 883, बिजन कानन, ब्रह्मपुर, कोलकाता-700096

2019-20 के दौरान आंतरिक लेखा परीक्षक

1 मैसर्स निरुपम एंड एसोसिएट्स, रसखोला पारा, खारदाह, जिला- 24परगना (एन), कोलकाता-700117
2 मैसर्स डी के छाजेड़ एंड कंपनी, नीलहट हाउस हाउस, 11, आर एन मुखर्जी रोड, ग्राउंड फ्लोर, कोलकाता -700001
3 मैसर्स दिनेश के. यादव एंड एसोसिएट्स, एम -4, नारायण प्लेस, फ्रेजर रोड, पटना - 1
4 मैसर्स एसएन मुखर्जी एंड कंपनी, एमराल्ड हाउस, 1 बी, ओल्ड पोस्ट ऑफिस स्ट्रीट, तीसरी मंजिल, कोलकाता -700001
5 मैसर्स पी के गुटगुटिया एंड कंपनी, जे जे कॉम्प्लेक्स (दूसरी मंजिल), बैंक रोड, धनबाद - 826001, झारखंड
6 मैसर्स सेन एंड कंपनी, 1/13, चित्तरंजन कॉलोनी, जादवपुर, कोलकाता-700032
7 मैसर्स आर एन गोयल एंड, कंपनी मंगतुराम रोड, सिलीगुड़ी -734005
8 मैसर्स आर के दीपक एंड कंपनी, 303-बी, अपरा प्लाजा, प्लॉट नंबर 28, रोड नंबर 44; पीतमपुरा, दिल्ली -110034
9 मैसर्स डी पी सेन एंड कंपनी, 22, आशुतोष चौधरी एवेन्यू, द्वितीय तल, फ्लैट नंबर 22, कोलकाता 700019
10 मैसर्स ए एन चटर्जी एंड कंपनी, 41 ए, टाउनशेंड रोड, कोलकाता-700025
11 मैसर्स चटर्जी एंड कंपनी, 21/2, गरियाहाट रोड (पश्चिम), कोलकाता - 700068
12 मैसर्स एस मल्लिक एंड कंपनी, 11, ओल्ड पोस्ट ऑफिस स्ट्रीट, ब्लॉक-बी, तीसरी मंजिल, कोलकाता -700001
13 मैसर्स चंदर खट्टर एंड एसोसिएट्स, 10 ए, ब्रिटिश इंडियन स्ट्रीट, कोलकाता - 700069
14 मैसर्स भट्टाचार्य दास एंड कंपनी, 2, गारस्टीन प्लेस (ग्राउंड फ्लोर), कोलकाता -700001
15 मैसर्स एन एन दास एंड कंपनी, पियाली अपार्टमेंट, 660, राजडांगा मेन रोड, कोलकाता -700107

पंजीकृत कार्यालय, सीआईएन और वेबसाइट

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, सीएमडी कार्यालय, सांकतोड़िया, पोस्ट- दिशेरगढ़, जिला- पश्चिम बर्धमान,
पिन -713333, पश्चिम बंगाल
CIN-U10101WB1975GOI030295
www.easterncoal.nic.in

निदेशक मंडल

श्री प्रेम सागर मिश्र
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

श्री जे. पी. गुप्ता
निदेशक (तकनीकी)/
योजना एवं परियोजना

श्री विनय रंजन
निदेशक (कार्मिक)

श्री बी. वीरा रेड्डी
निदेशक (तकनीकी) संचालन

श्री गौतम चंद्र डे
निदेशक (वित्त)

श्री अनिमेष भारती
अंशकालिक आधिकारिक निदेशक,
ईसीएल, आर्थिक सलाहकार,
कोयला मंत्रालय

श्री संजीव सोनी
निदेशक (वित्त),
कोल इंडिया लिमिटेड,
अंशकालिक आधिकारिक निदेशक, ईसीएल

श्री प्रवीण कांत
अंशकालिक गैर-आधिकारिक निदेशक
ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

श्री अनिल कुमार गनेरीवाला
अंशकालिक गैर-आधिकारिक निदेशक
ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

श्री उत्पल कांति बाल
स्थायी आमंत्रित,
पीसीओएम, पूर्वी रेलवे

श्री रामबाबू पाठक
कंपनी सचिव

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का कार्यालय
सांकतोड़िया, पत्रालय- डिसेरगढ़,
जिला- पश्चिम बर्द्धमान, पश्चिम बंगाल-713333
कंपनी सचिवालय
सी.आइ.एन-U10101WB1975GOI030295
वेबसाइट – www.easterncoal.gov.in
टेलि-फैक्स: 0341-2520546
ई-मेल: companysecretary.ecl@coalindia.in

EASTERN COALFIELDS LIMITED
Office of the Chairman-cum-Managing Director
Sanctoria, P.O.: Dishergarh,
Dist.: Paschim Bardhaman, West Bengal-713333
Company Secretariat
CIN-U10101WB1975GOI030295
Website – www.easterncoal.gov.in
Telefax: 0341-2520546
E-Mail: companysecretary.ecl@coalindia.in

संदर्भ सं.: ईसीएल:सीएस:15(2020)/7748

17 अगस्त, 2020

45वीं वार्षिक आमसभा सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के शेयरधारकों की 45वीं वार्षिक आमसभा **बुधवार, दिनांक 19 अगस्त, 2020 को कंपनी के पंजीकृत कार्यालय - सीएमडी कार्यालय, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, सांकतोड़िया, पोस्ट- दिशेरगढ़, जिला- पश्चिम बर्धमान, पश्चिम बंगाल, पिन- 713333 में अपराह्न 12:30 बजे** निम्नलिखित कारोबार के निष्पादन हेतु होगी। कॉरपोरेट मामले मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी नियामक प्रावधानों और परिपत्रों के अनुरूप वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) / अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

सामान्य कारोबार:

1. 31 मार्च, 2020 को अंकेक्षित तुलन-पत्र, वित्तीय वर्ष 2019-20 के लाभ-हानि विवरणी, वर्ष 2019-20 के वित्तीय विवरणियों तथा महत्वपूर्ण लेखा नीति पर की गई सभी टिप्पणियों, अतिरिक्त टिप्पणियों सहित नकदी प्रवाह विवरण, वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए सांविधिक लेखा परीक्षक तथा भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट तथा बोर्ड-रिपोर्ट की प्राप्ति, विवेचन व ग्रहण करने हेतु।

2. श्री प्रेम सागर मिश्रा (डीआइएन-07379202), जो कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 152(6) के तहत पारी (रोटेशन) समाप्त के कारण सेवानिवृत्त होने वाले हैं, के स्थान पर एक निदेशक की नियुक्ति हेतु और योग्य होने के कारण उनकी स्वयं की पुनर्नियुक्ति का प्रस्ताव है।

3. श्री विनय रंजन (डीआइएन-03636743), जो कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 152(6) के तहत पारी (रोटेशन) समाप्त के कारण सेवानिवृत्त होने वाले हैं, के स्थान पर एक निदेशक की नियुक्ति हेतु और योग्य होने के कारण उनकी स्वयं की पुनर्नियुक्ति का प्रस्ताव है।

विशेष कारोबार:

4. वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए लागत लेखा परीक्षकों के पारिश्रमिक की संपुष्टि करने तथा विचार करने और यदि उचित हो तो, निम्नलिखित संकल्प को संशोधनों सहित या बिना संशोधन के **एक साधारण संकल्प** के रूप में पारित करने हेतु:

   वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए कंपनी के लागत लेखा-परीक्षा कार्य हेतु निदेशक मंडल द्वारा नियुक्त किए गए लेखा-परीक्षकों को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 (3) के संदर्भ में एतद् द्वारा निम्नलिखित पारिश्रमिक के भुगतान का **संकल्प पारित किया गया:**

क्र. सं.	लागत लेखा-परीक्षक का नाम	वर्ष 2019-20 के लिए लागत लेखा-परीक्षकों की पारिश्रमिक (₹ में)
1	मैसर्स एस. जी. एंड एसोसिएट्स	6,00,000.00
2	मैसर्स के. जी. गोयल एंड एसोसिएट्स	3,44,000.00
3	मैसर्स बसु, बनर्जी, चक्रवर्ती, चट्टोपाध्याय एंड कंपनी	3,06,000.00
4	मैसर्स बी. जी. चौधरी एंड कंपनी	2,46,000.00
5	मैसर्स एम. जी. एंड एसोसिएट्स	2,28,000.00
6	मैसर्स जे. पी. एंड कंपनी	1,85,000.00
	कुल: उन्नीस लाख नौ हजार रुपये मात्र	**19,09,000.00**

वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के लागत लेखा-परीक्षकों के रूप में उपर्युक्त फर्मों की नियुक्ति ''अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) में यथा वर्णित नियमों एवं शर्तों द्वारा निर्देशित होगी।"

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

(रामबाबू पाठक)
प्रबंधक (वित्त)/कंपनी सचिव

दिनांक: 17 अगस्त, 2020
पंजीकृत कार्यालय:
सीआइएन-U10101WB1975GOI030295
ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
सांकतोड़िया, पोस्ट- दिशेरगढ़
जिला- पश्चिम बर्धमान
पश्चिम बंगाल- 713333

टिप्पणियां:

1. देश में फैली कोविड-19 महामारी के कारण वर्तमान असाधारण परिस्थितियों को देखते हुए, कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 18 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 और कॉरपोरेट मामले मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी क्रमशः सामान्य परिपत्र संख्या 14 /2020 दिनांक 8 अप्रैल 2020, सामान्य परिपत्र संख्या 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020 एवं सामान्य परिपत्र संख्या 17/2020 दिनांक 5 मई 2020 (किसी भी वैधानिक संशोधन या उसके लागू होने के बाद फिर से लागू होने सहित) तथा अन्य लागू कानूनों और विनियमों के अनुसार शेयरधारक, निदेशक और ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के सचिवीय लेखापरीक्षकों सहित लेखा परीक्षक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) या अन्य ऑडियो-विज़ुअल साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से बैठक में भाग लेने और / या वोट देने के हकदार हैं। वे बैठक में विचार किए जाने वाली मदों पर केवल अपनी सहमति या असहमति व्यक्त करने के लिए companysecretary.ecl@coalindia पर ई-मेल भेज सकते हैं। सदस्यों द्वारा अपने बदले में प्रतिनिधि (प्रॉक्सी) नियुक्ति की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। हालाँकि, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 112 और 113 के अनुसरण में, सदस्यों के प्रतिनिधियों को वीसी या ओएवीएम के माध्यम से भागीदारी और मतदान के लिए नियुक्त किया जा सकता है। वीसी या ओएवीएम के माध्यम से बैठक में भाग लेने के लिए, कंपनी की अधिकृत मेल आईडी से पर्याप्त समय पूर्व एक लिंक प्रदान किया जाएगा और लिंक के माध्यम से बैठक में शामिल होने की सुविधा बैठक शुरू होने के निर्धारित समय से कम से कम 15 मिनट पहले खोल दी जाएगी और ऐसे निर्धारित समय के 15 मिनट बाद तक बंद नहीं होगी।
2. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 139(5) के तहत, एक सरकारी कंपनी के लेखा परीक्षकों को भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) द्वारा नियुक्त या पुनर्नियुक्त किया जाता है और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 142 (1) के अनुसार, उनका पारिश्रमिक वार्षिक आमसभा में अथवा इस बैठक में निर्धारित प्रणाली के अनुसार कंपनी द्वारा तय किया जाता है। आपकी कंपनी के सदस्यों ने 30 जुलाई, 2001 को आयोजित अपनी 8वीं विशेष आमसभा में सांविधिक लेखा परीक्षकों की पारिश्रमिक को तय करने के लिए निदेशक मंडल को अधिकृत किया है।
3. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102(1) के अनुसार विशेष कारोबार से संबंधित व्याख्यात्मक विवरण को इस रिपोर्ट के साथ संलग्न किया गया है।
4. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 101 (1) के प्रावधानों के अनुसार शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे कम समय की सूचना अवधि में वार्षिक आमसभा बुलाने के लिए अपनी सहमति दें।

प्रतिलिपि:

1. मैसर्स जीपी अग्रवाल एंड कंपनी, चार्टर्ड एकाउंटेंट, स्टटूटोरी ऑडिटर्स 7-ए, किरण शंकर रे रोड, दूसरी मंजिल, कोलकाता -700001
2. मैसर्स जे.के. दास एंड एसोसिएट्स, कंपनी सचिव, सचिवीय लेखा परीक्षक दास विला, प्लॉट नंबर 883, बिजन कानन, ब्रह्मपुर, कोलकाता-700096
3. मैसर्स एस जी एंड एसोसिएट्स, लागत लेखा परीक्षकों, 8 ए सांती घोष स्ट्रीट, कोलकाता -700003
4. समस्त निदेशकगण, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 (i) के अनुसार विवरण

बुधवार 19 अगस्त 2020 को आयोजित होने वाली पैंतालीस (45) वीं वार्षिक आमसभा के आयोजन की सूचना हेतु अनुलग्नक।

विशेष कारोबार: मद सं. 4

कंपनी (लेखा-परीक्षा एवं लेखा-परीक्षक) नियम, 2014 के नियम 14 (a)(ii)के साथ पढ़े जाने वाले कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148(3) के अनुसार लागत लेखा-परीक्षकों के पारिश्रमिक को लेखा-परीक्षा समिति द्वारा यथा अनुशंसित और निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किए जाने के बाद इसकी शेयरधारकों द्वारा भी इसकी संपुष्टि की जानी है।

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की लेखा-परीक्षा समिति ने 6 नवंबर, 2019 को आयोजित अपनी 98वीं बैठक में इसकी अनुशंसा की थी और ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक मंडल ने 6 नवंबर, 2019 को आयोजित अपनी 326वीं बैठक में वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए लागत लेखा-परीक्षक के रूप में निम्नलिखित लागत लेखाकार फर्मों की नियुक्ति एवं पारिश्रमिक को अनुमोदित कर दिया, जिसकी संपुष्टि आगामी आमसभा में की जानी है:

क्र. सं.	लागत लेखा-परीक्षक का नाम	वर्ष 2019-20 के लिए लागत लेखा-परीक्षकों की पारिश्रमिक (₹ में)
1	मैसर्स एस. जी. एंड एसोसिएट्स	6,00,000.00
2	मैसर्स के. जी. गोयल एंड एसोसिएट्स	3,44,000.00
3	मैसर्स बसु, बनर्जी, चक्रवर्ती, चट्टोपाध्याय एंड कंपनी	3,06,000.00
4	मैसर्स बी. जी. चौधरी एंड कंपनी	2,46,000.00
5	मैसर्स एम. जी. एंड एसोसिएट्स	2,28,000.00
6	मैसर्स जे. पी. एंड कंपनी	1,85,000.00
	कुल: उन्नीस लाख नौ हजार रुपये मात्र	**19,09,000.00**

वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के लागत लेखा परीक्षकों के रूप में उपरोक्त फर्मों की नियुक्ति अभिरूचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) में उल्लिखित नियमों और शर्तों द्वारा निर्देशित होगी। कंपनी (लेखा एवं लेखापरीक्षक) नियम, 2014 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 के संदर्भ में, कंपनी के सदस्यों द्वारा लागत लेखा परीक्षकों के पारिश्रमिक की पुष्टि की जानी आवश्यक है। कंपनी के कोई भी निदेशक एवं प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक अथवा उनके रिश्तेदार इस संकल्प में हितार्थी नहीं हैं। बोर्ड आपके अनुमोदन के लिए इस संकल्प की अनुशंसा करता है।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते ईस्टर्न कोलफील्ड्स लमिटिड

(रामबाबू पाठक)
प्रबंधक (वित्त)/ कंपनी सचिव

दिनांक: 17 अगस्त, 2020

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का वक्तव्य

मित्रो,

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक मंडल की ओर से, मैं कंपनी की 45 वीं वार्षिक आमसभा में आपका स्वागत करता हूं। बोर्ड की रिपोर्ट, वैधानिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट तथा समीक्षा के साथ वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए अंकेक्षित लेखा पहले से ही आपके पास हैं। आपकी कंपनी ने संचालन से ₹ 18,192.36 करोड़ के मजबूत शीर्षस्थ सकल राजस्व के साथ अपना प्रदर्शन बनाए रखा है और वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान सर्वाधिक कोयला उत्पादन तथा ओवरबर्डन निष्कासन की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

किसी भी देश के आर्थिक प्रगति के लिए ऊर्जा एक प्रमुख घटक होता है। भारतीय ऊर्जा क्षेत्र में कोयले का स्थान प्रमुख है, जिसका योगदान देश की कुल ऊर्जा आवश्यकताओं में 52% है। वर्तमान समय में भारतीय अर्थव्यवस्था को ऊर्जा की अत्यंत आवश्यकता है। हमारी कंपनी, उत्कृष्ट गुणवत्ता वाले थर्मल ग्रेड कोयले का उत्पादन करती है, जो देश भर में फैले विभिन्न विद्युत संयंत्रों के साथ-साथ स्पंज आयरन, सीमेंट एवं सीपीपी इत्यादि जैसे अन्य क्षेत्रों की जरूरतों को भी पूरा करता है।

हमारी कंपनी की रणनीतिक दृष्टि, खदान से बाजार तक सर्वोत्तम प्रथाओं के माध्यम से पर्यावरण और सामाजिक रूप से टिकाऊ विकास को प्राप्त करते हुए देश को ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करने की प्रतिबद्धता के साथ प्राथमिक ऊर्जा क्षेत्र में वैश्विक कंपनी के रूप में उभरना है।

व्यापारिक रणनीति

कारोबारी रणनीति के एक हिस्से के रूप में, कंपनी ने वैश्विक चुनौतियों की पहचान की है और इन चुनौतियों को पूरा करने के लिए रणनीति तैयार की जा रही है। कंपनी में विभिन्न पहलों को मिशन मोड में शुरू किया गया है जिनका उद्देश्य कंपनी के ध्येय, दृष्टि एवं उद्देश्यों को पुन: परिभाषित करना है। कंपनी ने मिशन मोड में निम्नलिखित परियोजनाएं शुरू की हैं, जिनका यह भी उद्देश्य है कि कंपनी की छवि को नया रूप दिया जाय:

1. मिशन सुदेश: (SuDESHH - Sustainable Development, Environment, Safety, Health & Hygiene) को वैश्विक नेतृत्व प्राप्त करने के लिए शुरू किया गया है, जिसके लिए ईसीएल वैश्विक चुनौतियों को स्वीकार करता है और समझता है, इसके तहत सतत विकास, पर्यावरण, सुरक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता जैसे मुद्दे आते हैं और इसलिए, एक जिम्मेदार संगठन होने के नाते, मिशन सुदेश (SuDESHH) का उद्देश्य ईसीएल के लिए एक स्थायी और बेहतर भविष्य का निर्माण करना है।
2. मिशन संजीवनी (SANJIBANI - Systemic Advancements, New Jobs, Integrated Business & New Initiatives) ईसीएल के कायाकल्प के लिए शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य व्यवस्थित उन्नति, नये रोजगार, एकीकृत व्यवसाय और नई पहलें है। .
3. मिशन सुमित (SUMIT - Systematic Upgradation of Mining & Information Technology) की शुरूआत की गयी है, जिसका उद्देश्य खनन और सूचना प्रौद्योगिकी का योजनाबद्ध रूप से उन्नयन करना है। चूंकि, लगभग सभी खदानों में बहुत पुराने एवं परंपरागत तकनीकों का प्रयोग किया जा रहा था, इसलिए सुमित (SUMIT) परियोजना के माध्यम से सूचना-प्रौद्योगिकी के साथ खदानों एवं संबद्ध प्रक्रियाओं को एकीकृत करने की जरूरत महसूस की जा रही थी।
4. मिशन धरोहर (DHAROHAR) की शुरूआत की गयी है, जिसका उद्देश्य देश में कोयला खनन की विरासतों, प्राचीन भवनों, संयंत्रों, उपकरणों, मशीनों, यंत्रों, औजारों, धरोहर प्रकृति के मॉडलों की रक्षा एवं उनका संरक्षण करना है।
5. मिशन जटायु (JATAYU) की शुरूआत कंपनी की छवि को नया रूप देने के लिए कर्मचारियों के बीच फाइट (FITE- Fairness, Integrity, Transparency & Equality) अर्थात निष्पक्षता, अखंडता, पारदर्शिता एवं समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गयी है।
6. मिशन संबंध (SAMBANDH) की शुरूआत की गयी है, जिसका उद्देश्य समस्या निवारक एवं समाधान प्रदाता के रूप में व्यापक पैमाने पर सभी हितधारकों और समुदाय तक संपर्क स्थापित करना है, जो अंततः ग्रीनफील्ड परियोजनाओं के सुचारु रूप से शुरू करने और ब्राउनफील्ड प्रोजेक्ट को आसान बनाने में सहायक होगा।
7. मिशन इंद्रधनुष (INDRADHANUSH) की शुरूआत देश के विभिन्न क्षेत्रों की संस्कृतियों, त्योहारों, नृत्य, संगीत और जातीयता को आत्मसात करने के लिए किया गया है। इस पहल के माध्यम से, अलग-अलग क्षेत्रों के विभिन्न उत्सवों को अलग-अलग इकाइयों में आयोजित किया जाता है, जिससे ईसीएल कर्मचारियों तथा इनके पारिवारिक सदस्यों के बीच अपनेपन की भावना का विकास होता है और इससे ईसीएल के प्रसन्नता सूचकांक (हैप्पीनेस इंडेक्स) में भी वृद्धि हुई है।

8. मिशन सुदेश: (SuDESHH) के तहत सुदेश: "मितवा (SuDESHH-MITWA)" नामक एक और मिशन की शुरूआत की गयी है, जिसके माध्यम से असंगठित क्षेत्रों के कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।
9. मिशन "मितवा (MITWA)" की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य उचित कार्य संस्कृति के विकास के साथ-साथ ओपनकास्ट और भूमिगत खदानों में सभी उपकरणों एवं मशीनरियों का उचित रखरखाव सुनिश्चित करना है।
10. मिशन जागरण (JAGGRAN) शुरू किया गया है जिसका उद्देश्य उद्देश्य अन्य बातों के साथ-साथ एकल उपयोग प्लास्टिक के उपयोग को कम करके "हरित विकास व्यवस्था त्वरित प्रकृति को प्राप्त करना" है। यह मिशन 11 सितंबर 2019 से 2 अक्टूबर 2019 तक "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के दौरान शुरू किया गया था।
11. ईसीएल में "10 R" नामक एक नयी संकल्पना की शुरूआत की गई है, जिसका उद्देश्य कंपनी के संसाधनों का पूर्ण उपयोग करने के लिए उसका "पुन: उपयोग (Reuse)", "अस्वीकार (Refuse)", पुनर्चक्रण (Recycle) "पुन: प्रयोजन (Repurpose)", "पुनर्भरण (Refill)", "पुनर्निवेश (Reinvent)", "मरम्मत (Repair)", "कम करना (Reduce)", "नया स्वरूप (Redesign)" और "नवीकरण (Refurbish)" करना है।
12. मिशन देशी (DESHI) की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य मांग का पता लगाना, कोयले का निर्यात, प्रणाली का सरलीकरण, गुणवत्ता बढ़ाना तथा आयात प्रतिस्थापन है।
13. वित्तीय वर्ष 2019-20 को "क्षमता संपन्न ईसीएल" के रूप में घोषित किया गया था और आंतरिक प्रतिभाओं के क्षमता विकास के लिए अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। कार्य स्थलों पर "अनुपालन की संस्कृति" और अनुशासन को सख्ती से लागू करने पर भी जोर दिया गया है।

परिचालन प्रदर्शन:

ईसीएल ने वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान 50.401 मीट्रिक टन कोयले का उत्पादन किया है जो कंपनी की स्थापना के बाद से अब तक का सबसे अधिक कोयला उत्पादन था। कोल उत्पादन और वृद्धि में कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनियों में ईसीएल शीर्ष 3 कंपनियों में शामिल थी। OB निष्कासन में वृद्धि के मामले में CIL की सभी सहायक कंपनियों में ECL पहले स्थान पर है।

वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए, ईसीएल ने भूमिगत खनन से 9.206 मिलियन टन और खुले खनन से 41.195 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया गया। इस प्रकार, कुल कोयला उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में 0.48% की सकारात्मक वृद्धि के साथ 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लिए 50.401 मिलियन हुआ। कंपनी ने पिछले वर्ष की तुलना में मुकाबले 11.42% की वृद्धि के साथ 140.455 मिलियन घन मीटर की सीमा तक ओवरबर्डन हटाया गया, कोयला ऑफ-टेक (-) 2.16% की वृद्धि के साथ 49.316 मिलियन टन रहा और पिछले वर्ष के मुकाबले 3.97% की वृद्धि के साथ 3.72 टन की उत्पादकता हासिल की। भूमिगत कोयला उत्पादन में ईसीएल ने 1.60% की बढ़त के साथ लागातार सकारात्मक वृद्धि दर्ज की ।

ईसीएल की राजमहल ओसीपी अपनी स्थापना के बाद से पहली 17 मिलियन टन के लक्ष्य को पार करते हुए 17.38 मिलियन टन का उत्पादन करने में सफल रही। ईसीएल के सोनेपुर बाजारी ओसीपी ने अपनी स्थापना के बाद पहली बार 11.1 मिलियन टन का उत्पादन हासिल करके अपने लक्ष्य को पार कर लिया। ईसीएल की झांझरा भूमिगत खदान ने पहली बार 3.50 मिलियन टन का अपना लक्ष्य प्राप्त किया और भारत की सबसे अधिक उत्पादन वाली यंत्रीकृत भूमिगत कोयला खदान

वित्तीय प्रदर्शन:

31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लिए सकल बिक्री कारोबार ₹ 18192.36 करोड़ था, जबकि पिछले वर्ष में ₹ 18385.03 करोड़ था, परिणामतः पिछले वर्ष की तुलना में 1.05% की कमी दर्ज हुई है। वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, कंपनी ने पिछले वर्ष की कर-पूर्व कुल व्यापक आय ₹ 1237.00 करोड़ की तुलना में ₹1283.15 करोड़ कर-पूर्व कुल व्यापक लाभ तथा गत वर्ष की कर-पश्चात कुल व्यापक आय ₹ 706.38 करोड़ की तुलना में कर-पश्चात ₹ 834.37 करोड़ का कुल व्यापक लाभ कमाया। वर्ष 2018-19 के दौरान कुल पूंजीगत व्यय ₹ 829.96 करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान कुल पूंजीगत व्यय ₹ 894.68 करोड़ (विनिमय में उतार-चढ़ाव को छोड़कर) था। 31.03.2020 तक कंपनी की कुल संपत्ति 1822.88 करोड़ थी ।

भूमिगत खानों का आधुनिकीकरण और यांत्रिकीकरण:

भूमिगत खदानों में आधुनिकीकरण तथा यांत्रिकीकरण के स्तर को ऊपर उठाने के क्रम में, 2019-20 तक ईसीएल के 57 खदानों में एलएचडी/एसडीएल के साथ मध्यवर्ती तकनीक को आरम्भ किया गया। 31.03.2020 को ईसीएल की विभिन्न भूमिगत खदानों में 244 एसडीएल, 40 एलएचडी एवं 134 यूडीएम कार्य कर रहे थे। झांझरा, सरपी तथा कुमारडीह-बी भूमिगत परियोजना में शटल कार (6 सीट) सहित कन्टीन्यूअस माइनर की स्थापना के साथ बृहत उत्पादन तकनीक लागू की गई है और यह सफलता पूर्वक चल रही है। इसके अलावा सतत खनन प्रौद्योगिकी शुरू करने के लिए ईसीएल की 8 खदानों की पहचान की गई है, जिनके कार्य की प्रक्रिया चल रही है। विदेशी सहयोग और प्रौद्योगिकी समामेलन भी किया जाता है जिसके तहत मेसेस जॉय ग्लोबल यूके के सहयोग के साथ मैसर्स जेएमएस माइनिंग प्रा. लि. द्वारा 2019-20 में एलएचसीएम का एक सेट आरंभ कर दिया गया है। इसके अलावा, एजेंसी मैसर्स CMATL-SXTD-CMML (चीन) कंसोर्टियम के साथ सितंबर 2018 में अनुबंध समझौते पर हस्ताक्षर किये गये हैं, मार्च 2020 में खदान स्थल पर उपकरण आ चुके हैं और इसके जल्द ही इसके चालू होने की उम्मीद है।

कोयला उद्योग के विविधीकरण / आधुनिकीकरण के लिए निम्नलिखित कदम उठाए जा रहे हैं:

क. **कोल बेड मीथेन (सीबीएम):** परियोजना व्यवहार्यता रिपोर्ट (PFR) तैयार की जा चुकी है और 22.09.2018 को एमडीओ अवधारणा के तहत सतग्राम , कुनुस्तोड़िया और श्रीपुर के पट्टाधारित क्षेत्र को शामिल करते हुए ईसीएल बोर्ड द्वारा अनुमोदित कर दी गयी है। सीएमपीडीआईएल ने

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सुझावों के तहत हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय के विचार पर प्रस्ताव एवं मॉडल राजस्व साझा संपर्क को आमंत्रित करते हुए संशोधित नोटिस तैयार किया है और यह अनुमोदन की प्रक्रियाधीन है।

ख. **हाईवाल माइनिंग:** निमचा एवं श्रीपुर कोलियरी में हाईवाल माइनिंग प्रौद्योगिकी आरंभ किया जाना प्रस्तावित है। हाईवाल माइनिंग प्रौद्योगिकी की शुरुआत के लिए अनुबंध समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

ग. **मैन राइडिंग सिस्टम:** 2019-20 के दौरान बाँसरा भूमिगत खदान में मैन राइडिंग सिस्टम का एक सेट लगाया गया है। इस प्रकार कार्यशील मैन राइडिंग सिस्टम की कुल संख्या 10 हो गयी है।

घ. **भूतल कोयला गैसीकरण:** ईसीएल द्वारा भूतल कोयला गैसीकरण का विकास शुरू किया गया है। इस संबंध में मेसर्स पीडीआईएल को पूर्व व्यवहार्यता अध्ययन और भूतल कोयला गैसीकरण परियोजना के लिए पीएफआर तैयार करने और डाउनस्ट्रीम उत्पादों के बाजार अनुसंधान के लिए ईसीएल के लिए सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है।

परियोजना निर्माण:

वर्ष 2019-20 में, ईसीएल बोर्ड द्वारा 2 (दो) परियोजनाओं को अनुमोदित किया गया था और ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की 1 (एक) परियोजना को सीआईएल बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया।

पर्यावरणीय पहलें:

पर्यावरण विभाग ईसीएल के पर्यावरण और वन संबंधी मामलों की देखरेख से संबंधित है। पर्यावरण पर कोयला खनन गतिविधियों के प्रभाव की नियमित निगरानी की जा रही है और वैधानिक मानदंडों, अधिनियमों एवं नियमों में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त पर्यावरण सुरक्षा उपाय किए जाते हैं। पर्यावरण मंजूरी (क्लीयरेंस) तथा वन मंजूरी के बेहतर अनुपालन के अलावा, कंपनी ने सतत विकास की दिशा में प्राकृतिक हरित पहल की है। इसी के परिणामस्वरूप कंपनी को ISO 9001: 2015, ISO 14001: 2015 और OHSAS 18001: 2015 जैसे प्रमाणन प्राप्त हुए हैं।

ईसीएल ने अपनी कॉर्पोरेट पर्यावरण नीति बनाई है और उसे लागू किया है, जो कोल इंडिया लिमिटेड की पर्यावरण नीति के अनुरूप है। ईसीएल की पर्यावरण नीति में कहा गया है कि "ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) 10R (रिड्यूस, रिसायकल, रियूज, रिडिजायन, रिपर्पस, रिफर्बिश, रिपेयर, रिकवर, रिडिप्लॉय एवं रिफ्यूज), प्रदूषण की रोकथाम/शमन, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, पारिस्थितिक तंत्र एवं जैव विविधता की पुनर्स्थापन, कचरे का उचित निपटान, जलवायु परिवर्तन की रोकथाम करना और मिशन सुदेश (SuDESHH - सतत विकास, पर्यावरण, सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता)" के कंपनी-व्यापी कार्यान्वयन के माध्यम से एक मिशन मोड में समावेशी विकास की अवधारणा को लागू करते हुए एकीकृत परियोजना योजना एवं डिजाइन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण द्वारा सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।"

इसीएल में "सतत विकास प्रकोष्ठ" का गठन किया गया है, जो कंपनी द्वारा समग्र रूप से किए गए विभिन्न पर्यावरणीय शमन उपायों की योजना बनाने, दिशानिर्देश तैयार करने, समय-समय पर निगरानी एवं मूल्यांकन करने के लिए नए विचारों को सृजित करने की दिशा में काम करता है। पर्यावरणीय शमन उपायों को सही एवं टिकाऊ तरीके से करने से आस-पास के क्षेत्रों में काम करने वाले तथा निवास करने वाले लोगों को एक बेहतर वातावरण मिलेगा और देश में कोयला क्षेत्र की समग्र छवि में भी सुधार होगा।

कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व:

हमारी सीएसआर गतिविधियां हमारे व्यापार का एक अभिन्न अंग है। हम ईसीएल के 25 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों, विशेष रूप से वंचित, भू-वंचित (लैंड-लूजर) और परियोजना प्रभावित लोगों (पीएपी) लोगों के लिए कल्याणकारी उपाय करने के साथ-साथ कई सामाजिक योजनाएं भी चलाते हैं। सीआईएल-सीएसआर नीति के प्रावधान के अनुसार, निधि का 80% ईसीएल मुख्यालय/क्षेत्र/परियोजना के 25 किमी के दायरे में उपयोग किया जाता है और शेष 20% राज्य/ राज्य के परिचालन क्षेत्र के अंदर खर्च किया जाता है। यह सुनिश्चित किया जाता है कि समाज के गरीब और जरूरतमंद वर्ग अपने विकास एवं संधारणीयता के लिए अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकें। वर्ष के दौरान शिक्षा के प्रचार-प्रसार, सार्वजनिक स्वास्थ्य और दिव्यांगजनों के कल्याण, कौशल विकास तथा महिला सशक्तिकरण इत्यादि से संबंधित सीएसआर गतिविधियाँ की गईं। वर्ष के दौरान ₹ 11.48 करोड़ सीएसआर गतिविधियों पर खर्च किया गया था।

कल्याण:

वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान कंपनी ने अपने कर्मचारियों और उनके बच्चों के लिए जीवन स्तर, चिकित्सा और स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं तथा शैक्षिक सुविधाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए ₹ 255.76 करोड़ का खर्च किया. ईसीएल ने 2019-20 से 'सीआईएल छात्रवृत्ति और वित्तीय सहायता के लिए ऑनलाइन पोर्टल' शुरू किया है, जो कोल इंडिया लिमिटेड में पहली बार है। वित्तीय वर्ष 2019-20 में कंपनी ने 435 छात्रों को 11,02,380.00 रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की है।

सुरक्षा:

हमने हमेशा सुरक्षा की दिशा में सर्वोच्च प्राथमिकता दी है, जिसे ईसीएल में मुख्य उत्पादन प्रक्रिया का हिस्सा माना जाता है। सुरक्षा मानकों में सुधार के लिए ईसीएल ने वर्ष के दौरान कई उपायों का सख्ती से पालन किया है। सभी कार्यस्थलों पर सुरक्षा वार्ता शुरू की गई है, जिसमें संबंधित जमीनी स्तर के कार्य करने वाले व्यक्तियों द्वारा भूमिगत कार्य स्थाल शामिल हैं। जनवरी-फरवरी, 2020 में कंपनी की सभी खदानों में सुरक्षा सप्ताह मनाया गया था जिसमें हाउस कीपिंग में सुधार की दिशा में विशेष ध्यान देते हुए हर खदान की सुरक्षा की स्थिति का मूल्यांकन किया गया।

खानों में सुरक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में सड़क मार्च का आयोजन किया गया है। सभी विशिष्ट स्थानों पर सुरक्षा के आग्रह और वृद्धि से संबंधित बैनर और पोस्टर प्रदर्शित किए गए हैं। कई सुरक्षा अभियान (12 विशिष्ट विषयों पर) वार्षिक कैलेंडर के अनुसार आयोजित किए गए। हाल ही में ईसीएल की खदानों में हुई दुर्घटना के आधार पर एनिमेटेड फिल्म तैयार करने में ईसीएल सभी अनुषंगी कंपनियों में पहले स्थान पर रहा है। यह वीटी केंद्रों पर जागरूकता और एक प्रशिक्षण उपकरण के रूप में नियमित प्रदर्शित की जाती हैं।

10650 हल्के एलईडी कैप लैंप खरीदे गए हैं और भूमिगत खदानों में प्रदान किए गए हैं। अन्य 15,000 खरीद की प्रक्रिया में हैं। इसके साथ ही कंपनी के सभी भारी लेड-एसिड बैटरी वाले कैप लैंप को एलईडी कैप लैंप से बदल दिया जाएगा। ईसीएल तकनीकी रूप से सुरक्षित एलईडी कैप लैंप द्वारा सभी पुराने कैप लैंप को बदलने वाली पहली कंपनी है। एलईडी कैप लैंप 60% हल्का है और अधिक रोशनी देता है इसलिए खनिकों की दक्षता और सुरक्षा में सुधार करता है

ऊर्जा संरक्षण:

वर्ष के दौरान ईसीएल ने अधिकांश भूमिगत खदानों में विद्युत कारकों में सुधार के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण पर ध्यान केंद्रित किया है। विभिन्न रेटिंग के कैपेसिटर बैंकों की खरीद की गई है और दोनों इकाइयों -कम पावर फैक्टर और मांग अनुबंध की मांग से अधिक में स्थापित किया गया है। ईसीएल का औसत पावर फैक्टर अब 0.95 है। इससे वास्तव में उन बिंदुओं की औसत ऊर्जा खपत घटी है और मांग में कमी हुई है।

औद्योगिक संबंध:

वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान औद्योगिक संबंध कंपनी में शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण रहा है। ईसीएल में 'प्रबंधन में श्रमिकों की भागीदारी' का अनुपालन कंपनी के विभिन्न स्तरों पर पूरी तरह से किया जाता है। कॉर्पोरेट, क्षेत्र और परियोजना/इकाई स्तर पर संयुक्त सलाहकार समितियां संचालित हैं। संयुक्त सलाहकार समिति (जेसीसी) की बैठकों में उत्पादन, उत्पादकता, आदि जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाती है। इसके अलावा, अन्य समिति/ बोर्ड, कंपनी सुरक्षा बोर्ड, क्षेत्रीय सुरक्षा समिति और कोलियरी सुरक्षा समिति, कल्याण बोर्ड आदि भी हमारी कंपनी में कार्य कर रहे हैं। उक्त समितियों में प्रमुख ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधि शामिल हैं, जिससे प्रबंधन एवं कर्मचारियों के बीच विश्वास और सद्भावना बढ़ती है और इसके अलावा कंपनी में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बहाल होती हैं।

कारपोरेट प्रशासन:

ईसीएल अपने संचालन के सभी क्षेत्रों में पारदर्शिता, स्पष्टता एवं जवाबदेही और निष्पक्षता के उच्चतम स्तर को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है और अपने सभी हितधारकों को सभी प्रकार की भौतिक जानकारी संतुलित और समय पर देने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ अपने सभी हितधारकों की अपेक्षाओं को पूरा करता है और उनके हितों का संरक्षण करता है। कंपनी में जोखिम को कम करने के लिए आंतरिक नियंत्रण की एक सक्षम प्रणाली मौजूद है और रणनीति के कार्यान्वयन में प्रबंधन को निरीक्षण और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए सच्चे मन एवं भावना के साथ मौजूदा कानूनों, अधिनियमों एवं नियमों का पालन किया जाता है। भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रम विभाग द्वारा जारी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) के लिए कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर दिये गए दिशानिर्देशों के तहत आवश्यक एक अलग अनुच्छेद बोर्ड की रिपोर्ट में जोड़ा गया है और सांविधिक लेखा परीक्षकों से एक अनुपालन प्रमाणपत्र प्राप्त किया गया है। वर्ष 2018-19 के लिए आपकी कंपनी को कॉर्पोरेट गवर्नेंस के क्षेत्र में डीपीई द्वारा उत्कृष्ट रेटिंग दी गई थी। स्व-मूल्यांकन के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए भी, आपकी कंपनी को कॉरपोरेट गवर्नेंस अनुपालन में उत्कृष्ट रेटिंग पर रहेगी।

कोविड-19 और महाचक्रवात-अम्फान से निपटना:

आपकी कंपनी हमेशा समाज से जुड़ी रही है और हाशिए के तबके की मदद के लिए ऐसा करती रहती है। महामारी "कोविड-19" के प्रसार से उत्पन्न इस कठिन समय में, आपकी कंपनी इस बीमारी के खिलाफ लड़ाई में सबसे आगे रही है और हितधारकों को सहायता प्रदान कर रही है। महामारी से उत्पन्न स्थिति से संयुक्त रूप से लड़ने के लिए जरूरतमंदों को भोजन और खाद्यान्न उपलब्ध कराने से लेकर स्थानीय प्रशासन को आर्थिक मदद मुहैया कराने तक कई उपाय किए गए हैं। समाज के सभी वर्गों की जरूरतों का ध्यान रखा गया। एक अच्छा कॉर्पोरेट नागरिक होने के नाते ईसीएल ने कोयला खनन बिरादरी के तीन 'सी (Cs)' यानी सहकर्मी, कोलियरी और समुदाय की सुरक्षा पर लगातार ध्यान केंद्रित किया है। सीएसआर गतिविधि के एक भाग के रूप में, आसनसोल रेलवे स्टेशन पर तीन श्रमिक स्पेशल रेलगाड़ियों के यात्रियों के बीच लगभग 4800 भोजन के पैकेट और पानी की बोतलें वितरित की गई हैं।

सुपर साइक्लोन "अम्फान " 20.05.2020 और 21.05.2020 को आया था जिसके परिणामस्वरूप आंधी और तेज गति वाली हवाओं के साथ भारी वर्षा हुई और लंबे समय तक बिजली गुल हो गई। एक जिम्मेदार कारपोरेट नागरिक के रूप में ईसीएल ने पश्चिम बंगाल सरकार के अनुरोध पर अपनी मदद का हाथ बढ़ाया ताकि सुपर साइक्लोन "अम्फान " के कारण उत्पन्न संकट की स्थिति से छुटकारा पाया जा सके।.

मैं कोल इंडिया लिमिटेड, कोयला मंत्रालय, अन्य केंद्रीय सरकार के मंत्रालयों और विभागों, राज्य सरकारों, रेलवे, बैंकरों, सभी कर्मचारियों, ट्रेड यूनियनों, उपभोक्ताओं, आपूर्तिकर्ताओं को उनके सतत समर्थन एवं अथक सहयोग के लिए हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।

(प्रेम सागर मिश्रा)
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
डीआइएन-07379202

सांकतोड़िया
दिनांक: 19 अगस्त, 2020

निदेशकों का परिचय

श्री प्रेम सागर मिश्रा (55) (डीआईएन-07379202), 20 अगस्त, 2018 से ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हैं।

उन्होंने वर्ष 1987 में धनबाद के इंडियन स्कूल ऑफ माइंस से अपनी बी. टेक (खनन) की डिग्री प्राप्त की और वर्ष 1990 में फर्स्ट क्लास सक्षमता प्रमाणपत्र प्राप्त किया। उन्होंने पश्चिम बंगाल नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ जुरिडिकल साइंसेज (एनयूजेएस) से बिजनेस लॉ में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा प्राप्त किया है। वर्तमान में वे इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया से कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंसी (सीएमए) कर रहे हैं। वे आईआईटी (आईएसएम) धनबाद से प्रबंधन अध्ययन में पीएच.डी भी कर रहे हैं। उनके शोध का विषय है - "इंपैक्ट असेसमेंट ऑफ कॉरपोरेट सोशल रेसपोंसिबिलिटी इनीसिएटिव्स – ए केस स्टडी ऑफ माइनिंग इंडस्ट्री इन इंडिया।"

उन्होंने वर्ष 1987 में एसईसीएल में नौकरी की शुरुआत की और सोलह वर्षों से अधिक समय तक एसईसीएल की कई खानों में विभिन्न प्रबंधकीय पदों पर कार्य किया। उन्होंने लगभग पांच वर्षों तक सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की विभिन्न खुली खदानों में उप मुख्य खनन अभियंता / परियोजना अधिकारी के रूप में भी काम किया। जून, 2008 में बीसीसीएल में स्थानांतरित होने पर, उन्होंने अन्य पदों के साथ-साथ महाप्रबंधक, ब्लॉक II क्षेत्र और महाप्रबंधक, बरोरा क्षेत्र के रूप में काम किया। उन्हें नवंबर, 2015 में उड़ीसा मिनरल्स डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के निदेशक (उत्पादन और योजना) के रूप में नियुक्त किया गया था।

श्री मिश्रा ने आईआईएम, कलकत्ता, सेंट गैलेन विश्वविद्यालय, स्विट्जरलैंड और 2014 में एसेस बिजनेस स्कूल पेरिस, फ्रांस में आयोजित एडवांस प्रबंधन कार्यक्रम में भाग लिया है। श्री मिश्रा विश्व खनन कांग्रेस 2011 में भाग लेने के लिए इस्तांबुल (तुर्की) गए कोल इंडिया लिमिटेड के प्रतिनिधिमंडल का भी हिस्सा थे। उन्होंने प्रशासनिक स्टाफ कॉलेज, हैदराबाद में प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा आईआईसीएम द्वारा एलबीएसएनएए, मसूरी में संचालित एडवांस प्रबंधन कार्यक्रमों में भी भाग लिया है । उन्होंने विभिन्न नेतृत्व विकास, निर्णय लेना, परियोजना प्रबंधन और अन्य प्रबंधकीय और तकनीकी विषयों से संबंधित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों और कार्यशालाओं भाग लिया है।

श्री मिश्रा राष्ट्रीय कार्मिक प्रबंधन संस्थान (एनआईपीएम), भारतीय सामग्री प्रबंधन संस्थान (आईआईएमएम), भारतीय खान प्रबंधक संघ (आईएमएमए), भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए), भारतीय खनन और इंजीनियरिंग फोरम के एक सक्रिय सदस्य तथा इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स के फेलो (एफआईई) भी हैं। वह 2010 से 2014 तक आईएसएम एलुमनी एसोसिएशन के महासचिव तथा 2011 से 2015 तक एमजीएमआई, धनबाद शाखा के महासचिव रहे हैं। उन्होंने विभिन्न स्तरों पर कई सम्मेलन और सेमिनारों का संचालन एवं आयोजन किया है।

श्री मिश्रा एक नेतृत्वकर्ता के रूप में उत्कृष्ट रहे हैं और उन्हें ओवर-ऑल परफॉर्मेंस, उत्पादन, सुरक्षा, लाभ, स्टॉक लिक्विडेशन, ओवरबर्डन निष्कासन तथा पारिस्थितिकी पुनरुद्धार के लिए कई पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बीसीसीएल के बरोरा क्षेत्र में कोल टूरिज्म की परिकल्पना की और उसका क्रियान्वयन भी किया। उन्हें विभिन्न शैक्षणिक और अन्य संस्थानों द्वारा व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया जाता रहा है।

श्री मिश्रा ने ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की कार्य प्रक्रिया में बदलाव लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके दूरदर्शी नेतृत्व के तहत, ईसीएल में विभिन्न मिशन शुरू किए गए हैं, जिनका उद्देश्य कंपनी की छवि को नया रूप देना है।

श्री मिश्रा ने वाद-विवाद, आशु-भाषण, भाषण कला, निबंध लेखन, एथलेटिक्स और अन्य पाठ्येतर गतिविधियों में कई पुरस्कार जीते हैं। उन्हें फरवरी 2019 में वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस द्वारा प्रतिष्ठित " सीईओ विद एचआर ओरिएंटेशन" पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्हें जनवरी, 2020 में इंडियन माइन मैनेजर्स एसोसिएशन (आईएमएमए) "एक्सीलेंस अवार्ड" से सम्मानित किया गया है। पिछले दिनों, मार्च 2020 में , "इकोनॉमिक ऑफ इकोनॉमिक स्टडीज" ने श्री मिश्रा को "लीडरशिप इनोवेशन एक्सीलेंस अवार्ड 2020 और उद्योग रतन अवार्ड" जैसे सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया है।

श्री अनिमेष भारती (54) (डीआईएन-07260983), आर्थिक सलाहकार, कोयला मंत्रालय, दिनांक 17.03.2020 से ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के बोर्ड में एक सरकारी नामित निदेशक है। वह 15.07.2015 से 17.03.2020 तक वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के बोर्ड में भी सरकारी नामित निदेशक थे। श्री भारती वर्ष 1993 में भारतीय आर्थिक सेवा में शामिल हुए। उन्होंने केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में वरिष्ठ प्रबंधकीय पदों पर काम किया है जैसे औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग, वाणिज्य मंत्रालय, गृह मंत्रालय, श्रम मंत्रालय, लघु और मध्यम उद्योग, आवास और गरीबी उन्मूलन मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय भवन संगठन आदि।

श्री संजीव सोनी (59) (डीआईएन-08173548), निदेशक (वित्त), ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड का जन्म 18 जून 1961 को हुआ था। श्री सोनी 10.07.2019 को कोल इंडिया लिमिटेड के निदेशक (वित्त) के रूप में शामिल हुए। श्री सोनी ने सेंट जेवियर्स कॉलेज, कोलकाता से स्नातक किया और वे इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया तथा इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट ऑफ इंडिया के सदस्य हैं। श्री सोनी के पास 32 से अधिक वर्षों का विस्तृत अनुभव है और उन्होंने विभिन्न पदों पर रहते हुए कोयला उद्योग की सेवा की है।

श्री सोनी 27.05.1986 को सीएमपीडीआईएल में कार्यभार ग्रहण किया। ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक (वित्त) के रूप में पदभार ग्रहण करने से पहले, उन्होंने डब्ल्यूसीएल मुख्यालय, नागपुर में महाप्रबंधक (वित्त), आईएडी के रूप में काम किया है। अपने पेशेवर कैरियर के दौरान श्री सोनी ने सीएमपीडीआई में विभिन्न पदों पर काम किया। वह यूएनडीपी / जीईएफ / जीओआई- कोल बेड मीथेन रिकवरी एंड यूटिलाइज़ेशन परियोजना के लिए सीएमपीडीआई /बीसीसीएल / जीओआई/ यूएनडीपी द्वारा संयुक्त रूप से कार्यान्वित किए गए वित्त समारोह के प्रभारी थे। डब्ल्यूसीएल में आंतरिक लेखा परीक्षा विभाग के प्रमुख रहते हुए श्री सोनी ने सुदृढ़ आंतरिक नियंत्रण स्थापित करने की दिशा में कई पहलें कीं।

उन्होंने साबीएम परियोजना कार्यान्वयन के लिए वर्ष 2004 में वियना, ऑस्ट्रिया तथा पीडीएसी 2019 के लिए कोल इंडिया प्रतिनिधि मंडल के सदस्य के रुप में टोरंटो, कनाडा का दौरा किया है।

श्री प्रवीण कांत (66) (डीआईएन-00282716), ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक हैं। वे 1976 से मैसर्स पी. के. माहेश्वरी एंड कंपनी, नई दिल्ली में पार्टनर के रूप में एक सक्रिय लेखा परीक्षक हैं। उनके पास निजी कंपनियों के साथ-साथ एनटीपीसी, सेल, नेशनल हाउसिंग बैंक, बैंकों और बीमा कंपनियों जैसे सरकारी संगठनों के लेखा परीक्षण में 44 वर्षों से अधिक का अनुभव है।

वह एक वित्तीय सलाहकार के रूप में स्थापना से लेकर अंतिम रूप देने तक कई परियोजनाओं से जुड़े रहे हैं। उन्हें आंतरिक लेखा परीक्षा, कराधान और कंपनी मामलों के क्षेत्र में भी अनुभव है। वह वर्तमान में विभिन्न निजी कंपनियों में निदेशक हैं। उन्हें 13.12.2018 से ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

श्री अनिल गनेरीवाला (62) (DIN-06372875), का जन्म सिरसा, हरियाणा में वर्ष 1957 में हुआ था। अपनी बीएससी की डिग्री पूरी करने के बाद, उन्होंने वनस्पति विज्ञान और वानिकी में परास्नातक किया और बाद में उन्होंने लोक प्रशासन में एम. फिल भी किया। वह वर्ष 1986 में भारतीय वन सेवा (IFS) में शामिल हुए और 31 वर्षों की प्रतिष्ठित सेवा के बाद वर्ष 2017 में सिक्किम सरकार के संस्कृति विभाग के प्रधान सचिव के पद से सेवानिवृत्त हुए।

उन्होंने ग्रामीण विकास, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन और आयुष जैसे भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के तहत उप सलाहकार, उप सचिव, निदेशक और संयुक्त सचिव के रूप में भी कार्य किया है। उनके पास प्रशासन और सतर्कता मामलों में व्यापक अनुभव है।

उन्होंने 2006 से 2008 तक नई दिल्ली में रेजिडेंट कमिश्नर, सिक्किम सरकार के रूप में काम किया है।

उन्होंने 2008-2012 के दौरान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, सिक्किम सरकार के रूप में भी कार्य किया। इस अवधि के दौरान उन्होंने सड़क, आवास, जल आपूर्ति, स्वच्छता और गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों और योजनाओं जैसे विभिन्न बड़े पैमाने की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का पर्यवेक्षण और निगरानी की।

वर्ष 2012 में उन्हें भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के संयुक्त सचिव के रूप में नियुक्त किया गया था और उन्होंने 2017 तक मंत्रालय में अपनी सेवाएं दी। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने भारत और विदेश दोनों जगह भारतीय दवाओं की पारंपरिक प्रणालियों की वृद्धि और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवधि के दौरान, उन्होंने भारतीय चिकित्सा औषधि निगम लिमिटेड (आईएमपीसीएल) के बोर्ड में भी कार्य किया। वर्तमान में वह 10.07.2019 से ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक के रूप में सेवाएं दे रहे हैं।

श्री जयप्रकाश गुप्ता (58) (डीआईएन-08174002), ने 18.06.2018 को ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक (तकनीकी) परियोजना और योजना का कार्यभार संभाला।

श्री गुप्ता बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (BHU / IIT) से 1983 में खनन इंजीनियरिंग में बी. टेक स्नातक किया और उन्होंने साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में जूनियर एक्जीक्यूटिव ट्रेनी के रूप अपने कैरियर की शुरुआत की। उन्होंने एसईसीएल में लगभग 23 वर्षों तक विभिन्न पदों पर कार्य किया और फिर वर्ष 2006 में मुख्य प्रबंधक (खनन) के रूप में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड में स्थानांतरित हो गए। उन्होंने 12 वर्षों तक बीसीसीएल में परियोजना अधिकारी और विभिन्न क्षेत्रों में महाप्रबंधक के रूप में कार्य किया।

उन्हें वर्ष 1998 में काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च की ओर से थिक सीम वर्किंग में केबल बोल्ट सपोर्ट सिस्टम विकसित करने के लिए इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी अवार्ड से सम्मानित किया गया था। इस विकास के लिए उन्हें एसईसीएल में सम्मानित भी किया गया था। परियोजना पदाधिकारी के रूप में कार्यरत रहते हुए उन्होंने चिरमिरी, एसईसीएल की एनसीपीएच कोलियरी की आर. वी. वर्जिन सीम में निर्धारित समय में सभी प्रमुख विकास गतिविधियों को पूरा करके कंटीन्यूअस माइनर लगाया, जिससे खदान की क्षमता में भूमिगत खनन से 01 एमटी से अधिक तक की वृद्धि हुई। श्री गुप्ता के नेतृत्व में सिजुआ क्षेत्र, बीसीसीएल की परियोजना तेतुलमारी में पारिस्थितिक बहाली पर पहली पायलट परियोजना, देहरादून के वन अनुसंधान संस्थान के तकनीकी मार्गदर्शन में आरंभ की गयी। इस परियोजना को 2014 में सीआईएल स्थापना दिवस के अवसर पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। श्री गुप्ता की

सीएसआर गतिविधियों में गहरी रुचि है। उनके नेतृत्व में और झारखंड सरकार की तकनीकी मदद से गरेडिया, महुलीडीह गाँव की 50 से अधिक महिलाओं ने हथकरघा बुनाई और कपड़ा निर्माण का प्रशिक्षण प्राप्त किया है जो झारखंड सरकार की एक फर्म झारक्राफ्ट द्वारा कुछ पारिश्रमिक देकर लिया जाता है।

उनके सक्षम मार्गदर्शन में, 21.05.2019 को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा हुरा सी ओसीपी और चित्रा ईस्ट ओसीपी की चरण- II की वन मंजूरी प्रदान की गयी। साथ ही, 22.03.2020 को राजमहल, ईसीएल का विस्तार 17 मिलियन टन वार्षिक से 23.80 मिलियन टन वार्षिक तक हो गया। ये परियोजनाएं ईसीएल के उत्पादन को बढ़ाने के लिए भविष्य में योगदान देंगी।

उनके प्रगतिशील नेतृत्व में सोनपुर बाजारी ओसी और झांझरा यूजी जैसी परियोजनाओं में वर्ष 2019-20 के दौरान क्रमशः 10.70% और 3.70% की वृद्धि के साथ सबसे अधिक उत्पादन हुआ, जिसने सकारात्मक वृद्धि के साथ कंपनी के 50.401 मिलियन टन के उत्पादन को प्राप्त करने में मुख्य योगदान दिया।

उन्होंने एडवांस मैनेजमेंट प्रोग्राम के लिए वर्ष 2011 में चीन का दौरा किया भी किया है। उनके पास भूमिगत खदान मशीनीकरण और ओपनकास्ट खनन दोनों में व्यापक अनुभव है।

श्री विनय रंजन (49) (डीआईएन-03636743), अगस्त 2018 में ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक (कार्मिक) के रूप में शामिल हुए। ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में पदभार ग्रहण करने से पहले, श्री विनय रंजन मुंबई स्थित दैनिक भास्कर समूह की एक कंपनी डीबी पावर लिमिटेड के कॉर्पोरेट उपाध्यक्ष और मानव संसाधन प्रमुख का पदभार संभाल रहे थे।

श्री विनय रंजन को सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में काम करने का व्यापक अनुभव है। नवरत्न पीएसयू विदेश संचार निगम लिमिटेड में शुरुआती वर्षों के बाद, उन्होंने वीएसएनएल के टाटा ग्रुप कंपनी में विनिवेश प्रक्रिया के परिणामस्वरूप संक्रमण देखा। उनके पास कॉर्पोरेट भूमिकाओं में रिलायंस और जेएसडब्ल्यू समूह के बड़े कॉरपोरेट घरानों में भी अच्छा कार्यानुभव है।

श्री रंजन के पास प्रतिभा अधिग्रहण, प्रतिभा प्रबंधन, प्रदर्शन प्रबंधन, नियोक्ता ब्रांडिंग, मुआवजा प्रबंधन, उद्यम संसाधन योजना, परिवर्तन प्रबंधन, कर्मचारियों को काम पर लगाए रखने, औद्योगिक संबंध और प्रशिक्षण एवं विकास में करीब 25 साल का व्यापक कार्य अनुभव है। उन्होंने विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में विदेशी संस्थाओं के लिए एचआर सपोर्ट को सफलतापूर्वक बढ़ाया है। उन्होंने दो पूर्ण जीवन चक्र के सैप एचआर (SAP HR) कार्यान्वयन के लिए टीम का नेतृत्व किया, पहला टाटा कम्युनिकेशन, पूर्ववर्ती वीएसएनएल में कार्यान्वयन साझेदार टीसीएस के साथ और उसके बाद टाटा टेली सर्विसेज लिमिटेड में एक और चक्र के लिए उनकी विशेषज्ञता के कारण प्रतिनियुक्ति की गई।

वह एक ऐसे प्रभावशाली नेतृत्वकर्ता हैं जिसके पास विकास करने की क्षमता है और उन्होंने कुशल और अत्यधिक उत्पादक कार्यबल का नेतृत्व किया है। उन्हें अपने उत्कृष्ट हितधारक प्रबंधन कौशल और उच्च गुणवत्ता के साथ सेवा वितरण तथा निष्पादन के उच्च स्तर के साथ सहानुभूति के लिए जाना जाता है।

श्री रंजन प्रतिष्ठित इनसीड (INSEAD) बिजनेस स्कूल के पूर्व छात्र हैं और उन्होंने फ्रांस के फॉनटेनब्लयू से सामान्य प्रबंधन कार्यक्रम उत्तीर्ण किया है। वह भौतिकी में ऑनर्स स्नातक हैं और कार्मिक प्रबंधन और औद्योगिक संबंध में पूर्णकालिक पीजी डिप्लोमा धारक हैं।

श्री रंजन को विभिन्न मानव संसाधन मंचों तथा भारत भर के अधिकांश अग्रणी बी स्कूल कैम्पस में बोलने का गौरव प्राप्त है। वह वर्तमान में एनआईपीएम, आसनसोल चैप्टर के अध्यक्ष और नेशनल एचआरडी नेटवर्क, मुंबई चैप्टर के आजीवन सदस्य हैं। श्री रंजन को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए विभिन्न मंचों पर पहचान मिली है, जैसे कि डीबी पावर में उनके कार्यकाल के लिए एशिया का सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता ब्रांडिंग अवार्ड, सीएचआरओ ऑफ़ द इयर और प्राइड ऑफ़ एचआर प्रोफेशनल्स (पीएसयू)।

निदेशक (कार्मिक) के रूप में, ईसीएल में लंबे समय से लंबित कानूनी मामलों को संभालने के लिए उनका योगदान उल्लेखनीय है और उनके नेतृत्व में कंपनी ने अदालती मामलों की संख्या में काफी महत्वपूर्ण कमी दर्ज की है। वह विधायी निकायों द्वारा जारी सांविधिक मानदंडों / दिशानिर्देशों का उचित कार्यान्वयन सुनिश्चित करते हैं। कर्मचारियों और समाज के कल्याण की ओर उनका ध्यान काफी सराहनीय है। उन्होंने सीएसआर गतिविधियों के उच्च प्रभाव को लागू करने पर जोर दिया और प्रत्येक हितधारक तक पहुंचने का प्रयास किया है।

श्री बी वीरा रेड्डी (55) (डीआईएन-08679590), दिनांक 01.01.2020 से ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक (तकनीकी) संचालन के पद पर हैं। उन्होंने कोथागुडेम स्कूल ऑफ माइंस (केएसएम), उस्मानिया विश्वविद्यालय (ओयू) से विशिष्टता के साथ वर्ष 1986 में बी. टेक (खनन) तथा और 2000 में एम. टेक (खनन) की डिग्री प्राप्त की है। उन्होंने वर्ष 1990 में प्रथम श्रेणी का सक्षमता प्रमाण-पत्र प्राप्त किया। वह आईआईटी (आइएसएम), धनबाद से "इंपैक्ट ऑफ जियोटेक्लीकल फैक्टर्स अफैक्टिंग दि स्ट्राटा बिहेवियर ऑफ लांगवाल पैनल्स ऑफ गोदावरी वैली कोलफील्ड्स - ए केस स्टडी" विषय पर पीएचडी भी कर रहे हैं।

उन्होंने वर्ष 1987 में सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) से जुड़कर प्रतिष्ठित यांत्रीकृत भूमिगत और खुली खदानों में विभिन्न पदों पर काम किया और एससीसीएल की परियोजना योजना को शामिल किया। उनके पास कोयला खनन, योजना, खरीद, संचालन और ग्रीनफील्ड परियोजनाओं के ग्राउंडिंग में लगभग 32 वर्षों का अनुभव है। वह परियोजना अधिकारी थे जो बाद में प्रतिष्ठित एडरियाला लोंगवॉल परियोजना (स्वचालित उच्च क्षमता वाली लोंगवॉल), एससीसीएल के महाप्रबंधक बने और ईसीएल के निदेशक (तकनीकी) का पदभार संभालने से पहले यहीं

महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थे। इस परियोजना में 2014 में भारत में पहली बार कई प्रौद्योगिकियों की सफलतापूर्वक शुरूआत की गयी और वर्ष 2019-20 में लगभग 2.06 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया गया है।

श्री रेड्डी को वर्ष 2001 में सर्वश्रेष्ठ अधिकारी का पुरस्कार और एससीसीएल में वर्ष 2007 का सर्वश्रेष्ठ सिंगारेरियन पुरस्कार (सर्वोच्च क्रम) मिला। उन्होंने यूके और फ्रांस (1994), ऑस्ट्रेलिया (2005 और 2016), चीन (2009), पोलैंड (2010), चेक गणराज्य (2010), ऑस्ट्रिया (2010), स्पेन (2010), जर्मनी (2010, 2012 और 2013) और कनाडा पीडीएसी (2020) जैसे विभिन्न देशों में अत्यधिक उत्पादक खादानों के प्रबंधन से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होंने आईआईएम-अहमदाबाद और अन्य प्रबंधन संस्थानों में आंतरिक प्रशिक्षण में भी भाग लिया है।

उन्होंने लगभग 30 तकनीकी पत्र भी लिखे हैं जिन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों/ पत्रिकाओं/ सेमिनारों/ कार्यशालाओं (ऑस्ट्रेलिया-2005, यूएसए-2017, चीन-2018) में प्रकाशित/प्रस्तुत किया गया। श्री रेड्डी माइनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमईएआई), इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (आईई) और इंडियन सोसायटी फॉर रॉक मैकेनिक्स एंड टनलिंग (आईएसआरएमटी) जैसे विभिन्न पेशेवर निकायों के सदस्य भी हैं।

श्री गौतमचंद्र डे (58) (डीआईएन-08725907), ने 3 फरवरी 2020 को ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक (वित्त) का कार्यभार संभाला है। इससे पहले उन्होंने 02.03.2019 से भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के महाप्रबंधक (वित्त) के रूप में काम किया। वह कलकत्ता विश्वविद्यालय से वाणिज्य स्नातक हैं और इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के सदस्य भी हैं। श्री गौतम चंद्र डे के पास 31 वर्षों से अधिक का व्यापक अनुभव है और उन्होंने विभिन्न पदों पर कोयला उद्योग की सेवा की है।

श्री डे जनवरी 1989 में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड में शामिल हुए। अपने पेशेवर करियर के दौरान, श्री डे ने सिस्टम विभाग के साथ मिलकर काम किया और रेल एवं सड़क बिक्री, ठेका परिवहन, कर्मचारियों की आयकर गणना आदि से संबंधित विभिन्न वित्तीय आउटपुट सृजन में प्रणाली के माध्यम से समय और लागत बचाने के लिए परेशानी मुक्त प्रभावी नियंत्रण उपायों की शुरुआत की। नवंबर 2010 में आईपीओ/लिस्टिंग के समय कोल इंडिया लिमिटेड के रेड हियरिंग प्रॉस्पेक्टस में वित्तीय विवरण में शामिल करने के लिए बीसीसीएल के पांच वर्षों के खातों को पुनः दर्ज करने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। श्री डी ने झारखंड और बिहार में चार नए कोयला ब्लॉक वाले क्षेत्र विक्रमशिला के वित्त-प्रभारी का भी कार्य किया है। वह कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सीएमपीडीआईएल के साथ गहन समन्वय में जारी किए गए खदान संबंधी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में खदान बंद करने की योजना की वित्तीय जांच में भी शामिल रहे हैं और उन्होने बीसीसीएल में एमसीपी के कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

श्री उत्पल कांति बल (57), 1988 बैच के एक आईआरटीएस अधिकारी हैं। वह आईआईटी खड़गपुर से इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार इंजीनियरिंग में बी. टेक हैं। रेलवे में शामिल होने से पहले, उन्होंने ओएनजीसी में भी काम किया है।

रेलवे में, उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है और रेलवे परिचालन में व्यापक अनुभव हासिल किया है। उन्होंने मुख्य माल परिवहन प्रबंधक / नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर रेलवे / मालीगांव, मुख्य परिवहन योजना प्रबंधक /पू. रे., अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक / सियालदह / पू. रे., वरिष्ठ उप महाप्रबंधक / पू. रे. के रूप में काम किया है। प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक (PCOM) / पू. रे. के रूप में पदभार ग्रहण करने से पहले उन्हें प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक / द. पू. म. रे / बिलासपुर के रूप में तैनात किया गया था, जो भारतीय रेलवे का उच्चतम माल लदान क्षेत्र है। उन्होंने सिंगापुर और मलेशिया में प्रबंधन से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

निदेशकों की रिपोर्ट

सेवा में
सदस्य
ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
देवियों और सज्जनों,

मैं निदेशक मंडल की ओर से, अत्यन्त प्रसन्नता के साथ आपकी कंपनी के कारोबार पर 45वीं वार्षिक रिपोर्ट 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए अंकेक्षित लेखाबही, वैधानिक लेखा परीक्षकों व सचिवीय लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और उन पर प्रबंधन के जवाब के साथ ही साथ अंकेक्षित लेखा पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियों के साथ प्रस्तुत करता है।

विशेष उपलब्धियाँ :

क. 50.401 मि. ट. की उपलब्धि के साथ कंपनी की स्थापना के बाद से एक वर्ष में सबसे अधिक कोयला उत्पादन।

ख. एक दिन में सबसे अधिक उत्पादन का रिकॉर्ड 2.54 लाख टन था, जिसे 31 मार्च 2019 को प्राप्त किया गया था। 31 मार्च 2020 को 2.63 लाख टन के उत्पादन के साथ ईसीएल ने पहले के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जो कंपनी की स्थापना के बाद से एक दिन में सबसे अधिक उत्पादन है।

ग. 140.455 मि. घन मीटर की उपलब्धि के साथ कंपनी की स्थापना के बाद से एक साल में सबसे अधिक मलवा (ओबी) निष्कासन।

घ. 14.54 मि. घन मीटर की उपलब्धि के साथ दिसंबर 2019 में कंपनी की स्थापना के बाद से एक महीने में सबसे अधिक मलवा (ओबी) निष्कासन।

ङ. पिछले 8 वर्षों से भूमिगत खदानों से कोयला उत्पादन में निरंतर सकारात्मक वृद्धि हासिल करना।

च. स्थापना के बाद पहली बार राजमहल खुली खदान परियोजना से 17 मि.टन वार्षिक के लक्ष्य से अधिक 17.38 मि.टन उत्पादन की उपलब्धि हांसिल की।

छ. स्थापना के बाद पहली बार सोनेपुर बाजारी खुली खदान परियोजना से 11.1 मि.टन के उत्पादन के साथ लक्ष्य से अधिक उत्पादन हुआ।

ज. झांझरा भूमिगत खदान ने पहली बार 3.5 मि.टन का उत्पादन लक्ष्य हासिल किया और इसके साथ ही भारत की सबसे अधिक उत्पादन वाली यंत्रीकृत भूमिगत कोयला खदान बनी रही।

झ. ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने सार्वजनिक उपक्रम विभाग, भारत सरकार द्वारा 25 अगस्त 2019 को यथा-प्रकाशित 2018-19 के लिए कॉर्पोरेट प्रशासन में "उत्कृष्ट" ग्रेडिंग प्राप्त की है।

1.0 उत्पादन:

1.1 गत वर्ष की तुलना के साथ ही लक्ष्य के मुकाबले वर्ष 2019-20 के दौरान कंपनी का उत्पादन निष्पादन निम्नलिखित है:

विवरण	इकाई	2019-20			2018-19	पिछले साल से अधिक विकास	
		लक्ष्य	वास्तविक	प्राप्ति (%)	वास्तविक	शुद्ध	%
1. उत्पादन :							
i) कच्चा कोयला -भूमिगत		9.250	9.206	99.52	9.061	0.145	1.60
-खुली खदान		44.250	41.195	93.10	41.099	0.096	0.23
कुल		53.500	50.401	94.21	50.160	0.241	0.48
ii) कोकिंग कोल	मि. टन						
- मिश्रित		0.000	0.000	-	0.000	0.000	-
- अन्य		0.026	0.026	100.00	0.029	-0.003	-10.34
iii) गैर-कोकिंग		53.474	50.376	94.21	50.131	0.245	0.49
2. मलवा (ओबी) निकासी	घन मी.	155.00	140.455	90.62	126.056	14.399	11.42
3. उत्पादकता (ओएमएस)							
- भूमिगत		0.814	0.824	101.23	0.781	0.043	5.51
- खुली खदान	टन	19.428	17.358	89.35	17.019	0.339	2.00
- समग्र		3.924	3.722	94.85	3.580	0.142	3.97

1.2 कोयला उत्पादन में आयी बाधाएँ:

क्र. सं.	उत्पादन में कमी का कारण	मात्रा (मि. टन)
1	भूमि अधिग्रहण	2.020
2	वर्षा के कारण जल जमाव	0.923
3	औद्योगिक संबंध की समस्या	0.080
4	मशीन ख़राब होना	0.040
5	अन्य	0.030
	कुल	**3.093**

1.3 पद्धति (सिस्टम) क्षमता का उपयोग:

(आंकड़े प्रतिशत में)

विवरण	2019-20			2018-19
	लक्ष्य	वास्तविक	प्राप्ति (%)	वास्तविक
क) भूमिगत	92.463	92.013	99.51	91.764
ख) खुली खदान (विभागीय) उत्खनन	75.058	64.568	86.02	69.272
ग) खुली खदान (भाड़े का) उत्खनन	103.114	93.658	90.83	91.531
घ) खुली खदान (विभागीय +भाड़े का) उत्खनन	96.444	86.760	89.96	85.845
ङ) कुल भूमिगत + खुली खदान (विभागीय)	77.217	67.973	88.03	72.106
च) समग्र (भूमिगत + खुली खदान) (भाड़े+ विभागीय)	96.315	87.891	91.25	86.151

1.4 वर्ष 2019-20 के लिए एमओयू लक्ष्य प्राप्ति की स्थिति:

क्र. सं.	प्रदर्शन मापदंड	मापन इकाई	वर्ष के लिए लक्ष्य	प्राप्ति
1.	पिछले वर्ष की तुलना में भूमिगत खदानों (विभागीय) की उपकरण क्षमता उपयोगिता में % सुधार।	%	0.60	0.271%
2.	पिछले वर्ष की तुलना में खुली खदानों (विभागीय) की उपकरण क्षमता उपयोगिता में % सुधार।	%	19.00	-5.63%

2.0 वित्तीय परिणाम:

2.1 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए सकल बिक्री कारोबार गत वर्ष के ₹ 18385.03 करोड़ की तुलना में ₹ 18192.36 करोड़ रहा, परिणामतः पिछले वर्ष की तुलना में 1.05% की कमी दर्ज हुई। वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, कंपनी ने पिछले वर्ष की कर-पूर्व कुल व्यापक आय ₹ 1237.00 और कर-पश्चात कुल व्यापक आय ₹ 706.38 करोड़ की तुलना में कर-पूर्व कुल व्यापक लाभ ₹1283.15 करोड़ तथा कर-पश्चात ₹ 834.37 करोड़ का कुल व्यापक लाभ कमाया था। विवरण इस प्रकार है:-

(₹ करोड़ में)

विवरण	2019-20	2018-19
लाभ (+) / हानि (-) सभी खर्चों को प्रभारित करने के बाद, लेकिन पीआरपी/अधिकारी अधिवर्षता लाभ ब्याज, मूल्यह्रास, हानि, ओबीआर, पूर्वावधि समायोजन से पूर्व	2643.43	2706.65
घटाएं: पीआरपी / अधिकारी अधिवर्षता लाभ का प्रभाव	125.91	120.91
घटाएं: बीमांकिक प्रावधान	334.89	234.42
घटाएं: वित्तीय लागत	178.21	163.10
घटाएं: मूल्यह्रास / हानि	434.35	494.98
घटाएं: ओबीआर समायोजन	286.92	456.24
ब्याज, मूल्यह्रास, हानि और ओबीआर समायोजन के बाद वर्ष के लिए कुल व्यापक आय		
नकद लाभ	1283.15	1237.00
कर के बाद कुल व्यापक आय	2572.42	2712.13
	834.17	706.38

2.2 पूंजीगत व्यय:

वर्ष 2019-20 के दौरान कुल पूँजीगत व्यय (विनिमय उतार चढ़ाव छोड़कर) गत वर्ष 2018-19 के ₹ 829.96 करोड़ की तुलना में ₹ 894.68 करोड़ रहा।

2.3 पूँजीगत संरचना:

(₹ करोड़ में)

विवरण	2019–20	2018–19
क. शेयर पूंजी		
i) अधिकृत शेयर पूंजी (प्रत्येक ₹ 1000 के 2,50,00,000 इक्विटी शेयर औरप्रत्येक ₹ 1000 के 2,10,00,000 वरीयता शेयर)।	4600.00	4600.00
ii) प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (प्रत्येक ₹ 1000 के 2,21,84,500 शेयर)	2218.45	2218.45
iii) अन्य इक्विटी (प्रदत्त 6% गैर-परिवर्तनीय, संचयी, प्रतिदेय वरीयता शेयर, पूर्ण प्रदत्त (प्रत्येक ₹ 1000 के 20509700 शेयर)	855.61	855.61
ख. ऋण निधियां:		
i. निर्यात विकास निगम, कनाडा	171.98	165.55
ii. कम्पाउंड वित्तीय प्रपत्र (वरीयता शेयर) का देयता घटक	1794.99	1662.03

2.4 विदेशी ऋण की चुकौती:

(₹ करोड़ में)

विवरण	2019–20	2018–19
सीआईएल के माध्यम से विदेशी ऋण की चुकौती।	6.61	6.58

2.5 भुगतान / रॉयल्टी, उपकर, वर्ष के दौरान उत्पाद शुल्क और बिक्री कर का समायोजन:

(₹ करोड़ में)

विवरण	2019-20				2018-19			
	पश्चिम बंगाल	झारखंड	केंद्रीय	कुल	पश्चिम बंगाल	झारखंड	केंद्रीय	कुल
i) प. बं. के संबंध में जीएसटी								
क. आईजीएसटी	-	-	161.66	161.66	-	-	166.77	166.77
ख. सीजीएसटी	-	-	26.48	26.48	-	-	32.43	32.43
ग. एसजीएसटी	23.06	-	-	23.06	32.43	-	-	32.43
घ. क्षतिपूर्ति उपकर	-	-	1157.69	1157.69	-	-	1160.54	1160.54
ii) झारखंड के संबंध में								
क. आईजीएसटी	-	-	0.03	0.03	-	-	0.17	0.17
ख. सीजीएसटी	-	-	72.37	72.37	-	-	53.21	53.21
ग. एसजीएसटी	72.37	-	-	72.37	-	53.21	-	53.21
घ. क्षतिपूर्ति उपकर	-	-	835.68	835.68	-	-	813.69	813.69
iii) कोयले पर रॉयल्टी	23.03	644.81	-	667.84	17.67	525.04	-	542.71
iv) आरई और पीई उपकर	1767.72	-	-	1767.72	1587.50	-	-	1587.50
v) एएमबीएच सेस	2.23	-	-	2.23	2.34	-	-	2.34
vi) पी डब्ल्यू और सड़क सेस	-	-	-	-	2.34	-	-	2.34
vii) बिक्री कर (वैट / सीएसटी)	0.29	4.83	-	5.12	-	0.32	-	0.32
viii) स्टोइंग एक्साइज ड्यूटी	-	-	-	-	-	-	-	-
ix) स्वच्छ ऊर्जा उपकर	-	-	-	-	-	-	-	-
x) कोयला पर उत्पाद शुल्क	-	-	10.41	10.41	-	-	0.03	0.03
xi) प्रवेश कर	-	-	-	-	-	-	-	-
xii) प्रबंधन शुल्क	-	1.57	-	1.57	-	2.16	-	2.16
xiii) बाजार शुल्क	-	36.67	-	36.67	-	-	-	-
कुल	**1888.70**	**687.88**	**2264.32**	**4840.90**	**1642.28**	**580.73**	**2226.84**	**4449.85**

2.6 निदेशकों का दायित्व संबंधी अभिकथन

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 की उपधारा (5) के तहत कंपनी के निदेशक मंडल यह पुष्टि करते हैं कि :-

क. 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक खातों को तैयार करते समय, तथ्यात्मक विसंगतियों से संबंधित समुचित स्पष्टीकरण सहित सभी लागू भारतीय लेखा मानकों का पूर्णतः अनुपालन किया गया है;

ख. निदेशकों ने इस तरह की लेखांकन नीतियों का चयन किया तथा उन्हें लगातार लागू किया और निर्णय लिए एवं अनुमान लगाए जो उचित और विवेकपूर्ण हों ताकि वित्तीय वर्ष के अंत में कंपनी के कार्यकलापों की स्थिति तथा उस अवधि के लिए लाभ/ हानि के बारे में सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण दिया जा सके।

ग. निदेशकों ने कंपनी की संपत्ति की सुरक्षा के लिए तथा धोखाधड़ी एवं अन्य अनियमितताओं को रोकने और पता लगाने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधान के अनुसार समुचित लेखांकन अभिलेखों के रखरखाव के लिए उचित और पर्याप्त सावधानी रखी है;

घ. निदेशकों ने वार्षिक खातों को एक लाभकारी कारोबार वाली संस्था के आधार पर तैयार किया है;

ङ. निदेशकों ने कंपनी द्वारा पालन किए जा रहे आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का उल्लेख किया तथा ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त थे और प्रभावी ढंग से काम कर रहे थे ; तथा

च. निदेशकों ने सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणालियों को तैयार किया और इस तरह की प्रणालियां प्रभावी रूप से संचालन के लिए पर्याप्त थीं।

3.0 योजना:

3.1 संचालन के कमान-क्षेत्र:

ईसीएल में कुल 14 संचालित क्षेत्रों में 78 कार्यरत खदानें है जिसमें 49 भूमिगत खदानें, 20 खुली खदानें तथा 9 मिश्रित खदानें हैं।

3.2 अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएं:

कोल इंडिया लिमिटेड के अनुसंधान एवं विकास अनुदान के तहत वित्तपोषित चल रहे अनुसंधान एवं विकास अनुदान परियोजना के कार्यान्वयन का विस्तृत विवरण **अनुलग्नक- I** में दिया गया है।

3.3 एस एण्ड टी परियोजनाएँ:

कोयला मंत्रालय के एस एण्ड टी अनुदान के अंतर्गत वित्तपोषित चालू एस एण्ड टी अनुसंधान परियोजनाओं के कार्यान्वयन का विस्तृत विवरण **अनुलग्नक- II** में दिया गया है।

3.4 भूमिगत खदानों का आधुनिकीकरण:

भूमिगत खदानों में आधुनिकीकरण तथा यांत्रिकीकरण के स्तर को ऊपर उठाने के क्रम में, 2019-20 तक ईसीएल के 57 खदानों में एलएचडी/ एसडीएल के साथ मध्यवर्ती तकनीक को आरम्भ किया गया। 31.03.2020 को ईसीएल की विभिन्न भूमिगत खदानों में 244 एसडीएल, 40 एलएचडी एवं 134 यूडीएम (प्रारंभिक सर्वे-ऑफ उपकरणों सहित) कार्य कर रहे थे। 2019-20 के दौरान, एसडीएल से 4.17 मिलियन टन, एलएचडी से 1.02 मिलियन टन तथा 02 रोड हेडर (लाँगवाल पैकेज का हिस्सा) से 0.11 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया गया।

झांझरा, सरपी तथा कुमारडीह-बी भूमिगत परियोजना में शटल कार (6 सीट) सहित कन्टीन्यूअस माइनर की स्थापना के साथ "बृहत उत्पादन तकनीक" लागू की गई है और यह सफलता पूर्वक चल रही है। वर्ष 2019-20 में 3 मानक ऊँचाई के कन्टीन्यूअस माइनरों तथा 3 कम ऊँचाई वाले कन्टीन्यूअस माइनरों से 2.43 मिलियन टन उत्पादन किया गया। झांझरा में अगस्त 2016 से लाँगवाल प्रौद्योगिकी सफलता पूर्वक कार्यशील है और वर्ष 2019-20 के दौरान 1.43 मिलियन टन (रोड हेडर छोड़कर) उत्पादन किया गया। कुल मिलाकर भूमिगत कोयला उत्पादन 2018-19 के 9.06 मि. टन से बढ़कर 2019-20 में 1.60% की वृद्धि के साथ 9.21 मि. टन हो गया।

उपरोक्त के अलावा कोयला उद्योग के विविधीकरण / आधुनिकीकरण के लिए निम्नलिखित कदम उठाए जा रहे हैं:

क. कोल बेड मीथेन (सीबीएम): परियोजना व्यवहार्यता रिपोर्ट (PFR) तैयार की जा चुकी है और 22.09.2018 को एमडीओ अवधारणा के तहत सतग्राम , कुनुस्तोड़िया और श्रीपुर के पट्टाधारित क्षेत्र को शामिल करते हुए ईसीएल बोर्ड द्वारा अनुमोदित कर दी गयी है। सीएमपीडीआईएल ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सुझावों के तहत हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय के विचार पर प्रस्ताव एवं मॉडल राजस्व साझा संपर्क को आमंत्रित करते हुए संशोधित नोटिस तैयार किया और ईसीएल को इसकी एक प्रति के साथ ही कोल इंडिया को अनुमोदन हेतु भेजा।

ख. हाईवाल माइनिंग: निमचा एवं श्रीपुर कोलियरी में हाईवाल माइनिंग प्रौद्योगिकी आरंभ किया जाना प्रस्तावित है। हाईवाल माइनिंग प्रौद्योगिकी की शुरुआत के लिए 25.07.2018 को अनुबंध समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

ग. मैन राइडिंग सिस्टम: 2019-20 के दौरान बाँसरा भूमिगत खदान में मैन राइडिंग सिस्टम का एक सेट लगाया गया है। इस प्रकार झांझरा (3 फ्री स्टीयर्ड व्हीकल), परसिया, निमचा, बांसरा, श्यामसुंदरपुर और चिनकुरी माइन III (प्रत्येक खदान में चेयरलिफ्ट सिस्टम) तथा चिनकुरी माइन I (2 बैटरी लोकोमोटिव) खदानों सहित कार्यशील मैन राइडिंग सिस्टम की कुल संख्या 10 हो गयी है।.

3.5 भूमिगत कोयला उत्पादन में सुधार के लिए उठाया गया कदम

विभिन्न परिचालन बाधाओं, ऊपरी सीम का परिसमापन, कैविंग के लिए भूमि की उपलब्धता में देरी आदि को ध्यान में रखते हुए मध्यवर्ती तकनीक के साथ धीरे-धीरे चरणबद्ध मैनुअल संचालन के अलावा आने वाले वर्षों में अधिक खदानों जैसे; खोट्टाडीह, तिलाबनी, सिदौली, परसिया-बेलबैद में मुख्य रूप से शटल कार के साथ कन्टीन्यूअस माइनर की स्थापना से "बृहत उत्पादन तकनीक" आरंभ करके भूमिगत उत्पादन में सुधार लाने की दिशा में कार्रवाई की गई है। ड्रिलिंग गैंग की सेवानिवृत्ति के कारण कमी एवं फेस तथा सपोर्टिंग पर अधिक कोयले की उपलब्धता के दोहरे उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए अधिक यूडीएम की स्थापना के लिए भी कार्रवाई की गई है।

3.6 वर्ष 2019-20 के दौरान परियोजना निरूपण का विवरण:

क्रम सं.	परियोजना का नाम	क्षमता (मि. टन प्रति वर्ष)	अनुमानित पूंजी (₹ करोड़ में)
1.	पांडवेश्वर दालुरबांध (यूजी और ओसी)	ओसी: 1.00 यूजी: 0.54	विभागीय: 871.28 आंशिक आउटसोर्सिंग: 504.11
2.	ईटापाड़ा ओसीपी	3.50	विभागीय: 1839.70 आंशिक आउटसोर्सिंग: 1202.00 आउटसोर्सिंग: 1036.59

क्रम सं.	परियोजना का नाम	क्षमता (मि. टन प्रति वर्ष)	अनुमानित पूंजी (₹ करोड़ में)
3.	चुपेरभीटा ओसीपी	4.00	विभागीय: 3403.87 आउटसोर्सिंग: 2634.70
4.	सोनेपुर बाजारी विस्तार ओसीपी	12.00	विभागीय: 5923.72 आउटसोर्सिंग: 3430.00
5.	नबकजोड़ा-माधबपुर खदान (यूजी एवं ओसी)	यूजी: 1.32 ओसी: 0.80	विभागीय: 984.11 आउटसोर्सिंग: 636.27
6.	ढांगाजोर यूजी	1.08	विभागीय: 641.39 आउटसोर्सिंग: 363.56
7.	मोहनपुर	2.50	विभागीय: 1158.78 आउटसोर्सिंग: 910.71
8.	खंद्रा एनकेजी यूजी	0.70	विभागीय: 526.32 आउटसोर्सिंग: 229.90

3.7 वर्ष 2019-20 के दौरान कोल इंडिया बोर्ड की स्वीकृति के लिए ईसीएल के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित और अनुशंसित परियोजनाओं का विवरण:

क्रम सं.	परियोजना का नाम	क्षमता (मि. टन प्रति वर्ष)	स्वीकृत पूंजी निवेश (₹ करोड़)	अनुमोदन की तारीख
1.	श्यामसुंदर पुर यूजी (सरपी इकाई सहित)	1.59	483.65	16.01.2020
2.	झांझरा युजीपी की विस्तार परियोजना रिपोर्ट	सामान्य क्षमता- 5.0 एमटीवाई उच्चतम क्षमता -5.80 एमटीवाई	1210.12	16.01.2020

3.8 वर्ष 2019-20 के दौरान कोल इंडिया बोर्ड द्वारा अंतिम रूप से स्वीकृत परियोजनाएं:

क्रम सं.	परियोजना का नाम	क्षमता (मि. टन प्रति वर्ष)	स्वीकृत पूंजी निवेश (₹ करोड़)	अनुमोदन की तारीख
1.	परसिया-बेलबैद पुनर्गठित यूजी	2.07	826.42	22.07.2019

3.9 वर्ष 2019-20 के दौरान कोल इंडिया लिमिटेड बोर्ड की स्वीकृति के लिए सीआईएल बोर्ड की अधिकार प्राप्त उप-समिति की स्वीकृति और अनुशंसित परियोजनाओं का विवरण:

क्रम सं.	परियोजना का नाम	क्षमता (मि. टन प्रति वर्ष)	स्वीकृत पूंजी निवेश (₹ करोड़)	अनुमोदन की तारीख
1.	परसिया-बेलबैद पुनर्गठित यूजी	2.07	826.42	09.05.2019
2.	श्यामसुंदर पुर यूजी (सरपी इकाई सहित)	1.59	483.65	18.03.2020
3.	झांझरा यीजीपी की विस्तार परियोजना रिपोर्ट	सामान्य क्षमता- 5.0 एमटीवाई उच्चतम क्षमता -5.80 एमटीवाई	1210.12	18.03.2020

3.10 पूँजीगत परियोजनाएँ / योजनाएँ:

i) नई परियोजनाओं (ग्रीनफील्ड) की संख्या : 1 (हुरा- सी ओसीपी)

ii) परियोजनाओं का विस्तार / संशोधन / बंदी : 12 (झांझरा संयुक्त परियोजना रिपोर्ट, खोट्टाडीह विस्तार ओसीपी, खोट्टाडीह – सीएम, कुमारडीह-बी सीएम, मोहनपुर विस्तार, न्यू केंदा ओसी, सोनेपुर बजरी संयुक्त ओसीपी, चित्रा पूर्व ओसीपी, सिदौली मिश्रित, नकरकोंडा – कुमारडीह बी ओसीपी, तिलबनी यूजी और परसिया-बेलबैद यूजी)

iii) अन्य : 4 (नबकजोड़ा-माधबपुर खदान (यूजी, नारायन कुरी यूजी, बांकोला आर-VI, खांद्रा एनकेजे जिसका पुनर्निर्माण। हो रहा है)

iv) कुल: 17.

3.11 नयी पहल एवं भविष्य के कार्यक्रम:

भूमिगत खदानों से उत्पादन बढ़ाने के लिए 2019-20 में निम्नलिखित पहलें की गई हैं:

क. मौजूदा भूमिगत खदानों का तकनीकी उन्नयन और आधुनिकीकरण: 23 भूमिगत परियोजनाओं में मैसर्स आईएसएम, मैसर्स एससीसीएल तथा मैसर्स पीडब्लूसी के संयुक्त दल द्वारा उत्पादन वृद्धि संबंधी अध्ययन किया गया। यह कार्य कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया लिमिटेड के निर्देशानुसार किया गया है। रिपोर्ट जनवरी, 2018 में प्रस्तुत की गई। उसी रिपोर्ट को कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा स्वीकार कर लिया गया। इन 23 परियोजनओं में से, 3 की रिपोर्ट (सिदुली मिश्रित, तिलबनी भूमिगत और परसिया-बैलबैद यूजी) को मंजूरी दे दी गई है, पांच अन्य परियोजना रिपोर्टें तैयार करने / अनुमोदन की प्रक्रिया में हैं।

ख. वृहत उत्पादन तकनीक का आरंभ कंटीन्यूअस माइनर (सीएम): कंटीन्यूअस माइनर की संस्थापना हेतु निम्नलिखित खदानों को चिन्हित किया गया है :

क्र. स.	खदान / परियोजना का नाम	क्षमता (मि. टन प्रति वर्ष)	अनुमानित पूंजी (₹ करोड़ में)	स्थिति
1.	खोट्टाडीह सी.एम.	0.60	जोखिम-लाभ - 127.17	2020-21 में आरंभ होने की उम्मीद है
2.	कुमारडीह -बी सी.एम. यूजी	1.02	उपकरण भाड़े पर लेना - 117.90	एक एलएचसीएम दिसंबर, 2019 में आरंभ हो गया। एसएचसीएम (1 नग) के लिए निविदा समिति की सिफारिशें अनुमोदन की प्रक्रिया के तहत है।
3.	सिदुली मिश्रित	खुली: 1.20 भूमिगत: 1.63	उपकरण भाड़े पर लेना - 535.18	मई -2018 में परियोजना रिपोर्ट अनुमोदित की गयी
4.	तिलबनी भूमिगत	1.86	उपकरण भाड़े पर लेना - 916.62	फरवरी - 2019 में परियोजना रिपोर्ट अनुमोदित की गयी
5.	परसिया-बेलबैद भूमिगत	2.07	उपकरण भाड़े पर लेना - 826.42	जुलाई -2019 में परियोजना रिपोर्ट अनुमोदित की गयी
6.	श्यामसुंदरपुर यूजी (सरपी इकाई सहित): 2 एलएच सीएम (अतिरिक्त)	1.59	उपकरण भाड़े पर लेना - 483.65	16.01.2020 को ईसीएल बोर्ड द्वारा परियोजना रिपोर्ट (नवंबर, 2019) की सिफारिश की गई थी। 18.03.2020 को सीआईएल बोर्ड के ईसीएस द्वारा इसकी सिफारिश की गई थी।
7.	झांझरा यूजीपी की परियोजना विस्तार रिपोर्ट: 2 एलएच सीएम (अतिरिक्त)	5.00	उपकरण भाड़े पर लेना – 1210.12	16.01.2020 को ईसीएल बोर्ड द्वारा परियोजना रिपोर्ट (अक्टूबर, 2019) की सिफारिश की गई थी। 18.03.2020 को सीआईएल बोर्ड के ईसीएस द्वारा इसकी सिफारिश की गई थी।
8.	नबकजोरा-माधबपुर मिश्रित	यूजी: 1.32 खुली: 0.80	जोखिम-लाभ - 984.11 उपकरण भाड़े पर लेना - 636.27	खदान बंदी योजना के नए दिशा-निर्देशों को शामिल करने के लिए परियोजना रिपोर्ट फिर से तैयार की जा रही है।

ग. विदेशी सहयोग / प्रौद्योगिकी समामेलन-अनुकूलन और नवाचार :

i) कुमारडीह-बी भूमिगत खदान में एक कम ऊँचाई वाले कन्टीन्यूअस माइनर (एलएचसीएम) की शुरुआत: जॉय ग्लोबल यूके के सहयोग के साथ मैसर्स जेएमएस माइनिंग प्रा. लि. द्वारा 2019-20 में एलएचसीएम का एक सेट आरंभ कर दिया गया है।

ii) खोट्टाडीह यूजी खदान में 1 कंटीन्यूअस माइनर की शुरुआत: एजेंसी मैसर्स CMATL-SXTD-CMML (चीन) कंसोर्टियम के साथ 14.09.2018 को अनुबंध समझौते पर हस्ताक्षर हो गए हैं। मार्च 2020 में खदान स्थल पर उपकरण आ गये हैं। इसके 2020-21 में चालू होने की उम्मीद है।

iii) झांझरा आर -VI सीम में विद्युत समर्थित लाँगवाल पैनल सफलता पूर्वक परिचालन जिससे वर्ष 2018-19 और 2019-20 में लगातार 1.45 मिलियन टन उत्पादन प्राप्त हुआ।

3.12 वर्ष 2019-20 के लिए चालू परियोजनाओं की प्रमुख मील का पत्थर गतिविधियों के संबंध में उपलब्धि की स्थिति:

MoSPI विवरण नजर रखी लागत की तुलना में अधिक ₹ 150 करोड़ के ऑन-जा रहा परियोजनाओं				
क्र. सं.	परियोजना का नाम	मील का पत्थर	पूर्ण होने का समय	उपलब्धि की स्थिति
1.	सोनेपुर-बजारी संयुक्त ओसीपी (क्षमता: 8.00 एमटीवाई, स्वीकृत पूंजी: ₹ 1055.05 करोड़)	पुनर्वास चरण- III -150 पीएएफ (सोनपुर गांव के भाग का स्थानांतरण)	मार्च, 2020	विभिन्न पीएएफ द्वारा घरों का निर्माण प्रगति पर है। 745 पीएएफ को तीसरी किस्त का भुगतान कर दिया गया है। सोनेपुर गाँव के 12 पीएपी की शिफ्टिंग के लिए चौथी / अंतिम किस्त दे दी गयी है।
2.	हुरा-सी ओसीपी (क्षमता: 3.00 एमटीवाई, स्वीकृत पूंजी: ₹ 359.69 करोड़)	सीएचपी के निर्माण के लिए टीसीआर की स्वीकृति और एलओए जारी करना	मार्च, 2020	प्रक्रियाधीन
3.	सिदुली ओशी एवं यूजी (क्षमता: ओसी : 1.20 एमटीवाई एवं यूजी: 1.63 एमटीवाई स्वीकृत पूंजी: ₹ 535.18 करोड़)	15 हैक्टे. किरायेदारी भूमि पर कब्जे / खरीद	मार्च, 2020	प्रक्रियाधीन
4.	झांझरा संयुक्त यूजी (क्षमता: 3.50 एमटीवाई, स्वीकृत पूंजी: ₹ 602.86 करोड़)	एलएचसीएम डिस्ट्रिक्ट हेतु एयूवी के लिए आपूर्ति / खरीद आदेश जारी करना	मार्च, 2020	एमयूवी के विनिर्देश की समीक्षा के लिए कार्रवाई की जा रही है

3.13 मार्च 2019-20 के लिए एमओयू लक्ष्य की प्राप्ति की स्थिति:

क्र. सं.	प्रदर्शन मापदंड	मापन इकाई	वर्ष के लिए लक्ष्य	प्राप्ति
1.	कोयला उत्पादन	मिलियन टन	53.50	50.401
2.	सीएपीईएक्स(₹ करोड़ में)	₹ करोड़ में	1100.00	894.68
3.	वर्ष के दौरान पूर्ण हो रहे सीएपीईएक्स अनुबंधों के कुल मूल्य से अधिक समय/ लागत के बिना वर्ष के दौरान पूर्ण/ चल रहे सीएपीईएक्स अनुबंधों / परियोजनाओं का प्रतिशत मान (%)	%	100	प्राप्त नहीं हुआ

3.14 वर्ष 2019-20 के दौरान अन्य प्रमुख गतिविधियाँ:

क्र. सं.	परियोजना का नाम	क्रियाएँ / मील के पत्थर	वर्ष के लिए लक्ष्य	उपलब्धि
1.	सोनेपुर-बाजारी विस्तार ओसीपी.	80 हैक्टे. जमीन का कब्जा	मार्च -2020	2019-20 के दौरान 25.42 हैक्टे. पर कब्जा
		सीएचपी का निर्माण	दिसंबर -2020	सिविल निर्माण कार्य प्रगति पर है। विद्युत एवं यांत्रिक संबंधी कार्य नवंबर, 2020 में पूरा हो जाएगा। दिसंबर, 2020 में पूरी तरह आरंभ होने की उम्मीद है।
2.	झांझरा संयुक्त यूजीपी	20 हैक्टे. किरायेदारी भूमि का कब्जा	मार्च -2020	2019-20 के दौरान अब तक 10.84 हैक्टे. पर कब्जा
		नई रेलवे साइडिंग के निर्माण के लिए कार्य-आदेश जारी	जनवरी -2020	मै. राइट्स (RITES) को नई रेलवे साइडिंग के निर्माण के लिए 08.01.2020 को कार्य-आदेश जारी किया गया।
3.	कुमारडीह -बी सीएम भूमिगत खदान	एलएचसीएम के प्रथम सेट की शुरुआत	दिसंबर -2019	एलएचसीएम के प्रथम सेट की शुरुआत 11.12.2019 को हो चुकी है।
4.	हुरा- सी ओ सी	किरायेदारी भूमि का कब्ज़ा	25 हैक्टे.	38.69 हैक्टे. भूमि पर कब्जा।
		वन भूमि (260 हैक्टे.) का वन मंजूरी-II	मई -2019	पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 21.05.2019 को द्वतीय चरण की वन मंजूरी प्रदान कर दी गयी है।

क्र. सं.	परियोजना का नाम	क्रियाएँ / मील के पत्थर	वर्ष के लिए लक्ष्य	उपलब्धि
5.	चित्रा पूर्व ओ सी	द्वतीय चरण की वन मंजूरी (124.28 हैक्टे. भूमि के लिए)	जुलाई -2019	पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 10.07.2019 को द्वतीय चरण की वन मंजूरी प्रदान कर दी गयी है।
6.	खोट्टाडीह विस्तार, ओसी.	पी ए एफ की शिफ्टिंग (बौरी पाड़ा) (417 नग)	मार्च -2020	324 पी ए एफ की शिफ्टिंग की जा चुकी है। बाकी के पी ए एफ बौरी पाड़ा शिफ्टिंग का कार्य प्रगति पर है।

3.15 परियोजना की निगरानी और कार्यान्वयन की स्थिति अनुलग्नक - III में दी गई है।

4.0 प्रबंधन की परिचर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट:

प्रबंधन की चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट को निदेशकों की रिपोर्ट के एक अलग भाग **(अनुलग्नक -IV)** के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

5.0 कोयला विपणन:

5.1 मांग की तुलना में निकासी (ऑफ-टेक):

2019-20 में 53.50 मिलियन टन की मांग के मुकाबले में कोयले का वास्तविक ऑफ-टेक 49.316 मिलियन टन था, यानी 92% की संतुष्टि। 2018-19 की तुलना में वर्ष 2019-20 के दौरान क्षेत्रवार मांग और ऑफ-टेक इस प्रकार है:

(मिलियन टन में आंकड़े)

क्षेत्र/ सेक्टर	ऑफ-टेक 2019-20			ऑफ-टेक 2018-19		
	मांग	वास्तविक	% संतुष्टि	मांग	वास्तविक	% संतुष्टि
विद्युत शक्ति	45.885	45.334	99	43.505	46.886	108
सीमेंट	0.100	0.076	76	0.082	0.046	56
सीपीपी (ओआरएस)	0.610	0.296	49	0.700	0.286	41
सीपीपी (इस्पात)	0.490	0.368	75	0.490	0.302	62
इस्पात (ब्लेंड)	-	-	-	-	0.003	-
स्पंज लोहा	0.472	0.282	60	1.028	0.381	37
निर्यात	-	-	-	-	-	-
लोको	-	0.001	-	-	-	-
रक्षा	-	-	-	-	-	-
कोलियरी खपत	0.180	0.181	101	0.200	0.184	92
अन्य	5.763	2.778	48	4.995	2.319	46
कुल	**53.500**	**49.316**	**92**	**51.000**	**50.407**	**99**

5.2 प्रति दिन वैगनों की औसत लोडिंग:

पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 2019-20 के लिए वैगनों का क्षेत्र-वार औसत लदान निम्नानुसार है:

(आंकड़े बॉक्स / दिन)

क्षेत्र	वैगनों का लोडिंग			
	2019-20		2018-19	
	लक्ष्य	वास्तविक	लक्ष्य	वास्तविक
रानीगंज	1106	984	1032	1030
मुग्मा / सालनपुर	348	281	262	289
आद्रा	12	14	11	14
पिरपैंती	-	-	-	-
राजमहल (वार्फ वाल)	171	163	193	139
कुल	**1637**	**1442**	**1498**	**1472**

5.3 साधन / मोड-वार प्रेषण:

पिछले वर्ष की तुलना में 2019-20 में कोयले का साधन मोड-वार प्रेषण इस प्रकार है:

(मिलियन टन में आंकड़े)

प्रेषण की विधि	2019-20	2018-19
रेल	32.980	34.171
सड़क	2.535	2.409
हिंडोला (एमजीआर)	13.620	13.644
कुल	**49.135**	**50.224**

5.4 31 मार्च 2020 को बिक्री योग्य/ वेंडेबल कोयले का भंडार निम्नानुसार है:

(लाख टन में आंकड़े)

क्षेत्र	As on 31.03.2020
रानीगंज	11.862
मुग्मा / सालनपुर	1.617
एसपी खदान	2.990
राजमहल	16.890
कुल	**33.359**

5.5 हाजिर (स्पॉट) 'ई' नीलामी अग्रसारण ई-नीलामी:

विधि	2019-20			2018-19		
	प्रेषित मात्रा (लाख टन में)	अधिसूचित मूल्य पर प्राप्ति (₹ करोड़ में)	प्राप्ति प्रतिशत (%)	प्रेषित मात्रा (लाख टन में)	अधिसूचित मूल्य पर प्राप्ति (₹ करोड़ में)	प्राप्ति प्रतिशत (%)
हाजिर (स्पॉट) 'ई' नीलामी						
रेल	8.127	135.740	51.115	6.634	94.590	44.526
सड़क	17.171	412.080	73.871	18.170	504.100	85.224
कुल	**25.298**	**547.820**	**66.531**	**24.804**	**598.690**	**74.469**
अग्रसारण ई-नीलामी						
सड़क	25.595	193.951	24.547	10.584	314.410	96.244
कुल	**25.595**	**193.951**	**24.547**	**10.584**	**314.410**	**96.244**
सकल योग	**50.893**	**741.771**	**45.972**	**35.388**	**913.100**	**80.761**

5.6 बिक्री वसूली:

(₹ करोड़ में)

विवरण	2019-20	2018-19
बिक्री की वसूली	17009.20	18527.72

6.0 उपकरणों (एचईएमएम) की संख्या:

6.1 31 मार्च, 2019 की तुलना में 31 मार्च, 2020 तक उपकरणों की संख्या:

उपकरण	उपकरणों की संख्या	
	31.03.2020	31.03.2019
ड्रैगलाइन	1	1
डम्पर	225	262
डोजर	81	84
शॉवेल	61	57
ड्रिल	50	52

6.2 पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 2019-20 के दौरान सीएमपीडीआईएल मानकों के तहत प्रत्येक प्रकार के उपकरणों की उपलब्धता और उपयोग निम्नानुसार है:

उपकरण	प्रतिशत की उपलब्धता				प्रतिशत उपयोग			
	सीएमपीडी आईएल मानक	2019-20	2018-19	गत वर्ष की तुलना में परिवर्तन	सीएमपीडी आईएल मानक	2019-20	2018-19	सीएमपीडी आईएल मानक
ड्रैगलाइन	85	82.92	89.32	-6.40	73	77.22	82.21	-4.99
डम्पर	67	75.71	80.26	-4.55	50	34.54	33.09	1.45
डोजर	70	77.52	75.20	2.32	45	21.56	21.62	-0.06
शॉवेल	80	81.16	80.30	0.86	58	44.40	46.48	-2.08
ड्रिल	78	85.51	85.08	0.43	40	18.98	20.36	-1.38

6.3 उपकरणों की उपयोगिता मुख्य रूप से निम्नलिखित बाधाओं से प्रभावित हुई:

वर्ष 2019-20 की अवधि के दौरान एचईएमएम जैसे शॉवेल, डंपर, डोजर और ड्रिल की उपलब्धता प्रतिशत सीएमपीडीआईएल के मानकों से भी अधिक थी। शॉवेल, डोजर और ड्रिल की उपलब्धता प्रतिशत पिछले वर्ष की समान अवधि से भी ज्यादा थी। पिनियन बियरिंग और आर्मेचर की विफलता और होइस्ट मोटर-2 के पिनियन टीथ के बार-बार टूट जाने के कारण ड्रैगलाइन का उपलब्धता प्रतिशत कम रहा। ड्रैग-1 का ग्रिड और ग्रिड कवर टूट गया। डंपर की प्रतिशत उपलब्धता पुराने हो जाने के कारण पिछले वर्ष की तुलना में कम रही है। 35टन क्षमता के 15 और 40 टन क्षमता के 2 डंपरों को सर्वे ऑफ कर दिया गया क्योंकि उनकी समयावधि वर्ष और घंटों दोनों में ही पूरी हो चुकी है।

6.4 सीएमपीडीआईएल मानकों को हासिल करने के लिए किए गए उपचारात्मक कार्रवाई:

पूरी दुनिया में इस प्रकार के ड्रैगलाइनर केवल 6/7 हैं और भारत में केवल 2 ही उपलब्ध हैं (अर्थात, ईसीएल में 1 और एससीसीएल में 1)। चूंकि इसकी संख्या बहुत कम है और साथ ही ओईएम भी बदल गया है, अतः पुर्जों का स्टॉक वर्तमान OEM द्वारा नहीं अनुरक्षित हो रहा है। आदेश मिलने के बाद ही पुर्जों का निर्माण / व्यवस्था की जा रही है। इस प्रकार इंडेंटिंग और पुर्जों की प्राप्ति के बीच का मुख्य समय लगभग 1.5 वर्ष है। हालांकि, पिछले अनुभव और उपकरणों के जीवन के आधार पर अग्रिम रूप से स्पेयर पार्ट्स की व्यवस्था करने की योजना बनाई जा रही है।

सर्वे ऑफ किए गए डंपर के स्थान पर 60 टन के 18 डंपर और 35 टन के 13 डंपर के लिए खरीद की कार्रवाई की गई है। वर्ष 2019-20 के दौरान इनमें से 35 टन के 10 डंपर और 60 टन के 4 डंपर को चालू कर दिया गया है। बाकी डंपरों को वर्ष 2020-21 में चालू किया जाएगा। इन नए डंपरों से उपकरणों की उपलब्धता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

6.5 उपकरणों के कम उपयोग निम्नलिखित कारणों से हुआ:

परियोजना	कम उपयोग का कारण	उपचारात्मक कार्रवाई
शंकरपुर	1. भूमिगत गैलरी, फायरी फेस 2. कीचड़दार सतह 3. कठिन खनन स्थितियां	आग बुझाने के लिए 28 हजार लीटर जल छिड़काव मशीन और रसायन द्वारा नियमित तौर पर पानी का छिड़काव हो रहा है।
नार्थ सियरसोल	35 टन के 11 डंपर और 40 टन के 2 डंपर में से 35 टन के 6 और 40 टन के 1 डंपर को उनकी समयावधि वर्ष और घंटों दोनों में ही पूरा हो जाने के कारण सर्वे ऑफ कर दिया गया।	जनवरी-2020 से मार्च-2020 के दौरान 35 टन के 7 डंपर चालू किए गए।
बोनजेमेहारी	ओबी हटाने का काम आउटसोर्स है केवल केवल कोयला निकालने का काम विभागीय हो रहा है। कोयला-फेस पर जल संचयन के कारण कोयले का निष्कर्षण कम हुआ।	500 जीपीएम क्षमता के 2 पंपों से जल निकासी की जा रही है।
गौरानगदी	बेगुनिया से उपकरणों के हस्तांतरण के बाद गौरनगदी ओसीपी में उत्पादन प्रारंभिक स्तर पर है, जो कि डीजीएमएस द्वारा धारा 22 लगाए जाने के कारण 07 अगस्त, 2019 से 10 अक्टूबर, 2019 तक बंद रहा। भू अधिग्रहण की समस्या।	इस भूमि का जनसांख्यकीय सर्वे पहले ही किया जा चुका है। भू अधिग्रहण प्रक्रियाधीन है।
बरमूरी	सीमित कार्य स्थान, केवल एक डंपर चलने के लिए संकीर्ण ढलान वाली सड़क	हाल ही में बीसीसीएल से ईसीएल को खनन पट्टे के स्थानांतरण के लिए कार्रवाई की गई है। पहले से ही अनुषंगी कंपनी बोर्ड द्वारा अनुमोदित और वर्तमान में सीआईएल बोर्ड में अनुमोदन के अधीन।

परियोजना	कम उपयोग का कारण	उपचारात्मक कार्रवाई
गोपीनाथपुर	खदान बंद है	-
चित्रा	खदान के सबसे गहरे हिस्से में काम करते समय, वहाँ लेड और लिफ्ट की वृद्धि हो जाती है। लंबे समय से वन मंजूरी के लंबित चरण II के कारण, खदान का क्षैतिज विस्तार रुक गया जिस कारण फेस की गहराई हाई ग्रेडिएंट के परिणामस्वरूप कम क्षमता का उपयोग हुआ। 35 टन के 9 और 40 टन के 1 डंपर का सर्वे ऑफ इसकी समयावधि पूरा करने के कारण किया गया (वर्ष और घंटों दोनों मे ही जीवन पूरा कर चुका)	मार्च, 2020 में 60 टन के 4 डंपरों को चालू किया गया और 1 डंपर को चालू करने की प्रक्रिया चल रही है।
खोट्टाडीह	ग्रामीणों के प्रतिरोध के कारण भू अधिग्रहण की समस्या हुई। भू अधिग्रहण समस्या और हड़ताल के कारण एचईएमएम का संचालन बाधित हुआ।	मार्च, 19 से शीर्ष कोर आवागमन पूरी तरह से बंद है। बातचीत के बाद, 6 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया गया और पिछले तीन महीनों से उत्पादन शुरू हुआ है। लेकिन, यहाँ पर संचालन और ब्लास्टिंग के समय ग्रामीणों द्वारा बारंबार बाधा उत्पन्न की जाती है, अत: उत्पादन बाधित होता है।
सोनपुर बजारी	6 फीडरों की ओवरहेड लाइन की शिफ्टिंग में देरी के कारण डंपिंग स्थान में कमी और डंपिंग यार्ड के लेड में वृद्धि हुई। ड्रैगलाइन ऑपरेटर की भी कमी है। वर्तमान में केवल 3 ड्रैगलाइन ऑपरेटर हैं।	शिफ्टिंग का कार्य प्रगति पर है और जून, 2020 में पूरा हो जाएगा। नये ड्रैगलाइन ऑपरेटर प्रशिक्षु की भर्ती की गयी है और उनको प्रशिक्षित किया जा रहा है।
राजमहल	केंद्रीयकृत कार्य स्थल के कारण, उपकरणों की भीड़ और भूमि अधिग्रहण समस्या है।	आंशिक रूप से भूमि का अधिग्रहण किया गया है।

6.6 वर्ष 2019-20 में ओसीपी को उपलब्ध कराये गए नए/प्रतिस्थापित उपकरण निम्नलिखित है-

उपकरण	2019-20 में आर्डर किए गए एचईएमएम की संख्या	2019-20 में आपूर्त और चालू किए गए	परियोजना	वर्ष 2020-21 में संभावित
डंपर	60 टन - 18	60 टन -4	चित्रा-4	14
	35 टन-13	35 टन -10	उत्तरी सियरसोल-7, बारामुरी-3	3
डोजर	7	6	सोनपुर-3, राजमहल-1, बारामुरी-1, खोट्टाडीह-1	1
शॉवेल	5	5	Sonepur-1, Khottadih-1, Jambad-1, Shankarpur-1, Chitra-1	0

7.0 ऊर्जा संरक्षण:

7.1 बिजली और ईंधन की खपत:

क्र. सं.	विवरण	इकाई	2019-20	2018-19
I.	**बिजली की आपूर्ति**			
	1. खरीदी गई यूनिट	एम. किलोवाट-घंटा	824.97	846.30
	2. आपूर्ति कर्ता एजेंसियों को दी गई कुल राशि (लगभग)	₹ करोड़ में	599.60	611.07
	3. प्रति यूनिट दर (औसत)	₹ / किलोवाट-घंटा	7.27	7.22
	4. बिजली की विशिष्ट खपत (लगभग)	किलोवाट-घंटा / सीयूएम	14.86	14.99
II.	**कंपनी द्वारा स्वयं उत्पादन (डीजी सेट के माध्यम से)**			
	1. उत्पादित यूनिट	लाख किलोवाट-घंटा	7.17	6.98
	2. प्रति लीटर डीजल तेल से उत्पादित यूनिट	किलोवाट-घंटा / लीटर	8.10	7.63
	3. उत्पादन की लागत	₹ / किलोवाट-घंटा	8.23	8.83
III.	**बिजली की मांग**			
	1. बिजली की औसत मांग	एमवीए	162.35	172.34
	2. अनुबंध की मांग	एमवीए	185.50	183.22
	3. % उपयोग	%	87.52	94.06

7.2 1.571 मेगावाट के रूफ-टॉप सोलर की संस्थापना:

एसईसीआई द्वारा भारत भर में 97.5 मेगावाट क्षमता के रूफ टॉप सोलर पावर प्लांट की संस्थापना के लिए आरएफएस निविदा जारी की थी। इसमें ईसीएल का 1.571 मेगावाट रूफ़ टॉप सौर संयंत्र सम्मिलित है। एससीसीआई के इस आरएफएस निविदा के अनुसार, रूफ टॉप सौर ऊर्जा संयंत्र के कार्यान्वयन के लिए निविदाकर्ताओं से अलग कोटेशन मांगे गए थे, चाहे ये कैपेक्स मॉड (ग्राहक की लागत पर 5 वर्ष के लिए अभिकल्प, अभियांत्रिकी, आपूर्ति, संस्थापना, चालू करना, परीक्षण और ओएंडएम) में हो या आरईएससीओ मोड (निविदाकर्ता की लागत पर 25 वर्ष के लिए अभिकल्प, अभियांत्रिकी, आपूर्ति, संस्थापना, चालू करना, परीक्षण और ओएंडएम) में हो। ग्राहक को बोलीदाता को प्रति यूनिट लागत का भुगतान करना पड़ेगा। एसईसीआई द्वारा निविदा को अंतिम रूप दे दिया गया है और सफल बोलीदाताओं को सूचित कर दिया गया है। ईसीएल ने जोन-3 के चयनित बोलीदाताओं को सूचित कर दिया है (दोनों - ₹ 26,000/ केडब्ल्युपी की दर पर कैपेक्स मोड और रेस्को मोड @ 3.33/ केडब्ल्युपी) और प्रतिक्रिया और सफल बोलीदाताओं की आबंटित क्षमता के अनुसार कैपेक्स/रेस्को मोड में रूफ टॉप सोलर प्लांट के निष्पादन के लिए समझौते को निष्पादित किया जाएगा।

7.3 ऊर्जा संरक्षण और लेखापरीक्षा:

2019-20 में, ईसीएल ने अधिकांश भूमिगत खानों में विद्युत कारकों में सुधार के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण पर ध्यान केंद्रित किया है। विभिन्न रेटिंग के कैपेसिटर बैंकों की खरीद की गई है और दोनों इकाइयों -कम पावर फैक्टर और मांग अनुबंध की मांग से अधिक में स्थापित किया गया है। ईसीएल का औसत पावर फैक्टर अब 0.95 है। इससे वास्तव में उन बिंदुओं की औसत ऊर्जा खपत कम हुई है और मांग कम हुई है। पावर फैक्टर से शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2018-19 में 10.77 करोड़ रुपये की छूट से बढ़कर वित्त वर्ष 2019-20 में 11.36 करोड़ रुपये तक बढ़ गया है, जो 5.41%.की वृद्धि है। ईसीएल की ऊर्जा खपत वित्त वर्ष 2018-19 में 8463.04 एलकेडब्ल्यूएच से घटकर वित्त वर्ष 2019-20 में 8249.70 एल.केडब्ल्यूएच हो गई है, यानी 213.36 एल.केडब्ल्यूएच (2.52%) की कमी आई।

औद्योगिक भार से घरेलू भार को अलग करने की दिशा में भी कदम उठाए गए हैं। परबेलिया, सोदेपुर क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई एक योजना के माध्यम से, ईसीएल नेटवर्क के माध्यम से सभी घरेलू लोड को WBSEDCL में स्थानांतरित कर दिया गया है। ईसीएल मीटर रीडिंग के अनुसार ईसीएल की सेवा में कर्मचारियों के लिए ही डब्ल्यूबीएसईईसीएल को भुगतान कर रहा है। वित्त वर्ष 2018-19 की तुलना में वित्त वर्ष 2019-20 में परबेलिया की कुल ऊर्जा खपत घटकर 43.41% रह गई है। इसके परिणामस्वरूप 3.25 करोड़ रुपये की वित्तीय बचत हुई है।

7.4 भूमिगत मशीनरी प्रदर्शन:

उत्पादकता के साथ भूमिगत मशीनरी का विवरण नीचे दिया गया है:

उपकरण	2019-20		2018-19	
	रोल पर	उत्पादकता (टीपीडी)	रोल पर	उत्पादकता (टीपीडी)
एसडीएल	244	62	254	56
एलएचडी	40	109	40	88
कंटीन्यूअस माइनर	6	1361	5	1354
रोड हैडर	2	333	2	458
लॉंगवॉल	1	5133	1	4430

7.5 सीएचपी का प्रदर्शन:

31 मार्च 2020 तक, सोनपुर बजारी और राजमहल में दो बड़े सीएचपी ने 15.60 मीट्रिक टन और श्यामसुंदरपुर और केंदा में 2 छोटे सीएचपी ने 1.00 मीट्रिक टन कोयला हैंडल किया गया।

7.6 2019-20 के दौरान प्रमुख उपलब्धियां:

1) वित्त वर्ष 2019-20 में ईसीएल की कुल बिजली खपत पिछले वर्ष की 8463.04 लाख किलोवाट-घंटा से घटकर 8249.70 लाख किलोवाट-घंटा रह गई है अर्थात 2.52% की कमी हुई है।

2) वित्त वर्ष 2019-20 में ईसीएल की कुल विद्युत लागत पिछले वर्ष की लागत ₹ 611.07 करोड़ से घटकर ₹ 599.60 करोड़ रह गई है अर्थात इसमें 1.877 % की कमी हुई है।

3) पावर फैक्टर रिबेट से कुल प्राप्ति वित्तीय वर्ष 2018-19 में 10.77 करोड़ रुपए से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2019-20 में 11.36 करोड़ रुपए हो गयी अर्थात 5.41 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

4) यांत्रिक उत्पादन में 2.54 Te की वृद्धि हुई।

5) एसडीएल की उत्पादकता में 12% की वृद्धि हुई।

6) एलएचडी की उत्पादकता में 20% की वृद्धि हुई।

7) विभिन्न क्षेत्रों में एकरूपता लाने के लिए, लाइव फीड के साथ सीसीटीवी कैमरा नियंत्रण कक्ष स्थापित करने के लिए सीसीटीवी कैमरा की खरीद के लिए एक सामान्य एनआईटी तैयार कर अनुमोदित की गयी और इसका कार्यान्वयन प्रक्रियाधीन है।

8) बांसरा कोलियरी, कुनुस्टोरिया में चेयर लिफ्ट प्रकार की मैन-राइडिंग प्रणाली चालू की गयी है।

8.1 कल्याण सुविधाएं:

क्र. सं.	मद	31.03.2019 को संचयी स्थिति	2019-20 के दौरान उपलब्धि	31.03.2020 को संचयी स्थिति
1.	**शिक्षण सुविधाएं**			
	क. डीएवी स्कूल	6	0	6
	ख. i) आवर्ती अनुदान सहायता प्राप्त करने वाले स्कूलों की संख्या	162	0	162
	ii) आवर्ती अनुदान सहायता की राशि - (₹ लाख में)	5878.13	315.88	6194.01
	ग. i) गैर-आवर्ती अनुदान सहायता प्राप्त करने वाले स्कूलों की संख्या	388	0	388
	ii) गैर-आवर्ती-अनुदान सहायता की राशि (₹ लाख में)	312.04	0	312.04
	घ. i) तदर्थ अनुदान स्वीकृत स्कूलों की संख्या	79	0	79
	ii) स्वीकृत तदर्थ अनुदान राशि (₹ लाख में)	69.60	0	69.60
	ङ. स्कूल बसों की संख्या	156	0	156
	च. i) सीआईएल छात्रवृत्ति छात्रवृत्तियों और नकद अवार्ड की संख्या	18968	435	19403
	ii) स्वीकृत राशि (₹ लाख में)	268.97	11.02	279.99
	छ. चयनित इंजीनियरिंग और सरकारी मेडिकल कॉलेजों में अध्ययन कर रहे वेज बोर्ड कर्मचारियों के बच्चों के ट्यूशन फीस और हॉस्टल शुल्क के लिए वित्तीय सहायता हेतु सीआईएल योजना।			
	ii) स्वीकृत वेज बोर्ड कर्मचारियों के बच्चों की संख्या	711	74	785
	iii) स्वीकृत राशि (₹ लाख में)	194.65	52.93	247.58
2	खेल और खेल राशि पर खर्च (₹ लाख में)	595.43	39.99	635.42
3	सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों पर राशि (₹ लाख में)	87.14	3.32	90.46
4	जलपान गृह	82	0	82
5	**बैंकिंग सुविधाएं** - कार्यरत शाखाओं की संख्या	27	0	27
6	**सहकारी समिति**			
	क) सहकारी साख समितियां	74	0	74
	ख) प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी स्टोर	30	0	30
	ग) केंद्रीय सहकारी समिति	4	0	4
	घ) सहकारी समितियों को ऋण और निवेश (₹ लाख में)	63.80	0	63.80

8.2 अन्य कल्याणकारी गतिविधियां

क. ईसीएल ने 2019-20 से सीआईएल छात्रवृत्ति और वित्तीय सहायता के लिए ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया है, जो कोल इंडिया लिमिटेड में पहली बार है। वित्तीय वर्ष 2019-20 में कंपनी ने 435 छात्रों को 11,02,380.00 रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की है। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2019-20 में वित्तीय सहायता के रूप में (ट्यूशन फीस और छात्रावास शुल्क की प्रतिपूर्ति) 74 छात्रों को ₹ 52,93,969.00 की राशि दी गई है।

ख. कंपनी ने 08 से 14 जनवरी, 2019 के दौरान सीआईएल इंटर कंपनी फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया और इंटर कंपनी बैडमिंटन टूर्नामेंट 30 जनवरी से 1 फरवरी, 2020 के दौरान आयोजित किया। ईसीएल ने डब्ल्यूसीएल में आयोजित सीआईएल इंटर कंपनी बॉडी बिल्डिंग टूर्नामेंट 2019-20 में ने 8 पदक जीते। कंपनी ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय सहायता दी।

ग. ईसीएल ने कोलफील्ड क्षेत्र के आसपास प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए कोल इंडिया स्पोर्ट्स प्रमोशन एसोसिएशन के परामर्श से ईसीएल हेड क्वार्टर में एक फुटबॉल अकादमी स्थापित करने का निर्णय लिया है।।

8.3 वर्ष 2019-20 के दौरान महत्त्वपूर्ण उपलब्धियाँ

क. मिशन संबंध (SAMBANDH) के तहत एक नई पहल के रूप में स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की प्रेरणादायक अपील के अनुसार ईसीएल ने पहली बार स्थानीय पर्यटन स्थल आउटस्टेशन में अपनी कल्याण बोर्ड की बैठक का आयोजन किया है। इसकी प्रतिक्रिया बहुत उत्साहजनक रही और यह सीधे यूनियनों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंधों में परिलक्षित हुआ है।

ख. डिजिटल इंडिया भारत सरकार का राष्ट्रीय प्राथमिकता वाला क्षेत्र है। मिशन संबंध के तहत एक नई पहल के रूप में एक "सीआईएल छात्रवृत्ति और वित्तीय सहायता के लिए ऑनलाइन पोर्टल" को ईसीएल द्वारा विकसित कर सफलतापूर्वक लागू किया गया। इसमें कुल 509 छात्रों (कर्मचारियों के वार्ड) को 63,96,349.00 रुपये की छात्रवृत्ति और वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

ग. मानव संसाधन विकास मंत्रालय और सीबीएसई की गाइडलाइन के अनुसार, छात्राओं की समग्र सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, ईसीएल ने अपने प्रोजेक्ट स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम शुरू किया। सीसीटीवी कैमरों की स्थापना के लिए कुल ₹ 30,00,000.00 डीएवी, पांडवेश्वर क्षेत्र और डीएवी, झांझरा क्षेत्र के लिए निर्धारित किए गए।

8.4 मिशन संबंध के अंतर्गत गतिविधियाँ

कंपनी ने मिशन संबंध की शुरुआत सभी हितधारकों और समुदाय तक व्यापक तौर पर पहुंचने के लिए की थी, जो कि एक समस्या हल करने और समाधान प्रदाता के रूप में जो अंततः आगामी ग्रीनफील्ड परियोजनाओं को आसानी से आने और ब्राउनफील्ड परियोजनाओं की कमी का उद्देश्य पूरा करेगी। इस मिशन के तहत निम्नलिखित पहल की गई:

क. 23.05.2019 को ईसीएल के सैंक्टोरिया अस्पताल ने कर्मचारियों और स्थानीय लोगों के लिए मानसिक स्वास्थ्य पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मई-2019 का महीना मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता माह के रूप में मनाया गया।.

ख. 26.06.2019 को आसनसोल दुर्गापुर पुलिस द्वारा आयोजित नशा विरोधी रैली में निदेशक (कार्मिक) ईसीएल, सीईओ सेल के साथ पुलिस आयुक्त, एडीपीसी ने भाग लिया।

ग. झांझरा क्षेत्र में 14.06.2019 को पारिजात क्लब में परिवार परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। लगभग 55 परिवार कार्यक्रम में भाग लिया। परिजनों में सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए झांझरा परियोजना की 3 और 4 इकाई के कर्मचारियों द्वारा एक नाटक प्रस्तुत किया गया।

घ. 30.07.2019 को कुंसटोरिया क्षेत्र में कर्मचारियों, ठेकेदार के कामगारों और उनके परिवार तक पहुंचने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

ङ. मिशन संबंध के तहत कार्यक्रम के दौरान कुनसोरिया क्षेत्र में संचालित संविदा कर्मियों के साथ संविदा कर्मियों ने यह शिकायत की थी कि उन्हें न्यूनतम मजदूरी के एवज में कम भुगतान किया जा रहा है। बाद में, इसकी पूरी जांच की गई और उन्हें मतभेदों का भुगतान किया गया, इस प्रकार शिकायत का समाधान किया गया।

8.5 मिशन इंद्रधनुष के अंतर्गत गतिविधियाँ

मिशन इंद्रधनुष की शुरुआत विभिन्न त्योहारों और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय महत्व के दिनों को मनाकर और घर से दूर हमारे कर्मचारियों के लिए घर जैसी भावना पैदा करने और विभिन्न क्षेत्रों की संस्कृति और विरासत को आत्मसात करने के उद्देश्य से की गई थी, इससे कर्मियों की उत्पादकता और दक्षता में वृद्धि हुई है।

बहुत से कर्मचारियों ने अपनी प्रतिभा और रुचि के अनुसार संगीत, गीत, नृत्य, कविता, चित्रकला आदि के क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया। इस अभियान ने सफलतापूर्वक कर्मचारियों की संलग्नता, खुशी सूचकांक, कंपनी के प्रति अपनत्व की भावना को बढ़ाया है, जिससे कार्यालय के नीरस वातावरण को ताजगी भरा वातावरण बनाने में मदद मिली है। मिशन इंद्रधनुष का आयोजन सभी क्षेत्रों और इकाइयों में किया गया समग्र ईसीएल पर स्वस्थ प्रभाव पड़ा है और कोल इंडिया में ऐसा पहल करने वाली कंपनी के रूप में अपनी पहचान बनायी है। वर्ष के दौरान पोइला बैशाख, रवीन्द्र जयंती, मातृ दिवस, विश्व आतंकवाद विरोधी दिवस, विश्व पर्यावरण दिवस, ईद-उल-फितर, फादर्स डे, गुरु पूर्णिमा, मुंशी प्रेमचंद जयंती, फोटोग्राफी प्रतियोगिता, गुरुनानक जयंती, विश्व दयालुता दिवस, विजय दिवस, लोहड़ी, पोंगल, बिहू, मकर संक्रांति, विश्व कैंसर दिवस, विश्व रेडियो दिवस आदि दिवस मनाए गए।

9.1 चिकित्सा सुविधाएं:

2 केंद्रीय अस्पताल, 7 क्षेत्रीय अस्पताल जिनमें 822 की कुल बेड क्षमता है तथा 112 डिस्पेंसरियों में कर्मचारियों और उनके आश्रितों को चिकित्सा सेवाएं दी जाती हैं। इन अस्पतालों में 110 एम्बुलेंस वाहन सेवा में हैं।

9.2 उपचार के लिए बाहर भेजे गए व्यक्तियों की संख्या और उनके इलाज पर हुआ खर्च तथा मोबाइल डिस्पेंसरी द्वारा कवर किए गए ग्रामीण:

विवरण	2019-20	2018-19
बाहर भेजे गए रोगियों की संख्या:	2,856	2,828
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण कार्यक्रम :		
- शिविरों की संख्या	286	397
- लाभार्थियों की संख्या	15,461	17,546
मोबाइल डिस्पेंसरी द्वारा कवर किए गए ग्रामीण:		
- शिविरों की संख्या	3,666	1519
- लाभार्थियों की संख्या	83,082	62,756
कंपनी कर्मचारियों की आवधिक चिकित्सा परीक्षा (पी.एम.ई.)	11,647	9,550
संविदा कर्मियों की आवधिक चिकित्सा परीक्षा (पी.एम.ई.)	737	922
कंपनी कर्मचारियों की आई.एम.ई.)	436	657
संविदा कर्मियों की आई.एम.ई.)	801	1,254

कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष में ₹ 56.92 करोड़ की तुलना में इस वित्त वर्ष के दौरान कंपनी के अस्पताल के बाहर मेडिकल रेफरल के लिए ₹ 51.99 करोड़ की राशि खर्च की।

10.1 कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व:

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 (2) के अनुसार कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की रिपोर्ट निदेशकों की रिपोर्ट के एक अलग भाग **(अनुलग्नक-V)** में प्रस्तुत की गई है।

10.2 सामाजिक गतिविधियाँ:

स्थापना के बाद से, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने अपने श्रमिकों के कल्याण के साथ-साथ खदानों के आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों / समुदायों के विकास के लिए भी विभिन्न गतिविधियां शुरू की हैं। इसके अतिरिक्त, बुनियादी ढाँचे के विकास, औद्योगिक संरचना, सड़कों और रेलवे साइडिंग, आवासीय भवन, जल आपूर्ति और अन्य कल्याणकारी गतिविधियों आदि के लिए भी सी गतिविधियों की गयी हैं। संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है: -

10.3 श्रेष्ठ मकान कार्यक्रम के अंतर्गत आवासीय भवन (बिल्डिंग):

कालोनियों में रहने वाले लोगों की रहन-सहन की स्थिति को सुधारने के लिए, मकानों की सघन मरम्मत और उन्नयन का कार्य किया जा रहा है। वर्ष 2019-20 के दौरान श्रेष्ठ मकान कार्यक्रम के अंतर्गत ईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों कुल 6102 मकानों की मरम्मति और उन्नयन का कार्य पूर्ण किया गया है। वर्ष 2019-20 में इस कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 107.34 करोड़ रुपए का व्यय किया गया। सघन मरम्मति के साथ ही उन्नयन के अंतर्गत शौचालय, स्नानगार और रसोईघर में टाइल्स लगाने, सिंक लगाने, रसोई घर में संगमरमर का पत्थर व एग्जास्ट फैन लगाने, दरवाजों व खिड़कियों में मच्छर रोधी जाली लगाने का काम किया गया। सोनपुर बजारी क्षेत्र के अंतर्गत वी एन कॉलोनी के पास 36 सी-टाइप मकान (3 ब्लॉकों में) और यहीं पर नई कॉलोनी के लिए विकास कार्य किये गए।

10.4 सर्विस बिल्डिंग

सोनपुर बाजारी परियोजना के अंतर्गत सबस्टेशन निर्माण और विद्यमान प्रतिष्ठान के बड़े पुनरुद्धार का 127.24 लाख रुपए का कार्य और एस पी माइंस एरिया में मॉडल कैंटीन के लिए निर्माण और विकास का 53.07 लाख रुपए का कार्य पूर्ण किया गया है।

10.5 सामुदायिक भवन

पांडेश्वर क्षेत्र में डीएवी स्कूल में 6 कक्षाओं और कॉरीडोर के निर्माण का 106.10 लाख रुपए का कार्य और केंदा क्षेत्र में शताब्दी क्लब के बड़े पुनरुद्धार का 61.29 लाख रुपए का कार्य पूर्ण किया गया।

10.6 पानी की आपूर्ति:

ईसीएल ने हमेशा हमारे आवासीय घरों के रहने वालों के साथ-साथ आसपास के समुदायों के लोगों के लिए पीने योग्य पानी की आपूर्ति में सुधार के लिए विशेष ध्यान दिया है। वर्ष 2019-20 में, 5000 लीटर प्रति घंटे की क्षमता वाले 07 आरओ फिल्टर प्लांट बंकोला (01), मुग्मा (02), सलानपुर (01), राजमहल (02) और सतग्राम (01) में लगाए गए हैं। उपचारित पानी आसपास की ईसीएल कॉलोनियों के निवासियों और आसपास के ग्रामीणों की पेयजल मांगों को भी पूरा करता है।

11.1 बुनियादी ढांचा विकास:

कोयले का प्रेषण ईसीएल की प्रमुख गतिविधियों में से एक है और यह प्रभावी ढंग से तथा कुशलता पूर्वक किया जा रहा है। मुख्य रूप से सड़कों और रेलवे के माध्यम से कोयला भेजा जा रहा है। ईसीएल ने इस संबंध में उचित कदम उठाए हैं। कुछ कार्यों का विस्तृत विवरण नीचे दिया गया है: -

क. सड़कें - वर्ष 2019-20 के दौरान पूर्ण किए गए कुछ प्रमुख कोयला परिवहन सड़क कार्य निम्नानुसार हैं: -

क्र. सं.	कार्य का नाम	कार्य का मूल्य (₹ लाख में)
1.	3 व 4 इंक्लाइन प्रवेश गेट से कालीपुर मोड़, झांझरा क्षेत्र तक कोयला प्रेषण सड़क को मजबूत बनाना व चौड़ा करना (लंबाई-810 मीटर)	96.65
2.	केंद्रा क्षेत्र, ईसीएल में बहुला साइडिंग में लोडिंग अधीक्षक के कार्यालय से न्यु क्रशर के रैम्प बॉटम तक पीसीसी सड़क का निर्माण (लंबाई- 324 मीटर)	89.93
3.	केंदा क्षेत्र ईसीएल में चिनचुरिया मोड़ से बहुला साइडिंग और साइडिंग प्रवेश से चोरा 7 व 9 सैंड बंकर तक कोयला परिवहन सड़क को मजबूत करना (लंबाई - 1800 मीटर)।	159.81
4.	कुनुस्तोरिया क्षेत्र में अमृतनगर ग्रुप ऑफ माइंस के अंतर्गत बादामबगान मोड़ से नार्याकुरी ओसी पैच तक ब्लैक टोप्ड सड़क का निर्माण (लंबाई-1800 मीटर)	115.11
5.	कोयला परिवहन के लिए पांडेश्वर क्षेत्र में खोटाडीह कोलियरी में एस एस साइडिंग रेल क्रासिंग गेट से लोथानिस्थान बस स्टॉप तक ब्लैक टॉप्ड सड़क का निर्माण (950 मीटर)	87.90
6.	मांदेरबोनी साउथ सामला (ए) खदान में मांदेरबोनी कोलियरी के मुख्य गेट के पास डीबी रोड से 5/6 पिट मांदेरबानी कोलियरी तक पक्का रोड को मजबूत करना (लंबाई-3000 मीटर)	68.43
7.	पांडेश्वर क्षेत्र में खोटाडीह ओसीपी में खोटाडीह ओसीपी वेब्रिज से सीटाइप क्वार्टर तक कोयला प्रेषण रोड की ब्लैक टोपिंग और मजबूत करना (लंबाई-1320 मीटर)	82.04

ख. रेलवे साइडिंग इंफ्रास्ट्रक्चर: वर्ष 2019-20 के दौरान पूरे किए गए कुछ प्रमुख रेलवे साइडिंग इंफ्रास्ट्रक्चर विकास कार्य इस प्रकार हैं: -

क्र. सं.	काम का नाम	कार्य आदेश मूल्य (₹ लाख में)
1.	कुनसोरिया क्षेत्र में बांसरा रेलवे साइडिंग में आरसीसी चारदीवारी (लंबाई 1165 मीटर) का निर्माण।	126.44
2.	केंदा क्षेत्र, ईसीएल में बहुला साइडिंग के साथ आरसीसी चारदीवारी का निर्माण	61.69
3.	पांडवेश्वर क्षेत्र, ईसीएल में एसएस साइडिंग के कंसर्टिना क्वाइल के साथ आरसीसी चारदीवारी का निर्माण	167.69

ग. पर्यावरणीय उपाय: कॉलोनी और कर्मशाला दोनों में ही प्रवाही उपचार संयंत्र की स्थापना के लिए कार्य शुरू कर दिया गया है। वर्ष 2019-20 के दौरान पूरे किए गए बड़े कार्य निम्नलिखित हैं-

क्र. सं.	काम का नाम	कार्य आदेश मूल्य (₹ लाख में)
1.	टर्न की आधार पर सोनपुर बजारी कंबाइंड ओसीपी की आर एन कॉलोनी के सीवर नेटवर्क और मल निस्तारण संयंत्र का निर्माण।	268.32
2.	टर्न की आधार पर सोनपुर बजारी कंबाइंड ओसीपी में एकीकृत प्रवाही उपचार संयंत्रका निर्माण।	196.55

घ. खदान संबंधित बुनियादी ढांचा कार्य: वर्ष 2019-20 के दौरान पूर्ण किए गए खदानों से संबंधित कुछ इंफ्रास्ट्रक्चर विकास कार्य निम्नानुसार हैं: -

क्र. सं.	काम का नाम	कार्य आदेश मूल्य (₹ लाख में)
1.	खोटाडीह कोलियरी, पांडवेश्वर क्षेत्र के अंतर्गत द्वितीय इंक्लाइन के पास एसेम्बली के के भंडारण और भारी मशीनरी की हैंडलिंग के लिए आरसीसी पेवमेंट का निर्माण	69.41

क्र. सं.	काम का नाम	कार्य आदेश मूल्य (₹ लाख में)
2.	खोटाडीह ओसीपी, पांडवेश्वर क्षेत्र के अंतर्गत 02 सामुदायिक भवन का निर्माण ऊपरी पारा में एक और नीचे पारा में एक, दो क्लब का निर्माण ऊपरी पारा में एक और नीचे पारा में एक, 02 आईसीडीएस केंद्रों का निर्माण ऊपरी पारा में एक और नीचे पारा में एक और बौरी पारा रिहैबिलेशन स्थल में एक मेडिकल हेल्थ सेंटर का निर्माण।	139.56
3.	राजमहल क्षेत्र में ललघुआ से लोहांडिया पंचायत भवन तक पीसीसी मुख्य सड़क का निर्माण।	362.30
4.	कजोरा क्षेत्र के अंतर्गत जामबड़ ओसीपी में डायवर्जन रोड का निर्माण।	144.21
5.	राजमहल क्षेत्र के बारा सिमरा पुनर्वसन स्थल पर1 से 4, 4 से 12, 111 से 115 और 106 से 110 तक कंक्रीट ब्रांच रोड का निर्माण	50.65
6.	राजमहल क्षेत्र के तहत दकौता पुनर्वसन स्थल (नया भोराई) में सीमेंट कांक्रीट मुख्य सड़क का निर्माण।	62.24
7.	कोयला परिवहन सड़क के किनारे पर रिटेनिंग वॉल/गार्ड वॉल का निर्माण हुरा 'सी' में पृथ्वी को बनाए रखना	50.86

12.0 सुरक्षा एवं बचाव :

ईसीएल में, सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है और इसे मुख्य उत्पादन प्रक्रिया का एक हिस्सा माना जाता है। ईसीएल का लक्ष्य शून्य हानि नीति को प्राप्त करना है। सुरक्षा मानकों में सुधार के लिए, ईसीएल ने वर्ष 2019-20 के दौरान कई उपायों का सख्ती से पालन किया है।

12.1 2019-20 में दुर्घटना के आँकड़े:

विवरण	2019-20*	2018-19*
i) घातक दुर्घटनाएँ (संख्या)	08	05
ii) विपत्तियाँ (संख्या)	08	05
iii) गंभीर चोटें (संख्या)	20	21
iv) घातकता / मिलियन टन उत्पादन	0.158	0.099
v) घातकता / 3 लाख मैन-शिफ्ट	0.178	0.107
vi) गंभीर चोट / मिलियन टन आउटपुट	0.396	0.418
vii) गंभीर / 3 लाख मैन-शिफ्ट	0.447	0.450

(* डीजीएमएस के साथ मिलान के अधीन)

12.2 सुरक्षा जागरूकता गतिविधियाँ:

क. खानों में सुरक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में सड़क मार्च का आयोजन किया गया है.

ख. सभी विशिष्ट स्थानों पर सुरक्षा के आग्रह और वृद्धि से संबंधित बैनर और पोस्टर प्रदर्शित किए गए हैं।

ग. कई सुरक्षा अभियान (12 विशिष्ट विषयों पर) वार्षिक कैलेंडर के अनुसार आयोजित किए गए।

घ. ईसीएल के सभी क्षेत्रों में सुरक्षा संबंधी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया, जिसमें सिमटार्स प्रशिक्षित सीआईएल के अधिकारियों के साथ-साथ प्रख्यात खनन हस्तियों ने भाग लिया।

ङ. सभी कार्य स्थलों पर सुरक्षा वार्ता शुरू की गई है, जिसमें भूमिगत कार्य स्थानों पर ग्रास रूट लेवल पर काम करने वाले संबंधित व्यक्ति शामिल हैं।

च. जनवरी-फरवरी, 2020 में कंपनी की सभी खदानों में सुरक्षा सप्ताह मनाया गया जिसमें सुरक्षा की स्थिति हर खदान का मूल्यांकन 'हाउस कीपिंग' में सुधार की दिशा में विशेष ध्यान देने के साथ किया गया था।.

छ. कार्य में सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए आईएलओ दिवस 28 अप्रैल, 2019 को मनाया गया था।

ज. वर्ष के दौरान विभिन्न खानों में विभिन्न प्रत्याशित खतरों पर मॉक रिहर्सल का आयोजन किया गया है।.

12.3 वर्ष 2019-20 में विशेष उपलब्धियां:

क. 10650 हल्के एलईडी कैप लैंप खरीदे गए हैं और यूजी खानों को प्रदान किए गए हैं। अतिरिक्त 15,000 के लिए आर्डर हो गया है जो 2020-21 की पहली तिमाही तक उपलब्ध होगा और इसके साथ ही कंपनी के सभी भारी लेड-एसिड बैटरी टाइप कैप लैंप को एलईडी कैप लैंप से बदल दिया जाएगा। ईसीएल तकनीकी रूप से सुरक्षित एलईडी कैप लैंप द्वारा सभी पुराने कैप लैंप को बदलने वाली पहली कंपनी है। एलईडी कैप लैंप 60% हल्का है और अधिक रोशनी देता है इसलिए दक्षता और सुरक्षा में सुधार करती है।

ख. 3,006 स्व-नियंत्रित स्व-बचाव उपकरणों (SCSR) की खरीद कर इन्हें खानों को प्रदान किया गया है।

ग. दो खानों में मैन-राइडिंग सिस्टम लगाया गया है। अब मैन-राइडिंग सिस्टम वाली खानों की कुल संख्या सात (07) हो गयी है।

घ. क्रॉलर माउंटेड युनिवर्सल ड्रिलिंग मशीन प्रदान करके छत-ड्रिलिंग उद्देश्य के लिए कठिन और दुष्कर मैनुअल ड्रिलिंग को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है। ईसीएल की खानों में ऐसी 137 मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं। यह सुरक्षा के सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

ङ. हाल ही में ईसीएल की खदानों में हुई दुर्घटना के आधार पर एनिमेटेड फिल्म तैयार करने में ईसीएल सभी अनुषंगी कंपनियों में पहले स्थान पर रहा है। यह वीटी केंद्रों पर जागरूकता और एक प्रशिक्षण उपकरण के रूप में नियमित प्रदर्शित की जाती हैं।

च. सभी 27 ओपन कास्ट माइन्स का वैज्ञानिक अध्ययन किया गया है।

छ. सभी खानों की सुरक्षा प्रबंधन योजना तैयार और डीजीएमएस में प्रस्तुत की गई है।

ज. सितंबर, 2019 में सभी खानों का इंटर एरिया सेफ्टी ऑडिट पूरा हो चुका है और इसके उल्लंघन का अनुपालन जनवरी, 2020 तक पूरा हो गया। 424 उल्लंघन के कुल उल्लंघन के खिलाफ 100% अनुपालन किया गया।

झ. ईसीएल, मुख्यालय के आईएसओ अधिकारियों ने खदानों की सुरक्षा स्थिति पर चर्चा और इसके अनुपालन के लिए वर्ष के दौरान ईसीएल की विभिन्न खानों में 512 निरीक्षण किए हैं।

ञ. सभी आउटसोर्स ओसीपी और अनुबंध प्रतिष्ठानों में ठेकेदारों के कर्मचारियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य की जांच करने के लिए फरवरी और मार्च, 2020 में विशेष सुरक्षा अभियान आयोजित किया गया था।

ट. वर्ष के दौरान आईएसओ पूछताछ के आधार पर नौ (09) सुरक्षा परिपत्र / सिफारिशें जारी की गईं।

ठ. वर्ष के दौरान नियमित आधार पर क्षेत्रों द्वारा निकट मिस दुर्घटनाओं की रिपोर्टिंग शुरू कर दी गई है।

ड. कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) के लिए मॉनिटर / लाइट इंडिकेशन के साथ एक सीपीआर माणिकिन को क्रय किया गया है।

12.4 सुरक्षा में कामगारों की भागीदारी

क. कॉर्पोरेट स्तर की त्रिपक्षीय सुरक्षा बोर्ड की 59 वीं बैठक 8 नवंबर 2019 को आयोजित की गयी, जो कंपनी की सुरक्षा पर उच्चतम स्तर की बैठक थी।

ख. ऑपरेटिंग ट्रेड यूनियनों का प्रतिनिधित्व करने वाले कंपनी स्तर के सुरक्षा बोर्ड के सदस्यों ने आईएसओ अधिकारियों के साथ वित्तीय वर्ष के दौरान एक बार सभी खानों का निरीक्षण किया।

ग. खदानों की सुरक्षा समिति में ठेकेदारों के श्रमिकों के प्रतिनिधि को शामिल किया गया है।

12.5 मानसून की निगरानी:

वर्ष 2019-20 के दौरान मानसून की तैयारी के लिए कोलियरी प्रबंधन सहित नोडल अधिकारी/ सुरक्षा विभाग के क्षेत्रीय प्रभारी द्वारा फरवरी 2020 माह में विशेष अभियान चलाया गया और इसके कार्यान्वयन की स्थिति की निगरानी नियमित अंतराल पर की गई। ईसीएल मुख्यालय में दिनांक 10.06.2019 से 15.10.2019 तक 24x7 के आधार पर एक नियंत्रण कक्ष खोला गया था,जिसमें सक्षम अधिकारियों को तैनात किया गया था और उन्हें टेलीफोन एवं वाहन भी उपलब्ध कराये गए थे, ताकि वे आवश्यकता पड़ने पर क्षेत्रों में संचालित नियंत्रण कक्ष से अविलंब संपर्क कर सकें। कंपनी के अधिकारी 'बाढ़-चेतावनी संदेश' प्राप्त करने हेतु डीवीसी, मैथन के मुख्य अभियंता (हाईड्रल) के साथ सीधे संपर्क में रहते थे, ताकि नदी का एचएफएल बढ़ने के कारण जब कभी पंचेत एवं मैथन बांध से पानी छोड़ा जाये तो उसकी सूचना समय पर प्राप्त हो सके। इसके अतिरिक्त,वे मौसम का पूर्वानुमान-रिपोर्ट टेलीफोन एवं फैक्स के माध्यम से प्राप्त करने के लिए निदेशक मौसम विभाग, अलीपुर, कोलकाता तथा निदेशक, क्षेत्रीय चक्रवात चेतावनी केन्द्र, अलीपुर,कोलकाता के साथ सीधे संपर्क में रहते थे, ताकि भारी वर्षा/गर्जन/मूसलाधार बारिश आदि की चेतावनी क्षेत्रों को समय पर उपलब्ध कराया जा सके।

12.6 वर्ष 2019-20 के दौरान प्रदान किए गए सुरक्षा-प्रशिक्षण

क्र. सं.	प्रशिक्षण का प्रकार/शीर्षक	कार्यक्रमों की सं.	प्रतिभागियों की कुल सं.	संस्थान
1.	फ्रंटलाइन पर्यवेक्षकों के लिए दो सप्ताह का संरचित प्रशिक्षण	2	52	एमटीसए, धाडका
2.	माइनिंग सरदारशिप परीक्षा के लिए कोचिंग	1	09	
3.	माइनिंग सरदार के लिए रिफ्रेशर प्रशिक्षण	2	40	
4.	द्वितीय श्रेणी परीक्षा के लिए कोचिंग	1	18	
5.	प्रथम श्रेणी परीक्षा के लिए कोचिंग	1	13	
6.	सर्वेयरशिप के लिए कोचिंग	1	10	
7.	विद्युत पर्यवेक्षकों के लिए कोचिंग	2	19	
8.	वर्कमैन निरीक्षकों के लिए अभिविन्यास पाठ्यक्रम	3	63	एम.टी.आई., रतिबाती
9.	कार्मिकों के सहयोग के लिए सुरक्षा	1	32	
10.	ओवरमैन रिफ्रेशर पाठ्यक्रम	1	24	
11.	दुर्घटना से बचाव के लिए सुरक्षा जागरूकता	1	06	
12.	कामगारों के लिए पिट सुरक्षा समिति बैठक	1	32	
13.	पर्यवेक्षकों के लिए पिट सुरक्षा समिति की बैठक	2	32	
14.	खनन/वि. एवं यां./उत्खनन पर्यवेक्षकों के लिए सुरक्षा अभियांत्रिकी	3	29	
15.	फ्रंटलाइन पर्यवेक्षकों के लिए संरचित प्रशिक्षण	3	27	
16.	स्टोइंग का सुरक्षित संचालन और अनुरक्षण	2	8	
17.	फेस वर्करों के लिए सुरक्षा एवं उत्पादकता प्रशिक्षण	2	18	
18.	एसडीएल/एलएचडी के सुरक्षित परिचालन एवं रखरखाव का प्रशिक्षण	2	28	

12.7 ईसीएल में बचाव (रेस्क्यू) सेवाएँ:

बचाव सेवाएँ ईसीएल की सभी कोलियरियों, बीसीसीएल के चांच विक्टोरिया क्षेत्र, इस्को के रामनगर कोलियरी के साथ-साथ नगर प्रशासन एवं लोक प्राधिकरणों को (आवश्यक होने पर) को माइंस रेस्क्यू स्टेशन, सीतारामपुर, झांझरा और मुगमा में परिचालित **रेस्क्यू रूम विद रिफ्रेशर ट्रेनिंग** (आरआरआरटी) केंद्र एवं रेस्क्यू कक्षों द्वारा प्रदान की जाती है।

12.8 वर्ष के दौरान रेस्क्यू सेवाओं के माध्यम से आग/ स्वत:: तापन जैसी घटनाओं का सफलता पूर्वक निपटान निम्नलिखित खदानों में किया गया:

क्र. सं.	कोलियरी/घटनास्थल	क्षेत्र	दिनांक	घटना की प्रकृति/कार्य की प्रकृति
1	एमआईसी झांझरा	झांझरा	23.07.2019 से 31.07.2019 तक	आइसोलेशन स्टॉपिंग की शिफ्टिंग
2	मिलेनियम इंक्लान	बंकोला	15.08.2019 से 15.08.2019	स्वत: तापन से निपटना
3	मधुसूदन पुर 7 पिट	कजोरा	25.12.2019 से 27.12.2019	स्वत: तापन से निपटना

12.9 बचाव प्रशिक्षण:

माइंस रेस्क्यू स्टेशन में प्रारंभिक के साथ-साथ पुनश्चर्या (रिफ्रेशर) प्रशिक्षण भी नियमित रूप से प्रदान किया जाता है, जिसका विवरण निम्नलिखित है:

विवरण	2019-20	2018-19
सक्रिय रेस्क्यू प्रशिक्षित कर्मियों की संख्या	523	544
नये प्रशिक्षित कर्मियों की संख्या	30	59
पुनश्चर्या (रिफ्रेशर) अभ्यासों की संख्या	4730	4988
आपातकाल की संख्या	03	09

12.10 क्षेत्रीय माइंस रेस्क्यू प्रतियोगिता और अखिल भारतीय माइंस रेस्क्यू प्रतियोगिता (कोयला तथा धातु):

वर्ष 2019-20 का क्षेत्रीय माइंस रेस्क्यू प्रतियोगिता, पूर्वी अंचल का आयोजन दिनांक 17 एवं 18 अक्टूबर, 2019 को किया गया,जिसमें ईसीएल

के विभिन्न क्षेत्रों से 10 रेस्क्यू टीमों ने भाग लिया। 50वीं अखिल भारतीय माइंस रेस्क्यू प्रतियोगिता (कोयला तथा धातु) का आयोजन मैसर्स एमसीएल के माइंस रेस्क्यू स्टेशन, ब्रजनगर, ओरिएंट क्षेत्र में दिनांक 19 से 22 नवम्बर, 2019 तक किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न कोयला एवं धातु कंपनियों से कुल 23 रेस्क्यू टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में ईसीएल की दो टीमों ने भी भाग लिया और इन्हें एफएबी में प्रथम, सांविधिक में प्रथम और ईसीएल को संपूर्ण रूप से छठा पुरस्कार प्राप्त हुआ।

12.11 माइंस रेस्क्यू स्टेशन के लिए बजट प्रावधान:-

विवरण	पूंजीगत बजट (₹ लाख में)		राजस्व बजट (₹ लाख में)	
	2019-20	2018-19	2019-20	2018-19
स्वीकृत	103.50	511.68	2,502.26	2,051.30
व्यय	28.46	176.58	2,394.90	2,016.19

12.12 वर्ष 2019-20 के लिए एमओयू लक्ष्य के अनुसार उपलब्धियों की स्थिति

क्र. सं.	निष्पादन मानदंड	मापन में इकाई	वर्ष के लिए लक्ष्य	उपलब्धि
1.	सभी खदानों का सुरक्षा आडिट और सुरक्षा आडिट की सिफारिशों का अनुपालन, यदि कोई हो	दिनांक	31.01.2020	31.01.2020 में पूर्ण
2.	पिछले वर्ष की तुलना में घातक दुर्घटना दर में कमी % (प्रति मिलियन टन)	%	5	-41.18
3.	पिछले वर्ष की तुलना में गम्भीर दुर्घटना दर में कमी % (प्रति मिलियन टन)	%	5	25

13.0 गुणवत्ता नियंत्रण:

13.1 वजन स्थिति:

विगत वर्ष की तुलना में 2019-20 में बिजली घरों एवं अन्य के आपूर्ति खाते के लिए ईपीएस की मात्रा निम्नलिखित है:

(सभी आंकड़ें मिलियन टन में)

विवरण	2019-20			2018-19		
	विद्युत	अन्य उपभोक्ता	कुल	विद्युत	अन्य उपभोक्ता	कुल
प्रेषित मात्रा	45.33	3.80	49.13	46.886	3.337	50.224
ईपीएस के तहत मात्रा तौल	45.23	3.80	49.03	46.199	3.337	49.536
ईपीएस के तहत तौल %	99.78	100	99.79	98.53	100	98.63

13.2 कोयले के साइजिंग की स्थिति:

वर्ष 2019-20 के दौरान कोयला का कुल प्रेषण 49.135 मिलियन टन था,जिसमें से पावर सेक्टर को 45.33 मिलियन टन प्रेषित किया गया। ईसीएल से 100 एमएम आकार के 100 % क्रश कोयले की आपूर्ति की जा रही है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है:

(सभी आंकड़ें मिलियन टन में)

कोयला साइजिंग	2019-20			2018-19		
	विद्युत	अन्य	कुल	विद्युत	अन्य	कुल
सीएचपी/एफबी में आकार किए गए कोयले की मात्रा (एल/टी)	45.33	3.80	49.13	46.886	3.337	50.224
%	100	100	100	100	100	100
आकार किए गए कोयले का कुल %	100	100	100	100	100	100

14.0 सतर्कता गतिविधियाँ:

ईसीएल में प्रबंधन की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, निष्पक्षता, दायित्व बोध तथा दक्षता सुनिश्चित करने में सतर्कता विभाग सहायता करता है। संस्थान की कार्यप्रणाली की छवि को 'पारदर्शी तथा उचित' दिखाने के लिए विभिन्न प्रकार की सतर्कता गतिविधियाँ वर्ष भर जारी रही। ईसीएल के विभिन्न हितधारकों के बीच विश्वास बहाली के लिए पिछले वर्ष कुछ कठोर एवं अभिनव कदम उठाए गए थे। वर्ष के दौरान ईसीएल के सतर्कता विभाग द्वारा प्राप्त शिकायतों पर बड़ी संख्या में जांच की गई, जिसके फलस्वरूप विभिन्न कमियों / अनियमितताओं को उजागर किया

गया। इन कमियों/ अनियमितताओं को दूर करने के लिए प्रचलित कार्य प्रणाली में कई महत्वपूर्ण सुधार किए गए। इसके अतिरिक्त, कंपनी के संचालन में और अधिक जवाबदेही, पारदर्शिता तथा निष्पक्षता लाने के लिए उन मामलों को गंभीरता से लिया गया, जिनमें जानबूझकर कर गलत नीयत से अनियमितता बरती गई थी। कई मामले का निपटान संबंधित अधिकारियों को सजा देकर किया गया। कमियों को दूर करने के लिए कई विभागों में गहन जांच की गई और कई मामलों का निपटान "प्रणाली सुधार" के रूप में किया गया। सतर्कता विभाग के नियमित देखरेख एवं निगरानी में ईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में आधुनिक आईटी एवं ई-गवर्नेन्स प्रणाली को लागू किया गया है।

14.1 निवारक सतर्कता:

वर्ष 2019-20 के दौरान, सतर्कता विभाग द्वारा ईसीएल की विभिन्न इकाइयों तथा क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर औचक निरीक्षण किया गया ताकि कंपनी की कार्य पद्धति पर संपूर्ण रूप से नजर रखी जा सके। इसके अतिरिक्त, वर्ष के दौरान महत्वपूर्ण संख्या में लाभार्थियों को शामिल करते हुए विभिन्न स्टेक होल्डरों के लिए सतर्कता जागरूकता-सह- प्रेरणात्मक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कई मामलों में प्रचलित प्रणाली का गहराई से अध्ययन किया गया और आवश्यकतानुसार 'प्रणाली में सुधार' के लिए कई कदम उठाए गए, ताकि 'निवारक सतर्कता'के रूप वर्तमान प्रणाली में सुधार हो तथा इसकी कमी को दूर किया जा सके। इन प्रयासों से कंपनी की कार्यप्रणाली पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

क्र. सं.	विषय	2019-20	2018-19
i	नियमित जांच सहित औचक जांच/निरीक्षण की संख्या	77	58
ii.	**सतर्कता जागरूकता सह प्रेरक कार्यक्रम**		
	क. आंतरिक संकायों के साथ जागरूकता कार्यक्रम	18	18
	ख. प्रतियोगिता, निबंध/वाद-विवाद/नुक्कड नाटक/सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि	40	23
	ग. बाहरी या आंतरिक संकायों के साथ सेमिनार/कार्यशाला	02	03
	घ. ग्राम सभाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम	02	01
	ड. मोटर साइकिल रैली	01	01
iii.	गहन जाँच	09	08

14.2 सुधार के लिए उठाये गए कदम:

वर्ष 2019-20 के दौरान प्रणाली सुधार की दिशा में निम्नलिखित उपाय किए गए:

1. सीआईएल क्रय नियमावली के अनुबंध 6.5.3 के अनुसार प्रतिबंधित/असूचीकृत का अर्थ देने वाले शब्द "पुट ऑन होलिडे" या अन्य समान अभिव्यक्तियों को सम्मिलित करने के सुझाव से संबंधित प्रणालीगत सुधार ।
2. सिविल कार्यों से संबंधित संक्षिप्त सूचना के प्रकाशन/प्रक्रिया, एनआईटी का प्रसार और बयाना राशि की गणना की प्रक्रिया में प्रणालीगत सुधार।
3. ईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में डिस्पेंसरियों के संचालन में प्रणालीगत सुधार।
4. किसी भी संविदा कार्य के एनआईटी व बीओक्यु तैयार करने से संबंधित प्रणालीगत सुधार ।
5. उच्च मूल्य दर इंवेंट्री नियंत्रण की खरीद में प्रणालीगत सुधार ।
6. ईसीएल वेबसाइट पर निविदा/संविदा अवार्ड के विवरण की पोस्टिंग से संबंधित प्रणालीगत सुधार ।

14.3 दंडात्मक सतर्कता:

कंपनी की स्वच्छ एवं पारदर्शी छवि को बनाये रखने के लिए जानबूझकर एवं कपटपूर्ण इरादे से की गयी अनियमितताओं से सख्ती से निपटा गया और संबंधित आचरण नियमावली के अनुसार अनुकरणीय दंडात्मक उपाय किए गए। इसके परिणामस्वरूप, कुल 15 (पंद्रह) अधिकारीयों को विभिन्न प्रावधानों के तहत दंडित किया गया।

14.4 तकनीकी लाभ:

कंपनी की पारदर्शिता एवं कार्य क्षमता में सुधार के लिए सतर्कता विभाग द्वारा तकनीकी इस्तेमाल के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए:

क्र. सं.	आईटी क्षेत्र में की गयी पहल	स्थिति/टिप्पणी
1.	जीपीएस/जीपीआरएस आधारित वाहन ट्रैकिंग प्रणाली	उपलब्ध कोयला ट्रकों में कुल 1479 जीपीएस उपकरण लगा दिए गए हैं। मुख्यालय तथा सभी 14 क्षेत्रों में नियंत्रण कक्ष संचालित हैं। वाहनों की ट्रेकिंग जारी है।
2.	सीसीटीवी के द्वारा इलेक्ट्रॉनिक निगरानी	ईसीएल में कुल 1287 सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। कोयले के 113 डिपो में से 111 डिपो में सीसीटीवी कैमरा स्थापित किया जा चुका है। कोयले के डिपो में कुल 326 सीसीटीवी कैमरा स्थापित किया जा चुका है।
3.	आरएफआईडी आधारित बूम बैरियर एवं रीडर्स	स्थापित (यांत्रिक भाग): 51
4.	तुलाचौकी स्थिति	सड़क-104 एवं रेल-12 स्थापन कार्य पूर्ण
5.	वाइड एरिया नेटवर्किंग (डब्ल्यू ए एन)	146 स्थानों में लिंक स्थापित
6.	कोलनेट एप्लीकेशन	ऑनलाइन मैटेरियल मैनेजमेंट सिस्टम-राजमहल,जहां पुराना ओएमएमएस ओरेकल आधारित सिस्टम पर चल रहा है को छोड़कर सभी क्षेत्रीय भंडार गृहों में लागू किया गया है।
		वित्तीय लेखा प्रणाली ईसीएल के सभी क्षेत्रों/इकाइयों में लागू किया गया है। एफएएस में लागत शीट उप-मॉड्यूल सभी क्षेत्रों में लागू किया गया है।
		कार्मिक सूचना प्रणाली: ईसीएल मुख्यालय में लागू किया गया है।
		राजमहल क्षेत्र को छोड़कर सभी क्षेत्रों में गैर अधिकारी पेरोल क्रियान्वित किया गया है। राजमहल के गैर अधिकारियों के लिए कोलनेंट में डाटंआ पोर्टिंग का कार्य चल रहा है। सभी क्षेत्रों में अधिकारियों के लिए पेरोल को क्रियान्वित कर दिया गया है।
		सभी क्षेत्रों में रेल विक्रय माड्यूल लागू। रोड विक्रय जीएसटी अनुवर्ती कर चालान कोलनेट से सभी क्षेत्रों से निकाला जा रहा है।
		वीवीआइपी संदर्भ: ईसीएल मुख्यालय में लागू किया गया।
7.	ऑनलाइन लीव मैनेजमेंट प्रणाली	अधिकारियों के लिए सभी क्षेत्रों में लागू
8.	मोबाइल एप्लीकेशन 1. बिल ट्रेकिंग प्रणाली 2. ऑनलाइन शिकायत निवारण (निदान) 3. स्वच्छ विद्यालय 4. रोड एंड रेल सेल्स (कोयला ग्राहक सेवा) 5. पर्यावरण 6. ई-स्वास्थ्य	लागू
9.	खानों की चहारदीवारी की जियो फेसिंग	ईसीएल के सभी क्षेत्रों में लागू
10.	इंटर एरिया नेटवर्क (एलएएन/डब्ल्यूएएन)	ईसीएल के सभी क्षेत्र मुख्यालय एवं कोलकाता विक्रय कार्यालय से जुड़ चुके हैं।
11.	बॉयोमेट्रीक उपस्थिति	कंपनी के कर्मचारियों के लिए पे-रोल डाटा को बॉयोमेट्रीक उपस्थिति से जोड़ दिया गया है।
12.	ईएमडी की स्वतः: वापसी	लागू
13.	रिवर्स ऑक्शन	₹ 1 करोड़ से अधिक के अनुमानित संविदा मूल्य के लिए लागू।
14.	3डी टीएलएस	राजमहल एवं सोनपुर बाजारी में स्थापित

14.5 एकीकरण करार कार्यक्रम का कार्यान्वयन:

ईसीएल में एकीकरण करार विधिवत कार्यान्वित किया जा चुका है और यह प्रचलन में है।

14.6 सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन:

केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार ईसीएल में दिनांक 28.10.2019 से 02.11.2019 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का

आयोजन किया गया। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह के आयोजन का विषय “सत्यनिष्ठा - एक जीवन शैली" था। संपूर्ण कंपनी में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जैसे नुक्कड़ नाटक, मोटर साइक्लोथान आदि का आयोजन किया गया। सरदार वल्लभ भाई पटेल की144वीं जयंती के अवसर पर दिनांक 31.10.2019 को एक समारोह आयोजित किया गया था। दिनांक 01.11.2019 को, सोनेपुर बज़ारी क्षेत्र में भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों के प्रति संवेदित करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायतों में जागरूकता के प्रसार के लिए ग्राम सभा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिनांक 02.11.2019 को 15 मिनट की एक एनिमेशन फिल्म का प्रसारण किया गया जिसमें बिल ट्रैकिंग प्रणाली के लाभ के बारे में बताया गया। सप्ताह भर चलने वाले इस आयोजन में ईसीएल मुख्यालय और सभी क्षेत्रों/इकाइयों/प्रतिष्ठानों के महत्त्वपूर्ण स्थानों पर भ्रष्टाचार विरोधी नारों के बैनरों और पोस्टरों को प्रदर्शित किया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2019 में लोगों की बड़ी संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ईसीएल के सीयूजी नंबरों की कॉलर ट्युन को दिनांक 21.10.2019 सेट किया गया ताकि सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2019 और इसकी मुख्य विषयवस्तु से लोगों को संवेदित किया जा सके।

14.7 महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ:

क) सामान्य प्रबंधन कार्यप्रणाली के साथ सतर्कता गतिविधियों को एकीकृत करके, जागरूकता-सह प्रेरणा कार्यक्रम में नियमित संवाद के माध्यम से कंपनी को कर्मचारियों और अन्य हितधारकों के बढ़े हुए मनोबल के रूप में लाभ हुआ है । यह उत्पादन और उत्पादकता में उल्लेखनीय रूप से परिलक्षित हुआ है।

ख) नियमित निगरानी ने उत्पादन की ओवर-रिपोर्टिंग को रोकने में मदद की है और वसूली के कई प्रस्तावों से चूककर्ताओं से दंड के रूप में बड़ी मात्रा में आर्थिक लाभ हुआ है।

ग) पारदर्शिता बढ़ाने के साथ-साथ दक्षता बढ़ाने में कई आईटी- पहलों का इस्तेमाल बहुत सहायक रहा है । इसके अलावा, अधिक प्रतिस्पर्धी बिडिंग के माध्यम से लागत में कमी आयी है और समग्र रूप से काम का माहौल अच्छा हुआ है।

घ) जांच और रिपोर्ट के लिए सीवीसी और एमओसी संदर्भित मामलों के अनुपालन उल्लेखनीय रूप से किया गया है।

ङ) विभिन्न औचक निरीक्षणों और सीटीई निरीक्षण के परिणामस्वरुप 1,98,61,692.63 रुपए की वसूली / बचत हुई।

14.8 मिशन जटायु के अंतर्गत गतिविधियाँ

दुर्भावनाएँ, अनियमितता और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने के लिए सतर्कता विभाग, ईसीएल द्वारा मिशन "JATAYU" के तहत कर्मचारियों और हितधारकों के बीच "FITE" (F - फेयरनेस; I - सत्यनिष्ठा; T - पारदर्शिता; E- समानता) को समाहित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए गए हैं। सामान्य सतर्कता, विभिन्न विषयों पर सीवीसी दिशानिर्देश, विभागीय जांच और प्राकृतिक न्याय, सिविल इंजीनियरिंग, स्टोर और प्रोक्योरमेंट, सामान्य वित्त जागरूकता, और सर्वेक्षण संबंधी मामलों और सावधानियों, केस स्टडीज, कॉन्ट्रैक्ट मैनेजमेंट आदि जैसे विषय इसके अंतर्गत विस्तृत किए गए। मिशन JATAYU के तहत वर्ष के दौरान लगभग 23 जागरूकता कार्यक्रमों को ECL के लगभग सभी क्षेत्रों में आयोजित किया गया।

15.0 कर्मियों का विवरण:

कंपनी अधिनियम, 2013 के अध्याय XIII के अंतर्गत कंपनी नियमावली, 2014 के नियम 5 (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति एवं पारिश्रमिक) में निर्धारित सीमा से अधिक पारिश्रमिक किसी भी कर्मी ने प्राप्त नहीं किया है।

16.0 राजभाषा कार्यान्वयन:

वर्ष 2019-20 के दौरान हिंदी पत्राचार का प्रतिशत,‘क’क्षेत्र में 57.15%,‘ख’क्षेत्र में 87.50% और ‘ग’क्षेत्र में 56.62% दर्ज किया गया। मुख्यालय एवं क्षेत्रों के सभी कंप्यूटरों में यूनिकोड सक्रिय कर दिया गया है, जिससे इन कंप्यूटरों पर हिंदी में काम किया जा सकता है। प्रत्येक विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को कंप्यूटर पर हिंदी में काम करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है, ताकि हिंदी पत्राचार में वृद्धि हो सके। गृह मंत्रालय, भारत सरकार को राजभाषा संबंधित त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट ऑनलाइन भेजी जा रही है। वर्ष 2019-20 के दौरान, मुख्यालय में 1 से 14 सितंबर, 2019 तक हिंदी पखवारे का आयोजन किया गया था और साथ ही हिंदी भाषी और गैर-हिंदी भाषी कर्मचारियों के लिए अलग-अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया था। हिंदी पखवाड़ा के अवसर पर मुख्यालय परिसर में राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित प्रावधानों को डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।

वर्ष के दौरान, 22 कार्यशालाओं का आयोजन किया गया था। दिनांक 07.12.2019 को अखिल भारतीय हिंदी कवि सम्मेलन का आयोजन को किया गया, जिसमें अखिल भारतीय स्तर के कवियों को आमंत्रित किया गया। ‘विश्व हिंदी दिवस’ के अवसर पर दिनांक 10 जनवरी, 2020 को काजी नजरूल विश्वविद्यालय आसनसोल में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया और विश्वविद्यालयों के छात्रों के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। वर्ष 2019-20 के दौरान ‘ज्योत्सना’ (कंपनी की गृह पत्रिका) के दो अंक प्रकाशित हुए। इसके अलावा, ईसीएल के सालनपुर क्षेत्र से एक वार्षिक हिंदी पत्रिका ‘ऊर्जा स्रोत’ प्रकाशित की गई। ईसीएल दर्पण (द्वैमासिक

पत्रिका, द्विभाषी-हिंदी एवं बांग्ला) को नियमित रूप से प्रकाशित किया जा रहा है और वर्ष के दौरान इसके 06 अंक प्रकाशित किए गए हैं। नराकास मुख्यालय द्वारा अपने सदस्यों के लिए आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में ईसीएल को 48 टीमों के बीच प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

17.0 कंप्यूटरीकरण तथा सूचना प्रौद्योगिकी युक्त सेवाएँ:

17.1 ईसीएल में ई-निविदा प्रकोष्ठ की गतिविधियाँ:

क. वर्ष 2019-20 के दौरान, कुल 3959 निविदाएँ सीआईएल ई-टेंडरिंग पोर्टल: http://coalindiatenders.nic.in पर प्रकाशित किए गए,जिनमें से 2117 निविदाओं को पूरा किया गया, 288 को निरस्त किया गया और शेष निर्णय के विभिन्न स्तरों में है।

ख. ई-टेंडरिंग में शामिल हैंग आउट/ टीम व्यूअर, एम्मी एडमिन, एनी डेस्क इत्यादि आधुनिक सॉफ्टवेयर का प्रयोग करके सभी क्षेत्रों कर्मशालाओं में संस्थानिक तथा रिमोट माध्यम से प्रशिक्षण/सहायता उपलब्ध करायी गयी।

ग. मा .सं .वि. में 47 नव नियुक्त प्रबंधन प्रशिक्षुओं (एमटी) और मौजूदा अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ ई-खरीद के संबंध में विचार-विमर्श एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजित किया गया।

घ. मुख्यालय सहित विभिन्न क्षेत्रों एवं कर्मशालाओं के 98 अधिकारियों के डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र (डीएससी) की व्यवस्था की गई।

ड. वर्ष 2019-20 के दौरान ई-निविदा पोर्टल के माध्यम से टेंडर पूरा होने की औसत चक्र अवधि 113 रही। ई-निविदा पोर्टल के माध्यम से निविदा पूर्ण होने की न्यूनतम चक्र अवधि 11 दिन है।

17.2 विशेष उपलब्धियाँ:

क. कोलनेट: ईसीएल मुख्यालय के केंद्रीय सर्वर में कोलनेट एप्लीकेशन को सक्रिय कर दिया गया है।

कोलनेट मॉड्यूल	क्रियान्वयन की स्थिति
वित्त	सभी क्षेत्रों, स्टोर, वर्कशाप और अन्य प्रतिष्ठानों जैसे माइंस रेस्क्यू स्टेशन और कल्ला सेंट्रल अस्पताल में कार्यान्विता।
सामग्री प्रबंधन	सभी क्षेत्रीय भंडार और कार्यशालाओं में लागू
बिक्री मॉड्यूल (रोड एवं रेल)	सभी क्षेत्रों और तौल सेतुओं (वे ब्रिजों) में लागू
पीआईएस मॉड्यूल	ईसीएल मुख्यालय में केंद्रीकृत रूप से लागू
अधिकारी भुगतान रजिस्टर (पे-रोल)	ईसीएल के सभी क्षेत्रों में लागू
कर्मचारी रजिस्टर (पे-रोल)	राजमहल क्षेत्र को छोड़कर पीस रेटेड कर्मचारियों समेत ईसीएल के सभी सभी क्षेत्रों में कार्यान्वित
फाइनेंस मॉड्युल में नया परिवर्धन	1. कैपिटल और रेवन्यु बजट के लिए बजट कंट्रोल सिस्टम 2. मेडिकल रिफरल मोड्युल को फाइनेंस में समाहित किया गया है।

ख. मोबाइल एप्लीकेशन विकास:

एप्लीकेशन का नाम	विवरण
कॉन्ट्रैक्ट सूचना प्रणाली	विभिन्न क्षेत्र और विभाग सतर्कता विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये एक निश्चित प्रारूप में इस पोर्टल में कॉन्ट्रैक्ट/ कार्यादेश विवरण को अपलोड किया गया है।
ई-आवास पोर्टल	ईसीएल में क्वार्टरों के अनुरक्षण और कब्जा रिपोर्ट इस पोर्टल के माध्यम से अनुवीक्षित की जाती है। क्वार्टरों के 20,000 से अधिक फोटोग्राफ अपलोड किए गए हैं।

17.3 मिशन सुमित (SUMIT) के अंतर्गत गतिविधियां

खदान एवं सूचना प्रौद्योगिकी के सुव्यवस्थित अद्यतनीकरण के लिए मिशन सुमित को प्रारंभ किया गया है। चुंकि सभी खदानों में बहुत पुरानी प्रौद्योगिकी प्रयोग की जा रही थी, इसलिए परियोजना सुमित के द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी के साथ खदान व सहायक गतिविधियों को समाहित करने की जरूरत महसूस की गयी। वर्ष के दौरान मिशन सुमित के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य किए गए:-

1. **ईसीएल सीएसआर फोटो एप-** कंपनी में आयोजित विभिन्न सीएसआर गतिविधियों के फोटोग्राफ खींचने और फिर अपलोड करने के लिए एंड्रोयड एप बनाया गया है। इस एप के प्रयोग से क्षेत्रों और मुख्यालय के नोडल अधिकारी फोटोग्राफ खींचकर अपलोड कर सकते हैं। फोटो का अक्षांश, देशांतर, दिनांक व समय भी मेटाडाटा के रूप में दर्ज हो जाता है।
2. **ईसीएल ई-स्वास्थ्य एप- इसमें** ईसीएल में मौजूदा चिकित्सा सुविधाओं के बारे में विवरण है । सेवानिवृत्त कर्मचारी सीपीआरएमएसई/ सीपीआरएमएसएनई के अनुसार प्रस्तुत बिल और बकाया शेष की जांच कर सकते हैं।
3. **रोड वेब्रिज से स्वचालित डेटा पोस्टिंग:** सड़क के माध्यम से प्रेषण में लगे रोड वेब्रिजों से स्वचालित डेटा पोस्टिंग के कार्यान्वयन

की प्रक्रिया वित्त वर्ष 2019-2020 में शुरू की गई थी और इसे हाल ही में पूरा किया गया है। इस सॉफ्टवेयर को रोड डिस्पैच में लगे 50 रोड वेब्रिजों में सफलतापूर्वक शामिल किया गया है और इसका डेटा स्वचालित रूप से बिलिंग उद्देश्य के लिए ईसीएल मुख्यालय में स्थित सेंट्रल सर्वर पर आ जाएगा।

18.0 इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार:

संचार तथा सूचना प्रौद्योगिकी को और अधिक उन्नत करने के लिए एमपीएलएस क्लाउड में वाइड एरिया नेटवर्क को मुख्यालय (बैंडविड्थ-100 एमबीपीएस), सभी क्षेत्रों (बैंडविड्थ-10 एमबीपीएस), कोलकाता विक्रय कार्यालय (बैंडविड्थ-10 एमबीपीएस) और सभी तौल सेतुओं (बैंडविड्थ-2 एमबीपीएस), केंद्रीय एवं क्षेत्रीय भंडारों (बैंडविड्थ-2 एमबीपीएस), केंद्रीय कार्यशालाओं (बैंडविड्थ-2 एमबीपीएस) और केंद्रीय चिकित्सालय (बैंडविड्थ-2 एमबीपीएस) कुल 146 स्थलों में उपलब्ध कराया गया है। लीज आधारित इंटरनेट लाइन मुख्यालय, और सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में क्रमशः 55 एमबीपीएस एवं 4 एमबीपीएस बैंडविड्थ के साथ उपलब्ध हैं। ऑटो-सह-मैनुअल डायल संचार प्रणाली द्वारा भूमिगत खदानों की संचार प्रणाली को बढ़ाकर कुल 36 खदानों में चालू है। रोड वे-ब्रिज, सेंट्रल एंड एरिया स्टोर, सेंट्रल वर्कशाप और केंद्रीय अस्पताल में 11 नए अतिरिक्त वाइड एरिया नेटवर्क कनेक्शन उपलब्ध कराया गया हैं।

19.0 भूमि अधिग्रहण एवं भूमि सूचना की स्थिति:

19.1 भूमि अधिग्रहण की स्थिति:

वर्ष 2019-20 के दौरान विभिन्न विधियों के तहत भूमि अधिग्रहण/कब्जा की स्थिति का विवरण निम्नलिखित है:

अधिग्रहण की विधि	अधिग्रहीत (हे.में)	कब्जा (हे.में)
काश्तकारी भूमि की सीधी खरीद	52.60	52.60
एल. ए. अधिनियम/ आरएफसीटीएलएआरआर अधिनियम	-	-
सीबीए अधिनियम	-	111.11
सरकारी भूमि का हस्तांतरण	2.89	2.89
वन भूमि का अंतरण	124.28	-
कुल	179.77	166.60

19.2 सरकारी भूमि का स्थानांतरण:

पश्चिम बंगाल:

वर्तमान वर्ष में राज्य सरकार ने 7.14 एकड़ सरकारी भूमि के हस्तांतरण को मंजूरी दे दी है, जो कुनुस्तोरिया क्षेत्र के इगारा मौजा से संबंधित है। केंदा मौजा (केंदा क्षेत्र) में 2.81 एकड़ भूमि और पारसकोले मौजा (कजोरा क्षेत्र) में 21.04 एकड़ भूमि का हस्तांतरण राज्य सरकार से अनुमोदन के लिए लंबित है।

झारखंड:

चित्रा, एसपी माइंस, 137.02 एकड़: ईसीएल ने चित्रा ईस्ट ओसीपी के लिए 30 साल की लीज पर सरकारी और गोचर भूमि के 137.02 एकड़ जमीन के हस्तांतरण के लिए पहले से ही मांगी गयी राशि जमा कर दी है। उक्त जमीन का हैंडओवर राज्य सरकार से नहीं मिला है। 5 मार्च, 2020 को मुख्यमंत्री के साथ बैठक में राज्य प्राधिकरणों द्वारा निर्मित स्टेटस रिपोर्ट के अनुसार, ईसीएल को भूमि का अधिकार सौंपने के लिए राज्य प्राधिकरणों द्वारा प्रस्तावों की प्रक्रिया के संबंध में निम्नानुसार है:

भूमि क्षेत्रफल (एकड़ में)	स्थिति
13.50	संदर्भ पत्र संख्या 4123 दिनांक 30.10.2019 द्वारा कैबिनेट से अनुमोदित, लेकिंग 31.03.2020 तक कब्जा नही मिला।
64.64	संदर्भ पत्र संख्या 171 व 179 दिनांक 22 जनवरी, 2020 द्वारा विभागीय अनुमोदन के लिए संसाधित
33.44	संदर्भ पत्र संख्या 397 व 399 दिनांक 18 फरवरी, 2020 द्वारा विभागीय अनुमोदन के लिए संसाधित
6.22	6.22 एकड़ का प्रस्ताव पुनर्परीक्षा के लिए वापस
19.22	अमान्य भूमि, डीसी देवघर ने कहा ग्राम सभा 15 मार्च, 2020 को होगी

19.3 सीबीए (ए एंड डी) अधिनियम, 1957 के अंतर्गत प्रगति:

परियोजना का नाम	जिला/राज्य	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	आवेदन की तारीख	स्थिति
अमरकोंदा-मुरगादंगल	दुमका झारखंड	767.77	22.02.2019	भारत के राजपत्र में एस.ओ. संख्या 495 दिनांक 28 मार्च, 2019 द्वारा धारा 4(i) के अंतर्गत अधिसूचना प्रकाशित
चिचरो पटसीमल समेत ब्रह्मिनी नार्थ	दुमका झारखंड	1703.137	09.05.2019	भारत के राजपत्र में एस.ओ. संख्या 918 दिनांक 03 जून, 2019 द्वारा धारा 4(i) के अंतर्गत अधिसूचना प्रकाशित
ब्रहमिनी सेंट्रल	दुमका झारखंड	3731.985	29.05.2019	भारत के राजपत्र में एस.ओ. संख्या 1257 दिनांक 16 जुलाई, 2019 द्वारा धारा 4(i) के अंतर्गत अधिसूचना प्रकाशित
ब्रहमिनी साउथ	दुमका झारखंड	1305.248	29.05.2019	भारत के राजपत्र में एस.ओ. संख्या 1256 दिनांक 08 जुलाई, 2019 द्वारा धारा 4(i) के अंतर्गत अधिसूचना प्रकाशित

19.4 पुनर्वास की स्थिति

वर्ष 2019-20 के दौरान पुनर्वास लाभ प्राप्त करने वाले परियोजना प्रभावित परिवारों की स्थिति-

क्षेत्र का नाम	नौकरी के बदले आर्थिक लाभ	भूमि के बदले आर्थिक लाभ	भूमि दी गयी	वास्तविक रूप से शिफ्ट परियोजना प्रभावित परिवार
सोनपुर बजारी	-	-	-	-
एस पी माइंस	-	-	-	-
पांडवेश्वर	-	149	-	324
राजमहल	35	-	-	-
सलानपुर	-	-	-	211
सोदपुर	39	35	-	-
कुल	**74**	**184**	**-**	**535**

19.5 केंद्र/राज्य सरकार से प्राप्त अनुमोदन

कोयला मंत्रालय:

क. 2/3 जनवरी, 2020 को प्राप्त सीबीए अधिनियम, 1957 के तहत हासिल की गई डकैता मौजा में 34.05 एकड़ भूमि के अधिग्रहण पर मौजा तालझरी के परियोजना प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के प्रस्ताव को मंजूरी।.

ख. 21 अक्टूबर, 2019 को प्राप्त 47.83 एकड़ जमीन पर हयुकिता और सुरमरी मौजा में पुनर्वास स्थल विकसित करने के प्रस्ताव को मंजूरी।

ग. परियोजना प्रभावित लोगों के लिए 16/19 अगस्त, 2019 को प्राप्त 27.266 हेक्टेयर भूमि पर डुमरिया और राबडीह संथाली मौजा में पुनर्वास स्थल को विकसित करने की स्वीकृति।

राज्य सरकार:

ईसीएल के पक्ष में ए 1 भूमि की रिकॉर्डिंग और निजी डेबोटेर भूमि के हस्तांतरण और म्यूटेशन जैसे लंबे समय से लंबित मुद्दों को पश्चिम बंगाल के राज्य प्राधिकरणों के विभिन्न स्तरों पर निपटाया गया था। कई बैठकें जिला और साथ ही राज्य के मुख्यालय स्तर पर आयोजित की गईं। अंत में, 26 फरवरी, 2020 को पश्चिम बंगाल के प्रधान सचिव और एलआरसी की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में कुछ निर्देश जारी किए गए, जिनका पालन राज्य के पदानुक्रम के निचले स्तरों पर किया जाना है। ईसीएल अब इस मामले को जल्द सुलझाने के लिए कार्य कर रहा है।

19.6 वर्ष 2019-20 के दौरान विशेष उपलब्धियाँ:

1. 7 जिलों में जिला भूमि प्रकोष्ठ का गठन किया गया है, जहां वर्तमान में ईसीएल संबंधित जिलों में भूमि संबंधी मुद्दों के समाधान और समाधान के लिए चल रही है।s.
2. एसओपी: एक मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की गई है और एएससीआई, हैदराबाद द्वारा इसकी जांच की जा रही है।
3. ईसीएल ने भूमि अधिग्रहण के वास्तविक रिकॉर्ड रखने के लिए वेब-आधारित सॉफ्टवेयर लॉन्च करने और भूमि अधिग्रहण / कब्जे / मुआवजे/ रोजगार आदि के भुगतान के प्रसंस्करण प्रस्तावों के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के निर्माण के लिए एक पहल की है। इसे एनआईसी पश्चिम बंगाल के माध्यम से लागू किए जाने की संभावना है।

4. ईसीएल की जमीनों के संबंध में दस्तावेज खोजने के लिए पूर्व बर्धमान, पश्चिम बर्धमान, बांकुरा और पुरुलिया जिलों के डीएसआर और एडीएसआर कार्यालयों में भूमि रिकॉर्ड की खोज की गई है। उक्त खोज के परिणाम दो खंडों में प्रकाशित किए गए हैं (जिन्हें बुकलेट ऑफ डीड्स वॉल्यूम I और II के नाम से जाना जाता है) और सभी क्षेत्रों में परिचालित किया गया। उक्त पुस्तिका के वॉल्यूम (III) की तैयारी चल रही है। खोज की प्रक्रिया अभी भी उन कार्यालयों के साथ-साथ 'रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस', कोलकाता के कार्यालय में चल रहा है।

20.0 सुरक्षा प्रबंधन:

सुरक्षा विभाग का लक्ष्य कंपनी की सामग्री एवं परियोजनाओं की सुरक्षा है तथा कोयला चोरी एवं अवैध खनन गतिविधियों को रोकना है। कंपनी में चार प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था मौजूद है।

1.	ईसीएल सुरक्षा	-	2071 कर्मचारी
2.	सीआईएसएफ	-	862 कर्मचारी
3.	संविदा सुरक्षा	-	1500 कर्मचारी
4.	होम गार्ड	-	170 कर्मचारी

ईसीएल सुरक्षा :

ईसीएल सुरक्षा कर्मियों का मुख्य कर्तव्य कंपनी की संपत्ति यानि भंडार, कार्यालय, बारूद घर, कोल डिपो/ साईडिंग्स, कॉलोनियों की सुरक्षा करना और प्रबंधन के आवश्यकतानुसार वीआईपी की एस्कॉर्टिंग करना है। लोडिंग होने तक लोडेड रेलवे रेक, टिपिंग ट्रकों/कोल डिपो से डंपरों/साइडिंग से रेलवे वे-ब्रिजों की एस्कॉर्टिंग करना है। कोई संदिग्ध सूचना एवं खुफिया जानकारी प्राप्त होने पर हमारे सुरक्षा कर्मियों, स्थानीय पुलिस और के.औ.सु.ब. द्वारा संयुक्त रूप से छापामारी भी किया जाता है और कोयला चोरी में शामिल ट्रकों/वाहनों को जब्त किया जाता है तथा अपराधियों को गिरफ्तार कर उन्हें स्थानीय पुलिस थाने को सौंप दिया जाता है और तदनुसार उसके विरूद्ध एफआईआर दर्ज की जाती है। ईसीएल में हड़ताल/घेराव/प्रदर्शन/भूख हड़ताल प्रदर्शन के समय और ईसीएल के क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने पर कंपनी के सुरक्षा कर्मियों को भी तैनात किया जाता है।

संविदा सुरक्षा:

सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने के लिए ईसीएल सुरक्षा कर्मियों के साथ संविदा सुरक्षा कर्मियों को भी तैनात किया जाता है।

सीआईएसएफ:

सीआईएसएफ को ईसीएल की राजमहल, सोनपुर बज़ारी एवं एसपी माइन्स में स्थायी तौर पर तैनात किया गया है। इसके अलावा,मुगमा, सलानपुर, श्रीपुर, कुनुस्टोरिया, पांडवार, कालीदासपुर और सतग्राम क्षेत्र में भी इनके लिए कैंप बनाये गए हैं। वे अवैध खनन, कोयले की अवैध तस्करी और अवैध कोयला डिपो के विरूद्ध छापामारी करने के लिए मोबाइल ड्यूटी पर तैनात रहते हैं और कोलियरी/क्षेत्र में हड़ताल/घेराव के दौरान भी तैनात किए जाते हैं।

होमगार्ड:

मुगमा, एसपी माइंस एवं राजमहल क्षेत्र में ईसीएल सुरक्षा कर्मियों के साथ 170 होमगार्ड तैनात किए गए हैं।

ईसीएल में सुरक्षा विभाग के पुनर्गठन के लिए उठाए गए कदम:

क. सीआईएसएफ मुख्यालय को 700 के.औ.सु.बलों का अनुरोध भेजा गया है। इन्हें विशेष रूप से ईसीएल के बारूद घरों में तैनात करने की योजना है, जिनमें से 210 के.औ.सु.ब. जवानों का अनुमोदन गृह मंत्रालय द्वारा दिया गया है।

ख. रेलवे साइडिंग में सीसीटीवी आरएफआईडी एवं बूम बैरियर जैसी अन्य मशीनों की स्थापना के लिए एजेंसियों से संपर्क किया गया है।

ग. ईसीएल मुख्यालय में बायो-मीट्रिक उपस्थिति प्रणाली को स्थापित किया गया है।

घ. स्थानीय पुलिस थानों से जब्त कोयले को इकट्ठा करने के लिए एक तंत्र तैयार किया गया है। ईसीएल ने विभिन्न पुलिस थानों से जब्त कोयले को प्राप्त किया है।

ङ. झारखंड पुलिस के पर्यवेक्षण में आईआरबी, जामताड़ा में 649 प्रशिक्षु सुरक्षा गार्डों को मूलभूत प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। सभी प्रशिक्षु सुरक्षा गार्डों को नियमित कर दिया गया है।

च. वर्ष के दौरान विभिन्न ग्रेडों के 1048 सुरक्षा कार्मिकों को पदोन्नति दी गयी।

कोयले के अवैध खनन/परिवहन की रोकथाम के लिए उठाए जा रहे कदम:

1. खुफिया जानकारी इकट्ठा करना।
2. विभागीय पे-लोडर/ डोजर और कभी-कभी अनुबंधित माध्यम से अवैध कोयला खनन स्थलों तथा भू-धंसान क्षेत्र को डोजिंग करना/भरना/सील करना।
3. सीआईएसएफ,पुलिस एवं ईसीएल सुरक्षा कर्मियों द्वारा संयुक्त रूप से औचक जाँच/ छापामारी करना और चोरी में शामिल वाहनों के साथ अवैध कोयला/तस्करी-कोयले को जब्त करना और अपराधियों को पकड़कर उन्हें स्थानीय पुलिस थानों को सौंपना।

4. अवैध खनन और कोयला चोरी पर अंकुश लगाने के लिए पश्चिम बंगाल एवं झारखंड राज्य के जिला प्राधिकारियों के साथ राज्य एवं जिला स्तरीय बैठक (पश्चिम बंगाल के बर्धमान, बांकुरा, पुरुलिया एवं बीरभूम और झारखंड के साथ संयुक्त जिला स्तरीय बैठक) की गई है।
5. कोयला चोरी और अवैध खनन के मुद्दों से निपटने के लिए एक समर्पित टास्क फोर्स का गठन किया गया है। अवैध खनन गतिविधियों का पता लगाने के लिए क्षेत्रीय महाप्रबंधकों, एजेंटों और प्रबंधकों द्वारा लीजहोल्ड क्षेत्रों के साप्ताहिक निरीक्षण से प्रणाली में सुधार लाया गया है
6. जिला प्राधिकारी एवं सब-डिविजन प्राधिकारी द्वारा संबंधित पुलिस थानों को अपनी सतर्कता बढ़ाने का सलाह दिया गया है, ताकि डोजिंग किए गए अवैध खनन स्थलों को फिर से खोलने से रोका जा सके।
7. क्षेत्रीय दल द्वारा प्रभावित स्थलों का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाता है, जिसमें सीआईएसएफ अधिकारियों के साथ महाप्रबंधक, क्षेत्रीय सर्वे अधिकारी, क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी संयुक्त रूप से शामिल होते हैं और तदनुसार उचित रणनीति बनाने के लिए कमांडेंट, सीआईएसएफ कार्यालय में नियमित रूप से बैठकें की जाती हैं.
8. न्यायालय में लंबित मामलों के तार्किक निष्पादन के लिए ईसीएल ने वकील की प्रतिनियुक्ति की है।
9. निचली अदालत और आसनसोल के सत्र न्यायालय में लोक अभियोजक के साथ भी चर्चा की गई है ताकि अदालत में लंबित मामले की त्वरित सुनवाई के लिए आवश्यक कदम उठाए जा सकें।
10. कोयले की चोरी को रोकने के लिए सीआईएसएफ,निजी सुरक्षा कर्मियों एवं ईसीएल सुरक्षा कर्मियों द्वारा संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण/ छापामारी की जाती है। औचक निरीक्षण/ छापामारी के दौरान अवैध कोयले की जब्त किया जाता है और अपराधियों को पकड़कर उनके विरूद्ध स्थानीय पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज की जाती है। करने के बाद उन्हें पुलिस को सौंप दिया जाता है।
11. सशस्त्र सुरक्षा कर्मियों द्वारा साइडिंग से रेलवे तौल सेतु (वे-ब्रिज)तक कोयले से लदी रेक की एस्कॉटिंग की जाती है।

कोयला चोरी रोकने के लिए तकनीकी हस्तक्षेप

क. खनन प्रहरी ऐप- आम लोगों को शिकायतकर्ता की पहचान को छिपाते हुए अवैध खनन की किसी भी घटना की सूचना देने के लिए शुरू किया गया।

ख. सभी क्षेत्रों में कोयले की चोरी को रोकने के लिए जीपीएस आधारित वाहन निगरानी प्रणाली का आरंभ कर कदम उठाया गया है।

ग. निगरानी और पर्यवेक्षण के लिए प्रत्येक रेलवे साइडिंग और अन्य संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

घ. जीपीएस सक्षम वीटीएमएस प्रणाली को लाइव ट्रैकिंग के लिए कोयला परिवहन वाहन में लगाया गया है।

20.1 सीआईएसएफ, ईसीएल सुरक्षा कर्मियों, डीजीआर प्रायोजित सुरक्षा कर्मियों और स्थानीय पुलिस द्वारा जब्त किए गए अवैध तस्करी-कोयले एवं अवैध खनन कोयले का विवरण:

वर्ष	राज्य	छापामारी की संख्या	जब्त कोयला (टन)	जब्त वाहन	पकड़े गए अपराधियों की संख्या	दर्ज एफआईआर की संख्या
अवैध तस्करी-कोयले की जब्ती						
2019-20	पश्चिम बंगाल	1268	13675.06	47	25	228
	झारखण्ड	659	6877.28	06	03	82
	कुल	1927	20552.34	53	28	310
2018-19	कुल	1772	15948.62	65	30	359
	अंतर	155	4603.72	-12	-2	-49
ईसीएल सुरक्षा कर्मियों, सीआईएसएफ तथा स्थानीय पुलिस द्वारा अवैध खनित कोयला की जब्ती						
2019-20	पश्चिम बंगाल	224	1397.54	07	03	224
	झारखण्ड	18	17.11	-	-	18
	कुल	242	1414.65	07	03	242
2018-19	कुल	915	1451.63	27	-	248
	अंतर	-673	-36.98	-20	03	-6

उपर्युक्त आंकड़े सीआईएसएफ, ईसीएल सुरक्षा कर्मियों तथा पुलिस द्वारा कोलियरी परिसर के बाहर की गई जब्ती से संबंधित है। यह कोयला अवैध खनन स्थलों अथवा अवैध तरीकों/अवैध कोयला भंडारों से ट्रकों द्वारा परिवहन किया जा रहा था।

डोजिंग/सीलिंग/अवैध खनन स्थलों की भराई के दौरान ईसीएल के पट्टाधारित एवं गैर-पट्टाधारित क्षेत्र के बाहर डोजिंग स्थल पर ईसीएल के

सुरक्षाकर्मियों सहित सीआईएसएफ और स्थानीय पुलिस को भी तैनात किया जाता है। वर्ष के दौरान अवैध कोयला खनन को रोकने के लिए 1765 स्थलों की डोजिंग/भराई की गई। कोयला चोरी तथा अवैध कोयला खनन की हानिकारक गतिविधि के नियंत्रण के लिए राज्य प्रशासन भी सक्रिय है।

20.2 अवैध रूप से ले जाये जा रहे कोयले की जब्ती:

वर्ष	2019-20	2018-19	अंतर (वृद्धि/कमी)
छापा की सं.	1927	1772	155
एफआईआर/सूचना की सं.	310	359	-49
जब्त कोयले की मात्रा (मीट्रिक टन में)	20,552.34	15,948.62	4603.72
जब्त वाहन की संख्या	53	65	-12
पकड़े गए अपराधियों की सं.	28	30	-02

20.3 अवैध खनन स्थलों से जब्ती

वर्ष	2019-20	2018-19	अंतर (वृद्धि/कमी)
छापा की सं.	242	915	-673
एफआईआर/सूचना की सं.	242	248	-06
जब्त कोयले की मात्रा (मीट्रिक टन में)	1414.65	1451.63	-36.98
जब्त वाहन की संख्या	07	27	-20
पकड़े गए अपराधियों की सं.	03	-	03

20.4 अन्य सामग्रियों की चोरी/ वसूली

वर्ष	2019-20	2018-19	अंतर (वृद्धि/कमी)
छापा की सं.	99	117	-18
एफआईआर/सूचना की सं.	74	76	-2
चोरी गयी संपत्ति (रुपए में)	30,63,022.10	27,38,418.34	3,24,603.76
वसूल संपत्ति (रुपए में)	4,61,392.50	3,66,622.50	94,770.00
पकड़े गए अपराधियों की सं.	01	08	-07

21.0 आउटसोर्सिंग ओसी पैच:

वर्ष 2019-20 में कंपनी ने 33 आउटसोर्सिंग ओसी पैचों से 309.93 लाख टन कोयले का उत्पादन किया तथा 1162.70 लाख घनमीटर मलवा हटाया, जिससे गत वर्ष के 33आउटसोर्सिंग पैचों से 310.08 लाख टन कोयले का उत्पादन तथा 1015.14 लाख घनमीटर मलवा हटाई की तुलना में इस वर्ष कोयला उत्पादन में 0.48% की कमी तथा मलवा हटाई में 14.53% की वृद्धि दर्ज की गई।

21.1 किराए पर एचईएमएम के माध्यम से वर्ष 2019-20 में दिए गए ओपेनकास्ट पैच

क्र.सं.	पैच/क्षेत्र का नाम	अवार्ड की गयी मात्रा		अवार्ड राशि (करोड़ रुपए में)
		कोयला (लाख टन में)	ओवरबर्डेन (लाख क्युबिक मीटर)	
1.	जाम्बाड ओसी पैच, कजोरा क्षेत्र	---	40.00	27.18
2.	खोटाडीह III व IV पैच, पांडवेशवर क्षेत्र	---	86.21	44.42
3.	उत्तरी सियरसोल फेज-IV, कुनुस्तोरिया क्षेत्र	41.00	406.80	280.74

4.	माधवपुर फेज-II ओसी पैच कजोरा क्षेत्र	5.25	27.00	16.58
5.	हुरा सी ओसी पैच, राजमहल क्षेत्र	59.52	120.55	116.09
6.	सोनपुर बजारी क्षेत्र का ड्रैगलाइन पैच	32.20	227.00	238.15
7.	सोनपुर बजारी क्षेत्र क्वारी 2-बी	128.10	841.60	896.66
	कुल			**1619.82**

21.2 वर्ष 2019-20 में अवार्ड की गयी परिवहन संविदा

क्र. सं.	क्षेत्र का नाम व कार्य	अवार्ड की मात्रा (लाख टन में)	अवार्ड राशि (लाख रुपए में)
1.	झांझरा क्षेत्र (एमआईसी से पीओसीपी साइडिंग तक परिवहन)	26.00	1789.96
2.	झांझरा क्षेत्र (3 और 4 इंक्लाइन से पीओसीपी साइडिंग तक परिवहन)	8.64	650.99
3.	झांझरा क्षेत्र (पीओसीपी-1 और 2 साइडिंग में अनुबंधित वैगन लोडिंग)	40.11	395.26
4.	पांडवेश्वर क्षेत्र (खोटाडीह यूजी स्टॉक से एसएस साइडिंग तक कोयले का परिवहन)	6.35	352.84
5.	सालनपुर क्षेत्र (बोंजहेमरी साइडिंग में वैगन लोडिंग	43.00	376.97
6.	केंडा क्षेत्र (शंकरपुर ओसीपी से बहौला क्रशर तक कोयले का परिवहन)	5.25	269.91
7.	मुगमा (बरमुरी ओसीपी के डिपुओं से सीपी रेलवे साइडिंग तक कोयला लोडिंग और परिवहन)	4.00	399.01
8.	सोनपुर बाजारी (8 लाख टन डिपो से दलुरबैंड साइडिंग)	8.00	528.00
9.	सोनपुर बाजारी (फेस से डिपो तक 90 लाख टन कोयला लोड और परिवहन	90.00	6028.72
10.	कुनसोरिया (बांसरा आरएलवाई में लोडिंग प्वाइंट तक स्टॉक साइट से क्रश्ड कोयले की ढुलाई सहित मोबाइल क्रशर द्वारा क्रशिंग। कुनसोरिया क्षेत्र के तहत साइडिंग)	20.955	574.16
	कुल		**11365.82**

21.3 वैश्विक भूमिगत संविदा: वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान भूमिगत खदानों में बड़े पैमाने पर उत्पादन तकनीकी के लिए निम्नलिखित संविदा/गतिविधि की गयी-

क्र. सं.	क्षेत्र	कार्य का नाम	अवार्ड की मात्रा (मिलियन टन में)	अवार्ड राशि (करोड़ रुपए में)
1.	झांझरा	5 एपीपी के लिए झांझरा सीएम-1 का विस्तार	2.55	214.44
2.	झांझरा	5 एपीपी के लिए झांझरा सीएम-II का विस्तार	2.6375	279.32
3.	बंकोला	6 एपीपी के लिए कुमारडीह-बी कम ऊंचाई वाले कंटीन्युअस माइनर की स्थापना	2.09	306.98

22.0 कारपोरेट गवर्नेंस:

कारपोरेट गवर्नेंस वह प्रक्रिया है जिसके तहत शेयरधारकों एवं सामाजिक अपेक्षाओं को पूरा किया जाता है। यह एक प्रतिबद्धता है,जिसके तहत शेयरधारकों के मौलिक विश्वास को बढ़ाया जाता है, कार्य में पारदर्शिता, संगठन के सभी घटकों के बीच अपने विश्वास मूल्यों को बढ़ाया जाता है। कारपोरेट गवर्नेंस एक ऐसा अनुशासन है जो बोर्ड, प्रबंधन तथा कर्मचारियों को शेयरधारकों के हितों में कार्य करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करता है। इसमें एक रचनात्मक, सकारात्मक सोच एवं गतिविधि शामिल है जो विभिन्न हितधारकों के मूल्यों को बढ़ावा देता है।

ईसीएल सभी क्षेत्रों के संचालन, अपने सभी हितधारकों की बैठक, शेयरधारकों के मूल्यों को बढ़ावा देने, सभी अंशधारकों को समय पर सभी तथ्यात्मक सूचना उपलब्ध कराने में पूरी पारदर्शिता एवं जवाबदेही पूर्ण कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। जोखिम कम करने एवं भूमि संबंधी कानूनों के अनुपालन, रणनीति कार्यान्वयन में कंपनी को मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए कंपनी के पास एक ठोस पद्धति है।

हमारी कंपनी में कारपोरेट गवर्नेंस की धारणा यह है कि दक्षता एवं विकास के सुधार में कारपोरेट गवर्नेंस की अहम भूमिका हो और साथ ही यह

निवेशकों के विश्वास को बढ़ाने में सहायक हो। यह धारणा निम्नलिखित है :

"एक अच्छे कॉरपोरेट नागरिक के रूप में कंपनी बेहतर कॉर्पोरेट पद्धति, अंतःकरण पर आधारित, सादगी, निष्पक्ष, व्यावसायिकता तथा विभिन्न हितधारकों में विश्वास उत्पन्न करने की जवाबदेही एवं दीर्घकालिक सफलता का मार्ग प्रशस्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।"

हमारी कंपनी के कारपोरेट गवर्नेंस पर एक **रिपोर्ट अनुलग्नक-VI** में दिया गया है तथा 31 मार्च, 2020को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी द्वारा कारपोरेट गवर्नेंस के अनुपालन के संबंध में लेखा परीक्षक से प्रमाणीकरण भी अनुलग्नक-VII में दिया गया है।

कंपनी अधिनियम 2013 के अनुच्छेद 92 के अनुपालन में वित्त वर्ष 2019-20 के लिए कंपनी का वार्षिक विवरण हमारी वेबसाइट www.eastercoal.gov.in पर उपलब्ध है। **(संलग्नक-VIII)**

23.0 आभार:

आपके निदेशकगण भारत सरकार, कोयला मंत्रालय, पश्चिम बंगाल सरकार, झारखण्ड सरकार एवं कोल इंडिया लिमिटेड को पूरे वर्ष मूल्यवान निर्देशन एवं सहयोग के लिए धन्यवाद देते हैं। वे कंपनी के कर्मचारियों को भी धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने पूरे मन से कंपनी के हित में कार्य किया। वे सभी मजदूर संगठनों को भी धन्यवाद देते हैं जिन्होंने दिन-प्रतिदिन प्रबंधन को अपना सहयोग प्रदान किया है। वे पूरी तरह आश्वस्त है कि कंपनी के सभी स्तर के कर्मीगण आगामी वर्षों में कंपनी के निष्पादन को बेहतर बनाने के लिए कठिन परिश्रम करते रहेंगे ताकि कंपनी आगामी वर्षों में अपने प्रदर्शन में सुधार ला सके।

आपके निदेशकगण वैधानिक लेखा परीक्षक, लागत लेखा परीक्षक तथा नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, कर लेखा परीक्षकों, समवर्ती लेखा परीक्षक, कंपनी रजिस्ट्रार, पश्चिम बंगाल सरकार तथा भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक को भी उनके द्वारा दिए गए सहयोग और निर्देशन के लिए धन्यवाद देते हैं। आपके निदेशकगण उन उपभोक्ताओं को भी धन्यवाद देते है जिन्होंने कंपनी को संरक्षण प्रदान किया।

इस रिपोर्ट के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न है :

i) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6) के तहत नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणी।

ii) 2013 के अनुभाग 204(1) के अनुसार कंपनी सचिव द्वारा फॉर्म संख्या एमआर-3 में प्रस्तुत सचिवीय लेखा-परीक्षा रिपोर्ट कंपनी अधिनियम, **(अनुलग्नक-IX)**।

iii) विदेशी मुद्रा में आय एवं व्यय **(अनुलग्नक-X)**।

iv) कंपनी के अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों का विवरण **(अनुलग्नक - XI)**।

v) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(2) एवं 134(3)(एफ) के तहत निदेशक के रिपोर्ट का अनुशेष जिसमें वैधानिक लेखा परीक्षकों का रिपोर्ट एवं प्रबंधन का उत्तर शामिल है।

निदेशक मंडल की ओर से

(प्रेम सागर मिश्र)
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
डीआईएन-07379202

सांकतोड़िया
दिनांक : 17/08/2020

3.2. 31 मार्च, 2020 तक ईसीएल के कमान क्षेत्र में कार्यान्वित की गयी अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं की स्थिति:

क्र. सं.	परियोजना का नाम	वित्तीय परिव्यय (₹ लाख में)	आरंभ की तिथि	पूरा होने की संशोधित/ निर्धारित तिथि	प्रगतिशील संवितरण (₹ लाख में)	स्थिति
1.	भूमिगत खान में फंसे खनिकों की अवस्थिति प्रणाली **परियोजना कोड -:** CIL/R&D/1/35/10 **कार्यान्वयन एजेंसी:** टीसीएस, सीएमसी एवं सीएमपीडीआईएल (एमई)	489.70	15 जनवरी, 2010	मार्च, 2015	447.86	(क) जनवरी, 2016 आरएंडडी आधार पर पिछले सप्ताह में समग्र प्रणाली के फील्ड परीक्षणों के लिए अनुमति प्राप्त करने के लिए डीजीएमएस के लिए आवेदन किया गया। ख) निदेशक तकनीकी (आरडीएंडटी), सीएमपीडीआईएल के साथ-साथ एमई डिवीजन और एसएंडटी के अधिकारी सीएमपीडीआईएल ने 26.04.2019 को डीजीएमएस, धनबाद का दौरा किया और डीजीएमएस के डीजी के साथ इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए फील्ड ट्रायल अनुमति जारी करने से संबंधित विस्तार से चर्चा की। सीएमपीडीआईएल के निदेशक तकनीकी (आरडीएंडटी) ने 24.05.2019 और 03.07.2019 के पत्रों के माध्यम से फिर से डीजीएमएस, धनबाद के महानिदेशक से इस परियोजना के तहत फील्ड ट्रायल अनुमति जारी करने का अनुरोध किया। हालांकि डीजीएमएस से फील्ड ट्रायल की अनुमति अभी नहीं मिली है। ग) शीर्ष समिति की 30वीं बैठक में सिफारिश के अनुसार पूरा करने की समयसीमा बढ़ाकर मार्च, 2020 कर दी गई है।
2.	भूमिगत खनन मशीनों के ट्रेलिंग केबलों के लिए रबर कंपाउंड एवं मरम्मत तकनीक का विकास **परियोजना कोड:-** CIL/R&D/1/54/2013 **कार्यान्वयनएजेंसी:** आईआईटी, खड़गपुर एवं ईसीएल	204.07	मार्च, 2013	फरवरी, 2016	202.65	अनुसंधान एवं विकास परियोजना पूरी हो चुकी है और ईसीएल द्वारा मोबाइल वैन को ग्रहण करने और कार्मिकों का प्रशिक्षण प्रक्रियाधीन है।

क्र. सं.	परियोजना का नाम	वित्तीय परिव्यय (₹ लाख में)	आरंभ की तिथि	पूरा होने की संशोधित/ निर्धारित तिथि	प्रगतिशील संवितरण (₹ लाख में)	स्थिति
3.	हाई एश कोल गैसीफिकेशन तथा संबंधित अपस्ट्रीम तथा डाउनस्ट्रीम प्रक्रिया (कोयला से रसायन, सीटीसी) **परियोजना कोड:** CIL/R & D/03/03/2076 **कार्यान्वयन एजेन्सी:** आईआईटी-आईएसएम-धनबाद, आईआईटी-रुड़की, सीएमपीडीआईएल-राँची, एमसीएल-सम्बलपुर, ईसीएल-सांकतोड़िया एवं सीसीएल-राँची। तकनीकी सहयोग आईआईटी-आईएसएम, धनबाद तथा ऑस्ट्रेलियायी विश्वविद्यालय (i) कर्टेन विश्वविद्यालय बेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया, पर्थ 6102 (ii) द यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न, विक्टोरिया 3010, ऑस्ट्रेलिया तथा (iii) मोनास विश्वविद्यालय, क्लेटन, विक्टोरिया 3800, ऑस्ट्रेलिया	2160.721 आईआईटी, आईएसएम के लिए-1872.007 आईआईटी रुड़की के लिए-131.804 एवं सीएमपीडीआईएल, रांची के लिए-156.910	20 जुलाई, 2017	19 जुलाई, 2020	1685.00 आईआईटी, आईएसएम के लिए-1580.00 आईआईटी रुड़की के लिए-105.00 सीएमपीडीआईएल, रांची के लिए- शून्य	क. फ्लूइड बेड और एनट्रेंड फ्लो गैसिफायर्स दोनों के लिए डिजाइन और पीएंडडी को अंतिम रूप दिया गया है । फैब्रिकेटर्स की पहचान कर ली गयी है जिनके साथ आईआईटी-आईएसएम, धनबाद पीएंडडी और फैब्रिकेशन के अन्य पहलुओं पर चर्चा कर रहा है, जिसमें गैसीफायर्स की रिफ्रैक्टरी लाइनिंग शामिल है । उनके लिए बजटीय कोटेशनों का इंतजार किया जा रहा है। ख. स्पेसिफिकेशन को ठीक करने के लिए पार्टिकल वेलोसीमीटर, हाई स्पीड कैमरा, थर्मल इमेजिंग सिस्टम के साथ फ्लो शीट को पूरा कर लिया गया है। दोनों गैसीफायर 20-35 बार दबाव और 1200 डिग्री सेल्सियस से ऊपर तापमान पर ऑपरेशन के लिए डिज़ाइन किए गए हैं| (1200 डिग्री सेल्सियस -1600 डिग्री सेल्सियस)।
4.	माइनिंग स्लोप सरफेस के सुरक्षित क्षेत्र में उपयोगिता का आकलन तथा ग्राउन्ड आधारित इंटरफेरोमेट्री सिंथेटिक अपर्चर रडार (जीबीएलएन एसएआर) **परियोजना कोड :** CIL/R &D//01/65/2017 **कार्यान्वयन एजेन्सी:** आईआईटी खड़गपुर और ईसीएल, सांकतोड़िया	478.27 आईआईटी खड़गपुर के लिए- 478.27 ईसीएल के लिए– शून्य	1 अगस्त, 2017	31 जुलाई, 2019	430.00	अनुसंधान एवं विकास परियोजना पूरी हो गई है। सोनपुर बजारी ओसीपी, ईसीएल में सभी हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर सामानों के साथ GbInSAR उपकरणों की स्थापना और कमीशनिंग सफलतापूर्वक पर 04.10.2018 को पूरा किया गया और 11 मार्च, 2019 तक इसकी स्थापना से बिना किसी भी रुकावट के चौबीसों घंटे के लिए संचालित है। सार्थक निष्कर्षों के लिए उपकरण के बंद होने तक कैप्चर डेटा को IIT, खड़गपुर में विश्लेषण किया गया।

क्र. सं.	परियोजना का नाम	वित्तीय परिव्यय (₹ लाख में)	आरंभ की तिथि	पूरा होने की संशोधित/ निर्धारित तिथि	प्रगतिशील संवितरण (₹ लाख में)	स्थिति
5.	पिट वाटम तथा भूमिगत खदान मार्गों एवं कार्यस्थल का ऑप्टिकल फाइबर आधारित सोलर इल्यूमिनेशन। **परियोजना कोड छ** CIL/R &D//01/66/2017 **कार्यान्वयन एजेन्सी:** आईआईटी खड़गपुर तथा ईसीएल, सांकतोड़िया	155.53 आईआईटी खड़गपुर के लिए- 155.53 ईसीएल के लिए –शून्य	1 अगस्त, 2017	31 जुलाई, 2020	150.00	क) बिखरने वाले प्रकाश के अपव्यय को कम करने के लिए सिमुलेशन और प्रयोगों की मदद से डाइवर्टिंग एलईडी आउटपुट को केंद्रित करने पर अनुकूलन किया जा रहा है। ख) सर्वोत्तम संभव विकल्पों का पता लगाने के लिए रोशनी के उद्देश्य के लिए तीन प्रकार के एलईडी का परीक्षण किया गया है। ग) कम और उच्च लंबाई के लेंस का उपयोग करके कुछ ऑप्टिकल फाइबर में प्रकाश युग्मन किया गया है। घ) प्रारंभिक प्रयोग किए गए हैं। उपरोक्त प्रयोगों से, विकसित युग्मन की मदद से 55% तक प्रकाश युग्मन क्षमता प्राप्त की जा सकती है। ङ) परियोजना के लिए आवश्यक अन्य प्रयोगशाला प्रयोग आईआईटी, खड़गपुर में किए जा रहे हैं.
6.	व्यापक उत्पादन तकनीक के लिए खानों में हवा की आवश्यकता **परियोजना कोड :** CIL/R&D/01/63/2016 **कार्यान्वयन एजेन्सी:** यूएमडी,सीएमपीडीआई (मुख्यालय), राँची	491.27	1 नवंबर, 2016	31 अक्टूबर, 2019	120.39	क) साहित्य सर्वेक्षण पूरा हुआ। ख) परियोजना के लिए आवश्यक सभी उपकरणों की विशिष्टता पूरी हो गई है। उपकरण खरीद की प्रक्रिया जारी है। परियोजना के लिए आवश्यक उपकरणों की खरीद में देरी के कारण परियोजना में देरी हुई है। 12 प्रकार के उपकरण में से केवल 7 नग अब तक प्राप्त हुए हैं।शेष 5 प्रकार के उपकरण के लिए फिर से निविदा जारी कर दी गई है। मई 2019 में क्षेत्र संबंधी गैस सर्वेक्षण शुरू किया गया है और अब तक दो खानों (मूनडीह, बीसीसीएल और ईसीएल के झांझरा) को पूरा किया जा चुका है।

क्र. सं.	परियोजना का नाम	वित्तीय परिव्यय (₹ लाख में)	आरंभ की तिथि	पूरा होने की संशोधित/ निर्धारित तिथि	प्रगतिशील संवितरण (₹ लाख में)	स्थिति
7.	कोयला खदानों में सुरक्षा और उत्पादन बढ़ाने के लिए वर्चुअल रियल्टी माइन सिम्युलेटर (वीआरएमएस) का विकास परियोजना कोड: CIL/ R&D/01/67/2017 कार्यान्वयन एजेंसियां: आईआईटी-आईएसएम, धंबाद, यूएमडी सीएमपीडीआई रांची, ईसीएल सैंक्टोरिया, एनसीएल सिंगरौली और सिमटार्स आस्ट्रेलिया	1410.10 आईआईटी-आईएसएम : 1320.10 सीएमपीडीआईएल : 90.00	1 सितंबर, 2017	31 अगस्त, 2019	1250.00 IIT-ISM, Dhanbad- 1250.00 CMPDIL, Ranchi- NIL	क) ध्वनिक सहित सिविल कार्य (जहाँ प्रस्तावित वीआरएमएस स्थापित किया जाएगा) आईआईटी-आईएसएम, धनबाद में पूरा होने के चरण में है। आईआईटी, धनबाद ने सिमटार्स, ऑस्ट्रेलिया को आवश्यक वीआरएमएस सेट और अन्य संबंधित उपकरणों के लिए आदेश दिया है, लेकिन अब तक ये आईआईटी, धनबाद नहीं आया है। जिसके कारण, परियोजना में देरी हुई और इसे निर्धारित तिथि के भीतर पूरा नहीं किया गया यानी 31 अगस्त, 2019 तक। ख) शीर्ष समिति की 30 वीं बैठक में सिफारिश के अनुसार पूरा करने की समयावधि 18 महीने बढ़ा दी गई है।

3.3 31 मार्च, 2020 तक ईसीएल के कमान क्षेत्र में कार्यान्वित की गयी कोयला मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित एस एंड टी परियोजनाओं की स्थिति:

क्र. सं.	परियोजना का नाम	वित्तीय परिव्यय (₹ लाख में)	आरंभ की तिथि	पूरा होने की संशोधित/ निर्धारित तिथि	प्रगतिशील संवितरण (₹ लाख में)	स्थिति
1.	भूमिगत कोयला खदानों के लिए टेलि-रोबॉटिक एवं दूरस्थ संचालन तकनीक का विकास **परियोजना कोड-** एमटी (ईओआई) /162 **कार्यान्वयन एजेंसी:** सीएमईआरआई, दुर्गापुर, सिंफर, धनबाद एवं सीएमपीडीआईएल, राँची	440.12 सीएमईआरआई के लिए - 251.57 सिंफर के लिए- 125.55 सीएमपीडीआईएल के लिए - 63.00	सितंबर, 2012	सितंबर, 2019	388.00 सीएमईआरआई के लिए- 250.00 सिंफर के लिए-75.00 सीएमपीडीआईएल के लिए - 63.00	a) इस परियोजना के तहत, ईसीएल के खोट्टाडीह खदान में टेली-रोबोट विकसित किया गया है और इसका क्षेत्र परीक्षण किया गया। b) विकसित रोबोट पर्यावरणीय मापदंडों की निगरानी करने में सक्षम है, जैसे CO2, CH4, O2 का प्रतिशत, और आर्द्रता एवं तापमान। वास्तविक समय ग्राफिकल-यूजर-इंटरफेज़ (जीयूआई) आधारित नेविगेशन कैमरा सेंसर डाटा से भूमिगत खानों में रोबोट की स्थिति और परिचालन वातावरण के 3 डी तस्वीर को प्रदर्शित करने में सक्षम है। कई वायरलेस राउटर के माध्यम से रोबोट के साथ लंबी दूरी तक संचार भी स्थापित किया गया था।. c) परियोजना के प्रस्तावक को सलाह दी गई कि विकसित रोबोट को ठीक करने के लिए डीजीएसएससे अनुमोदन के बाद ही क्षेत्र परीक्षण किया जाए ताकि पर्यावरण के मापदंडों के अनुपालन के लिए भूमिगत खानों में इसे दूर से उपयोग किया जा सके। d) एसएएमईईआर, कोलकाता से IS प्रमाणन प्राप्त हो चुका है और सिंफर, धनबाद से प्राप्त अन्य आवश्यक प्रमाणपत्र भी प्राप्त किए गए हैं। e) डीजीएमएस से क्षेत्र परीक्षण की अनुमति की प्रतीक्षा है।
2	ब्लास्ट डिजाइन और विखंडन नियंत्रण-उत्पादकता **परियोजना कोड:** एमटी /164 **कार्यान्वयन एजेंसी:** सिंफर, धनबाद।	303.86	जनवरी, 2013	सितंबर, 2016	250.00	परियोजना पूरी हो गयी है। सोनपुर बजारी क्षेत्र के महाप्रबंधक द्वारा सिंफर धनबाद को परियोजना पूर्ण होने का प्रमाण पत्र दे दिया गया है।

3.15 चालू परियोजनाओं के कार्यान्वयन की परियोजना निगरानी और स्थिति:

क्र. सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृत पूंजी (₹ करोड़ में)	अनुमोदन की मूल तारीख	समापन की निर्धारित तारीख	पूरा होने की अपेक्षित तारीख	टिप्पणी
1.	सोनपुर-बाज़ारी संयुक्त ओसी (8.00 एमटीवाई)	1055.05	अगस्त-2012	मार्च-2018	अक्टूबर-2020	निम्नलिखित वर्षों में प्राप्त उत्पादन - 2017-18: 9.72 एमटीवाई 2018-19: 10.03 एमटीवाई 2019-20 : 11.10 एमटी रेलवे साइडिंग और नए सीएचपी का निर्माण कार्य प्रगति पर है। भूमि पर कब्जा करने और आर ऐंड आर कार्य प्रगति पर है।
2.	हुरा-सी ओसी (3.00 एमटीवाई)	359.69	अक्टूबर-2015	मार्च-2022	मार्च-2022	चरण-II वानिकी स्वीकृति और भूमि पर कब्जा प्रक्रियाधीन है।
3.	झांझरा संयुक्त यूजी (3.50 एमटीवाई)	602.86	नवंबर-2015	मार्च-2022	मार्च-2022	निम्नलिखित वर्षों में प्राप्त उत्पादन - 2017-18: 3.17 एमटीवाई 2018-19:3.38 एमटीवाई 2019-20: 3.50 एमटी
4.	न्यू केंडा ओसीपी (1.20 एमटीवाई)	127.72	नवंबर-2014	मार्च-2019	मार्च-2021	निम्नलिखित वर्षों में प्राप्त उत्पादन - 2018-19:0.103 एमटीवाई 2019-20: 0.129 एमटी
5.	कुमारडीह-बीसीएम भूमिगत (1.02 एमटीवाई)	117.91	मई-2014	मार्च-2023	मार्च-2023	i) 11.12.2019 को 1 सेट LHCM का कमीशन। 2019-20 में प्राप्त उत्पादन 0.14 मीट्रिक टन है।. ii) एक SHCM की आपूर्ति के लिए अनुबंध को अंतिम रूप दिया गया।
6.	चित्रा पूर्व ओसी (आरसीई) (2.50 एमटीवाई)	513.99	अगस्त-2018	मार्च-2024	मार्च-2024	निम्नलिखित वर्षों में प्राप्त उत्पादन - 2017-18:1.56 एमटीवाई 2018-19: 2.03 एमटीवाई 2019-20: 2.05 एमटी चरण-II वानिकी मंजूरी, भूमि कब्जा और आर ऐंड आर कार्य प्रगति पर हैं।
7.	मोहनपुर विस्तार ओसी (1.00 एमटीवाई)	14.23	जून-2008	जून-2013	मार्च-2020	निम्नलिखित वर्षों में प्राप्त उत्पादन – 2017-18: 0.999 एमटीवाई 2018-19: 0.748 एमटीवाई 2019-20: 0.999 एमटी भूमि पर कब्जा और आर ऐंड आर में देरी हो रही है। विस्तार पीआर (2.50 एमटीवाई) तैयार हो गया था और यह संशोधन की प्रक्रिया में है।

क्र. सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृत पूंजी (₹ करोड़ में)	अनुमोदन की मूल तारीख	समापन की निर्धारित तारीख	पूरा होने की अपेक्षित तारीख	टिप्पणी
8.	खोट्टाडीह सीएम भूमिगत (0.60 एमटीवाई)	127.17	मई-2015	मार्च-2016	मार्च-2021	कंटीन्यूअस माइनर पैकेज के लिए खेप मार्च, 2020 में खदान स्थल पर पहुंची। COVID-19 के प्रसार के कारण चीनी विशेषज्ञ का वीजा निरस्त हो गया, जिससे कंटीन्यूअस माइनर के चालू होने में देरी हुई है।
9.	खोट्टाडीह विस्तार ओसीपी (1.60 एमटीवाई)	140.25	मई-2017	मार्च-2020	मार्च-2020	निम्नलिखित वर्षों में प्राप्त उत्पादन - 2017-18: 1.28 एमटीवाई 2018-19: 1.07 एमटीवाई 2019-20: 1.16 एमटी बिलपहाड़ी गांव का आर ऐंड आर प्रक्रियाधीन है।
10.	सिदुली (ओसी:1.20 एमटीवाई और भूमिगत: 1.63एमटीवाई)	535.18	मई-2018	मार्च-2026	मार्च-2026	भूमि अनुसूची तैयार की जा रही है। अस्थिर स्थान 105 (हटिया बस्ती) के स्थानांतरण के मुद्दे का निपटान एडीडीए के साथ मिलकर किया गया है।
11.	नकरकोंडा कुमारडीह बी ओसी (3.00 एमटीवाई)	502.68	अगस्त-2018	मार्च-2029	मार्च-2029	भूमि अनुसूची तैयार की जा रही है। ओबी हटाने के लिए एचओई के लिए निविदा अनुमोदनाधीन है।
12.	तिलाबनी भूमिगत (1.86 एमटीवाई)	916.62	फरवरी-2019	मार्च-2027	मार्च-2027	दिनांक 12.02.2019 को आयोजित सीआईएल बोर्ड द्वारा अपनी बैठक में परियोजना रिपोर्ट को अनुमोदित किया गया था।
13.	परसिया- बेलबैद भूमिगत (2.07 एमटीवाई)	826.42	जुलाई, 2019	मार्च-2027	मार्च-2027	विभिन्न गतिविधियों के लिए प्रस्ताव आगे बढ़ाया गया है।
14.	नाबाकजोरा- माधबपुर ब्लॉक भूमिगत (0.30 एमटीवाई)	56.14	दिसंबर-2006	मार्च-2014	पुनर्गठन के तहत पीआर	खदान बंदी योजना के नए दिशानिर्देश समाहित करने के लिए परियोजना रिपोर्ट पुनर्गठित की जा रही है।
15.	खांद्रा एनकेजे (0.285 एमटीवाई)	18.81	जुलाई-2003	मार्च-2009	पुनर्गठन के तहत पीआर	पुनर्गठन के तहत परियोजना रिपोर्ट
16.	बांकोला आर-VI (0.24 एमटीवाई)	19.14	मार्च-2003	मार्च-2009	पुनर्गठन के तहत पीआर	पुनर्गठन के तहत परियोजना रिपोर्ट
17.	नारायणकुरी भूमिगत (0.54 एमटीवाई)	149.06	फरवरी-2009	फरवरी-2009	मार्च-2015	पुनर्गठन के तहत पीआर

परिशिष्ट-IV

प्रबंधन का विचार-विमर्श एवं विश्लेषण रिपोर्ट 2019-2020

भारतीय अर्थव्यवस्था का अवलोकन:

भारत, समान विद्युत क्रय शक्ति के आधार पर, अनुमानित जीडीपी के साथ चीन और संयुक्त राष्ट्र के बाद तीसरी सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था है। केंद्रीय सांख्यिकी संगठन (CSO) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के अनुसार भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। मंत्रालय ने कोयला क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया है ताकि प्रभावी एवं कुशल खनन पद्धति, सुरक्षा सुनिश्चितता, सतत गुणवत्ता तथा ग्राहक संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर, किफायती लागत और खदानों की व्यवहार्यता में सुधार के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। कोयला भारत के एक प्रमुख ईंधनों में से एक है और यह भविष्य में भी भारत के ऊर्जा सुरक्षा के लिए प्रमुख ईंधन बना रहेगा।

भारतीय कोयला उद्योग एवं भंडार :

अप्रैल, 2019 को, भारतीय कोयले का अनुमानित भूगर्भीय स्रोत 1200 मीटर की गहराई तक 326.495 बिलियन टन था (स्रोत: जीएसआई, भारत सरकार)।भारत में, कोयले की उपलब्धता एवं सस्ता होने के कारण, यह ताप विद्युत संयंत्रों के लिए मुख्य ईंधन है।

परिचय :

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड का सामान्य परिचय :

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, कोल इंडिया की एक अनुषंगी कंपनी की स्थापना 01 नवंबर, 1975 को रू हुई थी, जिसके अंतर्गत कोयला खनन प्राधिकरण लिमिटेड के पूर्वी संविभाग के साथ 414 खदानों को शामिल किया गया था तथा उसी दिन से कंपनी ने अपने व्यावसायिक संचालन की शुरूआत कर दी। इसका संचालन पश्चिम बंगाल व झारखंड राज्य में होता है। वर्तमान में, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के कुल 14 संचालन क्षेत्रों के अंतर्गत 78 चालू खदानें हैं, जिनमें से 49 भूमिगत खदानें, 20 खुली खदानें तथा 9 मिश्रित खदानें हैं। दिनांक 01.04.2019 के अनुसार, पश्चिम बंगाल में 31.67 बिलियन टन तथा झारखंड में 19.93 बिलियन टन (कुल 51.60 बिलियन टन) कोयले के भंडार के साथ ईसीएल भारत में सर्वोत्तम गुणवत्ता युक्त कोयला उत्पादन करने वाली कंपनियों में से एक है।

शक्ति एवं कमजोरी:

प्रतिस्पर्धात्मक शक्ति:

क. पश्चिम बंगाल राज्य के अंतर्गत ईसीएल कमान क्षेत्र में कुल 31.67 बिलियन टन कोयले का भूगर्भ भंडार है जिसमें से 14.22 बिलियन टन प्रमाणित श्रेणी में आता है। ईसीएल में रानीगंज में 20% से कम ऐश कंटेन्ट सहित प्रीमियम श्रेणी का कोयला है। पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार, इस कोयले को अन्य अनुषंगी कंपनियों से मिले उच्च राख वाले कोयले के साथ मिश्रित किया जा सकता है।

ख. दिनांक 01.04.2019 (जीएसआई के अनुसार) तक झारखंड राज्य में 600 मीटर नीचे तक लगभग 19.89 बिलियन टन कोयले का भंडार है, जिसमें से 7.01 बिलियन टन प्रमाणित श्रेणी में आता है, जिसे खुले खदान बनाकर आसानी से निकाला जा सकता है। हमारे कर्मचारी कठिन परिस्थितियों में भी काम करने में सक्षम हैं।

घ. ईसीएल की खदानें राष्ट्रीय राजमार्ग तथा रेलवे कॉरीडोर के आसपास स्थित हैं, जिससे कोयले की निकासी में सुविधा होती है।

ङ. ईसीएल की खदानों का कोयला 6700 किलो कैलोरी/किलो ग्राम से 3401 किलो कैलोरी/किलो ग्राम के सकल ताप मूल्य (जी3-जी13) तक के रेंज का होता है, जिससे इसके उपभोक्ता मिलने में आसानी होती है।

च. ईसीएल को ब्राह्मणी और अमरकोंडा-मुरगादंगल कोयला ब्लॉक आवंटित किए गए हैं और इनमें क्रमशः1900 एमटी और 900 एमटी का विशाल कोयला भंडार हैं। इससे आने वाले वर्षों में ईसीएल की उत्पादन क्षमता में सुधार होगा और यह निकट भविष्य में ईसीएल को 100 एमटी की कोयला कंपनी बनाने में सहायक होगा।

कमजोरियाँ:

क. रानीगंज में कोयले की खदान की शुरूआत लगभग 250 वर्ष पहले हुई थी। अभी भी कंपनी में परंपरागत छोटी खदानें, वाष्प चलित वाईंडर मौजूद हैं, जो अपनी क्षमता से काफी कम काम करती हैं।

ख. कठिन भूगर्भीय परिस्थिति।

ग. जनसंख्या-घनत्व अधिक होने के कारण भूमि-अधिग्रहण में रूकावट आती है।

घ. कोयलाधारित क्षेत्र में आधारभूत संरचना काफी अधिक है, जो कि खुले खदान को प्रभावित करती हैं।

ङ. पम्पिंग एवं बालू भराई की लागत काफी अधिक है।

च. ऊपरी सीमों में भारी जल-जमाव के कारण निचली सीमों में 'वृहत उत्पादन तकनीक' शुरू करने में रूकावट आती है।

अवसर और चुनौतियां:

अवसर:

क. ई-मार्केटिंग के माध्यम से कोयले के बेहतर मूल्य की प्राप्ति।

ख. अवैध खनन को रोकने के लिए छोटे ओसी पैचों फिर से शुरू करना।

ग. उत्पादन व उत्पादकता की क्षमता को बढ़ाने के लिए केन्द्रीय श्रमिक संगठनों से सकारात्मक सहयोग प्राप्त होना।

घ. समस्याओं के समाधान हेतु राज्य सरकार/स्थानीय प्राधिकारियों से मिलने वाले सहयोग में वृद्धि।

ङ. हाईवाल माइनिंग तकनीक की शुरूआत, विशेष रूप से ऐसी खुली खदानों में जिन्हें सतह/ जगह की समस्याओं के कारण आगे नहीं बढ़ाया जा सकता है।

च. ईसीएल के पट्टाधारित क्षेत्र में कोल बेड मीथेन (सीबीएम) का अन्वेषण एवं निष्कासन।

चुनौतियाँ:

क. ग्रामीणों द्वारा भूमि अधिग्रहण का विरोध और कंपनी-मानक से अधिक की मांग करना।

ख. अव्यवहार्य भूमिगत खदानों को बंद करने का विरोध।

ग. ऊपरी सतह में भारी जल-जमाव के कारण 'व्यापक उत्पादन तकनीक' शुरू करने तथा खुली खानों के विस्तार के लिए जमीन की कमी।

घ. निषिद्ध क्षेत्रों में कंपनी के क्वार्टरों पर अनधिकृत कब्जा।

ङ. अवैध खनन और कोयला चोरी, आदमियों और मशीन को खतरे में डालकर चल रही खदानों के लिए खतरा बन रहे हैं।

कारोबारी रणनीतियां:

क. भारतवर्ष में कोयले की मांग एवं आपूर्ति के अंतर को दूर करने के लिए उत्पादन, उत्पादकता एवं क्षमता को निरंतर बढ़ाते रहना।

ख. उच्च श्रेणी के कोयले की बिक्री और ई-ऑक्शन के माध्यम से राजस्व वसूली में वृद्धि करना।

ग. संचालन में सुधार एवं किफायती लागत के माध्यम से लाभ को बढ़ाना और प्रतिस्पर्धा को व्यवस्थित करना।

घ. विस्तृत अन्वेषण द्वारा भंडार क्षेत्र को सतत बढ़ाते रहना।

ङ. पर्यावरण एवं समाज की दृष्टि से संधारणीय संचालन के विकास पर ध्यान केन्द्रित करना। सतही बेल्ट कन्वेयर द्वारा खदान से रेलवे साइडिंग तक कोयला परिवहन शुरू किया जा रहा है।

च. अतिरिक्त राजस्व सृजन करने के लिए कोल बेड मीथेन (सीबीएम), कोल माइन मीथेन (सीएमएम) एवं गैसीफिकेशन का अन्वेषण एवं निष्कासन।

छ. अलाभकारी खदानों को बंद करना।

ज. श्रमशक्ति का युक्तिकरण।

बिजनेस रणनीति के एक हिस्से के रूप में कंपनी ने वैश्विक चुनौतियों की पहचान की है और इन चुनौतियों को पूरा करने के लिए रणनीति बनाई जा रही है। कंपनी में विभिन्न पहलों को मिशन मोड में शुरू किया गया है जिनका उद्देश्य कंपनी के मिशन, विजन और उद्देश्य को नए सिरे परिभाषित करना है। कंपनी ने मिशन मोड में निम्नलिखित परियोजनाएं शुरू की हैं, जिनका उद्देश्य कंपनी की छवि को एक नया रूप दिया जाना भी है:

1. मिशन सुदेश: (SuDESHH - Sustainable Development, Environment, Safety, Health & Hygiene) की शुरूआत की गयी है, जिसका उद्देश्य सतत विकास, पर्यावरण, सुरक्षा, स्वास्थ्य, एवं स्वच्छता है। संधारणीय विकास का प्रमुख सारतत्व, भावी-पीढ़ी के अधिकारों से समझौता किए बिना वर्तमान-पीढ़ी की जरूरतों को पूरा करना है। वैश्विक नेतृत्व प्राप्त करने के लिए, ईसीएल वैश्विक चुनौतियों स्वीकार करता है और उसे समझता है, जिसके तहत संधारणीय विकास, पर्यावरण, सुरक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता जैसे मुद्दे आते हैं और इसलिए, एक जिम्मेदार संगठन होने के नाते, मिशन सुदेश: (SuDESHH) का उद्देश्य एक स्थायी और बेहतर ईसीएल का निर्माण करना है।
2. मिशन संजीवनी (SANJIBANI - Systemic Advancements, New Jobs, Integrated Business & New Initiatives) की शुरूआत की गयी है, जिसका उद्देश्य व्यवस्थित उन्नति, नये रोजगार, एकीकृत व्यवसाय और नई पहलें है।
3. मिशन सुमित (SUMIT - Systematic Upgradation of Mining & Information Technology) की शुरूआत की गयी है, जिसका उद्देश्य खनन और सूचना प्रौद्योगिकी का योजनाबद्ध रूप से उन्नयन करना है। चूंकि, लगभग सभी खदानों में बहुत पुराने एवं परंपरागत तकनीकों का प्रयोग किया जा रहा था, इसलिए सुमित (SUMIT) परियोजना के माध्यम से सूचना-प्रौद्योगिकी के साथ खदानों एवं संबद्ध प्रक्रियाओं को एकीकृत करने की जरूरत महसूस की जा रही थी।
4. मिशन धरोहर (DHAROHAR) की शुरूआत की गयी है, जिसका उद्देश्य संग्रहालय का निर्माण करके देश में कोयला खनन की विरासतों, प्राचीन भवनों, संयंत्रों, उपकरणों, मशीनों, यंत्रों, औजारों, धरोहर प्रकृति के मॉडलों की रक्षा एवं उनका संरक्षण करना है।
5. मिशन जटायु (JATAYU) का शुभारंभ सतर्कता जागरूकता सप्ताह- 2018 के दौरान किया गया था, जिसका उद्देश्य कंपनी की छवि को नया रूप देने के लिए कर्मचारियों के बीच फाइट (FITE - Fairness, Integrity, and Transparency & Equality) अर्थात निष्पक्षता, अखंडता और पारदर्शिता एवं समानता को बढ़ावा देना है।
6. मिशन संबंध (SAMBANDH) की शुरूआत की गयी है, जिसका उद्देश्य समस्या निवारक एवं समाधान प्रदाता के रूप में व्यापक पैमाने पर सभी हितधारकों और समुदाय तक संपर्क सथापित करना है, जो अंततः ग्रीनफील्ड परियोजनाओं के सुचारु रूप से शुरू करने और ब्राउनफील्ड प्रोजेक्ट को आसान बनाने में सहायक होगा।
7. मिशन इंद्रधनुष (INDRADHANUSH) की शुरूआत देश के विभिन क्षेत्रों की संस्कृतियों, त्योहारों, नृत्य, संगीत और जातीयता को आत्मसात करने के लिए किया गया है। इस पहल के माध्यम से, अलग-अलग क्षेत्रों के विभिन्न उत्सवों को अलग-अलग इकाइयों में आयोजित किया जाता है, जिससे ईसीएल कर्मचारियों तथा इनके पारिवारिक सदस्यों के बीच अपनेपन की भावना का विकास होता है और इससे ईसीएल के प्रसन्नता सूचकांक (हैप्पीनेस इंडेक्स) में भी वृद्धि हुई है।

8. मिशन सुदेश के तहत के अंतर्गत ही एक और मिशन सुदेश-मितवा (SuDESHH-MITWA) नाम से शुरू किया गया है। इस मिशन की शुरूआत 1 दिसंबर, 2018 को "विश्व एड्स दिवस के अवसर पर की गयी थी, जिसके माध्यम से असंगठित क्षेत्रों के कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।
9. मिशन मितवा (MITWA) की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य उचित कार्य संस्कृति के विकास के साथ-साथ ओपनकास्ट और भूमिगत खदानों में सभी उपकरणों एवं मशीनों का उचित रखरखाव सुनिश्चित करना है।
10. मिशन जागरण (JAGGRAN) एकल-उपयोग (सिंगल-यूज) प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए शुरू किया गया है। यह मिशन 11 सितंबर 2019 से 2 अक्टूबर 2019 तक "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के दौरान शुरू किया गया था।
11. "पुन: उपयोग - Reuse", "इनकार - Refuse", "पुनर्चक्रण - Recycle", "पुनर्उद्देश्य - Repurpose", "पुनर्भरण - Refill", "पुनर्निर्माण - Reinvent", "मरम्मत - Repair", "कमी - Reduce", "नया स्वरूप देना - Redesign" और "पुनर्नवीकरण - Refurbish" श्रेणियों के तहत संसाधनों के पूर्ण उपयोग के लिए ईसीएल में "10 R" नाम की एक नयी अवधारणा को प्रस्तुत किया गया है।
12. मिशन देशी (DESHI) की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य मांग का पता लगाना, कोयले का निर्यात, प्रणाली का सरलीकरण, गुणवत्ता बढ़ाना तथा आयात प्रतिस्थापन है।
13. वित्तीय वर्ष 2019-20 को "क्षमता सक्षम ईसीएल" के रूप में घोषित किया गया था और आंतरिक प्रतिभाओं की क्षमता बढ़ाने के लिए कई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। कार्य स्थलों पर "अनुपालन की संस्कृति" और सख्त अनुशासन को लागू करने पर भी जोर दिया गया है।

उत्पादन:

विवरण	2019-20	2018-19
ओसीपी - कोल (एमटी)	41.195	41.10
भूमिगत कोल (एमटी)	9.206	9.06
कुल (एमटी)	50.401	50.16
वृद्धि %	0.48	15.13
ओबीआर - (एमसीयूएम)	140.455	126.06
विवरण%	11.42	6.03

खंड-वार या उत्पादन-वार कार्य निष्पादन :

(in Million Tonnes)

विवरण	2019-20	%	2018-19	%	Growth (%)
एफएसए के तहत बाहरी कंपनियों को डिस्पैच	42.917	87.02	45.006	89.29	-4.64
ई-नीलामी	5.089	10.32	3.538	7.02	43.84
समझौता ज्ञापन के तहत डिस्पैच	1.081	2.19	1.603	3.18	-32.56
अन्य	0.048	0.10	0.075	0.15	-36.00
हमारी खपत	0.181	0.37	0.184	0.37	-1.63
कूल ऑफटेक	49.316	100.00	50.407	100.00	-2.16

* एनबी: एमओयू के तहत डिस्पैच का मतलब एनटीपीसी बाढ़ के लिए डिस्पैच और एमटीपीएस, डीवीसी के लिए एमओयू डिस्पैच है।.

हमारे ग्राहक :

ईसीएल में उत्पादित अधिकांश कोयले को ताप विद्युत संयंत्रों को आपूर्ति की जाती है। इसके साथ विभिन्न उद्योगों जैसे कि स्टील, सीमेंट, स्पंज आयरन, रक्षा एवं अन्य विभिन्न उद्योगों में भी कोयले की आपूर्ति की जाती है।

परिवहन, आधारभूत संरचना और लॉजिस्टिक :

खदान/कार्यस्थल से निकाले गए कोयले को वितरण स्थान तक टिपिंग ट्रक और मालवाहक बेल्ट के माध्यम से पहुँचाया जाता है। ग्राहकगण तक कोयले का वितरण रेल मार्ग, सड़क मार्ग तथा रेल एमजीआर पद्धति के माध्यम से पहुँचाया जाता है।

प्रेषित सभी खेप का वजन ईसीएल के धर्मकांटों (वे-ब्रिजों) पर किया जाता है, जो हमारे सभी प्रेषण केंद्रों पर उपलब्ध हैं अथवा रेलवे के नजदीकी धर्मकांटों (वे-ब्रिजों) पर किया जाता है। प्रेषण केंद्रों से हमारी बिक्री "फ्री ऑन रेल" या "फ्री ऑन रोड" दोनों माध्यमों से की जाती है, ग्राहक रेल मार्ग या सड़क मार्ग में से किसी एक परिवहन के मार्ग का चयन कर सकते हैं। खदान से निर्धारित प्रेषण स्थल तक कोयले के परिवहन का व्यय उपभोक्ता द्वारा किया जाता है।

हमारी खदानों से कच्चे कोयले के परिवहन के लिए उपयोग में आने वाली विभिन्न परिवहन विधियों से संबंधित विवरण निम्नलिखित है:

(in Million Tonnes)

प्रेषण की विधि	2019-20	2018-19
रेल	32.980	34.171
रोड	2.535	2.409
मैरी गो-राउंड (एमजीआर)	13.620	13.644
कुल	49.135	50.223

कोयले का मूल्य :

वर्तमान समय में कोकिंग कोयले का मूल्य दिनांक 01.01.2012 से प्रभावी उसके सकल कैलोरिक मूल्य पर निर्भर करता है और कोकिंग कोयला और वाशरी ग्रेड कोयले का मूल्य निर्धारण उसके राख की मात्रा के स्तर पर किया जाता है। सेमी-कोकिंग कोल के मूल्य का निर्धारण उसके राख एवं नमी के स्तर पर निर्भर करता है। कोयले के मूल्य का संशोधन आवक लागत, मुद्रास्फीति और आयात कोयले के रख-रखाव-खर्च के आधार पर निर्धारित किया जाता है। ग्राहक के लिए तय किए गए मूल्य में मूल और अन्य खर्च (उपकर, राजस्व, सीमा शुल्क, विक्रय कर और अन्य) को शामिल होता है। ईसीएल और उससे जुड़े ग्राहकों के बीच हुए दीर्घावधि ईंधन आपूर्ति समझौते (एफएसएएस) के अंतर्गत लगभग 90% कोयले की बिक्री की जाती है। इसके अतिरिक्त, ई-नीलामी योजना के अंतर्गत भी कोयले की बिक्री की जाती है।

वितरण एवं बाजार नीति :

अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के ग्राहकों से प्राप्त, कोयले की दीर्घावधि एवं अल्पावधि माँग को अंतर्निहित वाणिज्यिक अनुशासन के साथ आश्वस्त, निरंतर, पारदर्शी और कुशल तरीके से पूरा करने के लिए 18 अक्तूबर 2007 में एनसीडीपी जारी की गई है।

ई-नीलामी योजना:

जो ग्राहक एनसीडीपी के अंतर्गत संस्थागत तंत्र के माध्यम अपने कोयले की आवश्यकता को पूरा नहीं कर पाते हैं, ऐसे ग्राहकों को कोयला उपलब्ध कराने के लिए कोयले की ई-नीलामी योजना की शुरूआत की गई है। कोयला मंत्रालय के द्वारा समय-समय पर ई-नीलामी के अंतर्गत ऑफर किए गए कोयले के परिमाण की समीक्षा की जाती है। ई-नीलामी योजना से ग्राहकों द्वारा अतिरिक्त कोयला उपलब्धता का भी एक विकल्प तैयार होता है।

ईंधन आपूर्ति समझौते :

एनसीडीपी के शर्त के आधार पर, कोयला कंपनी ने एक कानूनी ईंधन आपूर्ति समझौता (एफएसए) किया है, जो कि ग्राहकों या राज्य सरकार के द्वारा नामित एजेंसियों से जुड़कर ग्राहकों को उचित वितरण व्यवस्था उपलब्ध कराती है। हमारे ईंधन आपूर्ति समझौते को वृहत रूप से निम्न श्रेणियों में बांटा जा सकता है:-

1. विद्युत उपयोग करने वाले क्षेत्र, जिसमें कि राज्य विद्युत उपयोग, निजी विद्युत उपयोग करने वाले क्षेत्र (पीपीएस) और स्वतंत्र विद्युत उपयोग करने वाले क्षेत्र (आईपीपीएस) के साथ ईंधन आपूर्ति समझौता किया गया है।
2. गैर-विद्युत उद्योगों में (कैप्टिव विद्युत संयंत्र सहित) ग्राहक के साथ ईंधन आपूर्ति समझौता।
3. राज्य की नामित एजेंसियों के साथ ईंधन आपूर्ति समझौता।
4. 4. लिंकेज नीलामी मार्ग द्वारा ईंधन आपूर्ति समझौता।

अनुसंधान एवं विकास:

अनुसंधान एवं विकास के लिए ईसीएल सीआईएल की एक अनुषंगी कंपनी सीएमपीडीआईएल के साथ जुड़ी हुई है। अनुसंधान कार्य को करने के लिए सीएमपीडीआईएल एक नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करती है, राशि वितरित करती है और साथ ही हमारे अनुसंधान और विकास कार्यों की निगरानी भी करती है।

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड और कोल इंडिया लिमिटेड के बीच समझौता ज्ञापन:

ईसीएल ने कोल इंडिया लिमिटेड के साथ भौतिक एवं वित्तीय प्रदर्शन के लिए विभिन्न मापदंडों को निर्धारित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन किया है। वर्ष 2018-19 के लिए, ईसीएल को "वेरी गुड" ग्रेडिंग प्राप्त हुई है।

आंतरिक नियंत्रण पद्धति और उसकी उपयुक्तता:

नियंत्रण और अनुपालन के दृष्टिकोण से आंतरिक लेखा-परीक्षा (एआई) का अत्यंत महत्व है। प्रत्येक व्यवसाय/कार्यों की समय-समय पर समीक्षा यह सुनिश्चित करती है कि उद्देश्य, उपयोगकर्ता (एसओपी) मैनुअल एवं नियंत्रण सही हैं और निदेशक मंडल एवं लेखा-परीक्षा समितियों को आश्वासन प्रदान करते हैं। यह सुनिश्चित करता है कि उपयुक्त कॉर्पोरेट गवर्नेंस और लेखा-परीक्षा जोखिम नियंत्रण प्रभावी रूप से और कुशलता से काम कर रहे हैं।

एक प्रभावी आंतरिक लेखा परीक्षा, बोर्ड को अपने शासन का निर्वहन करने और जिम्मेदारियों को नियंत्रित करने में सहायता करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जारी किए गए कॉरपोरेट गवर्नेंस के विभिन्न संहिताओं ने इस तथ्य का भी अनुकरण किया है कि आंतरिक लेखा-परीक्षा किसी भी संगठन के कॉर्पोरेट गवर्नेंस प्रणाली का एक अभिन्न अंग है।

कानून के प्रासंगिक प्रावधानों के अनुसार, कंपनी की पूरी आंतरिक लेखा-परीक्षा चार्टर्ड या लागत लेखाकारों की स्वतंत्र बाहरी ऑडिट फर्मों को सौंपी जाती है। मुख्यालय सहित कंपनी के पंद्रह क्षेत्र/इकाइयों के आंतरिक लेखा-परीक्षा का कार्य करने वाली पंद्रह ऑडिट फर्म हैं। चयन प्रक्रिया में उच्चतम स्कोर रखने वाली फर्मों में से एक को 'सेंट्रल इंटरनल ऑडिटर' या 'लीड ऑडिटर' का काम सौंपा जाता है।

कंपनी के आंतरिक लेखा-परीक्षकों का चयन विधिवत गठित समिति द्वारा 'इन्विटेशन ऑफ एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (इआइओ)' प्रक्रिया के माध्यम से और कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा संरचित चयन प्रक्रिया के अनुसार और सख्त अनुपालन से किया जाता है, जिसकी अध्यक्षता आंतरिक लेखा-परीक्षा विभाग (मुख्यालय) के प्रमुख द्वारा की जाती है। कोल इंडिया लिमिटेड ने ऑडिट फर्मों की शॉर्ट-लिस्टिंग और चयन के लिए विस्तृत मानदंड सहित उनकी नियुक्ति के लिए नियम और शर्तें भी निर्धारित किए हैं और सामान्य कार्य के साथ कार्य का दायरा भी निर्धारित किया है।

आंतरिक लेखा-परीक्षा फर्मों की नियुक्ति को शॉर्टलिस्ट कमेटी द्वारा चयन के लिए शॉर्टलिस्ट और प्रस्तावित किया जाता है, अनिवार्य रूप से कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदन हेतु ऑडिट कमेटी के मूल्यांकन और सिफारिश के अधीन हैं। आंतरिक लेखा-परीक्षक अपनी आंतरिक लेखा-परीक्षा रिपोर्ट इकाई/क्षेत्र प्रमुखों के साथ-साथ आंतरिक लेखा-परीक्षा विभाग (मुख्यालय), निदेशक (वित्त) और कोल इंडिया लिमिटेड को मासिक आधार पर प्रस्तुत करते हैं। वे एक विस्तृत वार्षिक रिपोर्ट भी प्रस्तुत करते हैं जिसमें कंपनी के संचालन पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण, कंपनी में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण (IFC) के अनुप्रयोग और प्रभावशीलता पर उनके अवलोकनों और टिप्पणियां पर नियमित मूल्यांकन शामिल होता है।

आंतरिक लेखा-परीक्षा के अतिरिक्त, एक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम कंपनी होने के नाते, इसकी लेखा-परीक्षा महानिदेशक वाणिज्यिक लेखा परीक्षा (जिसे पहले, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक या सीएजी के रूप में जाना जाता है) के कार्यालय से लेखा-परीक्षा कर्मियों द्वारा और भारत सरकार के लेखा परीक्षा और लेखा विभाग के द्वारा भी किया जाता है। पीएसयू विशेष के लिए डीजीसीए द्वारा डिज़ाइन और तैयार किये गये विशेष लेखा-परीक्षा कार्यक्रमों एवं कार्यक्षेत्र के अनुसार, सरकारी लेखा-परीक्षकों द्वारा नियमित अंतराल पर कंपनी के विभिन्न क्षेत्र/इकाइयों में 'निरीक्षण/लेन-देन का अंकेक्षण किया जाता है। लेखा-परीक्षा प्रेक्षणों से युक्त निरीक्षण रिपोर्ट, सरकार, डीजीसीए के लेखा-परीक्षकों, संबंधित निदेशकों एवं विभागाध्यक्षों द्वारा तैयार की जाती हैं। ट्रांजेक्शन ऑडिट के अलावा, सरकारी लेखा-परीक्षण कंपनी के वार्षिक रिपोर्ट और लेखा को प्रमाणित करने के उद्देश्य से वार्षिक ऑडिट भी करते हैं।

कंपनी/सीआइएल की लेखा परीक्षा समिति,आंतरिक नियंत्रण प्रणाली और कंपनी से संबंधित प्रक्रियात्मक अनुप्रयोगों पर कड़ी निगरानी रखती है। आंतरिक लेखा परीक्षकों की महत्वपूर्ण टिप्पणियों को समय-समय पर समीक्षा के लिए लेखा-परीक्षा समिति के समक्ष रखा जाता है। लेखा-परीक्षा समिति द्वारा इस तरह के अवलोकनों पर विचार करने के लिए आवश्यक अनुपालन और कार्यान्वयन हेतु विधिवत निर्देश (यदि कोई हैं) निर्गत किए गए हैं।

वित्त वर्ष 2019-20 के लेखा-परीक्षा में ईसीएल के आंतरिक लेखा परीक्षकों के रूप में काम करने वाली विभिन्न ऑडिट फर्मों ने कंपनी के विभिन्न क्षेत्रों और इकाइयों में कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर संतोष व्यक्त किया है। इस प्रकार कंपनी के पास कंपनी के आकार और उसके द्वारा किए गए व्यापार लेनदेन की प्रकृति के अनुरूप आंतरिक नियंत्रण हेतु एक सक्षम प्रणाली मौजूद है।

भंडार (स्टोर) लेखा परीक्षा:

स्टोर ऑडिट:

भंडार (स्टोर) लेखा परीक्षा की अवधारणा को वित्तीय वर्ष 2018-19 से प्रभावी रूप से कंपनी में लाया गया है। वर्ष 2019-20 के लिए सीआईएल और उसकी सहायक कंपनियों में लागू कार्य के संशोधित दायरे एवं संशोधित लेखापरीक्षा शुल्क सहित भंडारगृहों के भौतिक सत्यापन के लिए लेखापरीक्षकों की नियुक्ति हेतु सीआईएल बोर्ड की मंजूरी के अनुसार, 2019-20 और उसके बाद आगे तीन साल के लिए स्टोर लेखापरीक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है, लेकिन COVID-19 की वजह से नियुक्ति में देरी हुई है और जल्द ही इसे अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है जिसके बाद लेखापरीक्षकों द्वारा वर्ष 2019-20 के लिए भंडारगृहों का भौतिक किया जाएगा।

लागत लेखा-परीक्षा:

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148(6) और कंपनी (लागत रिकॉर्ड और ऑडिट) नियम2014, के नियम 6(6), वित्त वर्ष 2018-19 के लिए फॉर्म-सीआरए-4 में लागत लेखा परीक्षा रिपोर्ट को 28 दिसंबर, 2019 को केंद्र सरकार के साथ दायर किया गया था।

संचालन प्रदर्शन के संबंध में वित्तीय प्रदर्शन पर चर्चा

संचालन का परिणाम:

(₹ करोड़ में)

विवरण	2019-20	2018-19	वृद्धि (%)
सकल बिक्री	18192.36	18385.03	-1.05%
घटाएं: लेवी	5368.62	5470.68	-1.87%
शुद्ध बिक्री	12823.74	12914.35	-0.70%
अन्य आय	1129.46	993.14	13.73%
कुल आय	13953.20	13907.49	0.33%

कोयले की बिक्री से आय:

बिक्री को रॉयल्टी, कोयले पर उपकर, जीएसटी तथा स्टॉविंग एक्साइड ड्यूटी सहित विभिन्न वैधानिक शुल्क के बाद सकल बिक्री शुद्ध के रूप में दर्शाया जाता है। कोयले की बिक्री से होने वाली आय मुख्य रूप से कोयले एवं वितरण के मूल्य निर्धारण एवं उत्पादन पर निर्भर करती है।

व्यय:

प्रमुख शिर्षों का खंडवार विवरण:

(₹ करोड़ में)

विवरण	2019-20	2018-19	वृद्धि	
			शुद्ध	वृद्धि (%)
स्टॉक में (वृद्धि)/ह्रास	-86.86	109.50	-196.36	-179.32%
स्टोर और स्पेयर्स	681.90	721.71	-39.81	-5.52%
उत्पाद शुल्क	7655.22	7448.47	206.75	2.78%
वेतन एवं मजदूरी	465.88	476.39	-10.51	-2.21%
विद्युत एवं ईंधन	11.48	16.46	-4.98	-30.26%
सामाजिक व्यय	1974.85	1930.38	44.47	2.30%
संविदात्मक व्यय	178.21	163.10	15.11	9.26%
मरम्मत	134.43	141.12	-6.69	-4.74%
अन्य व्यय	635.08	642.47	-7.39	-1.15%
ओबीआर समायोजन	286.92	456.24	-169.32	-37.11%
वृद्धि/ह्रास	434.35	494.98	-60.63	-12.25%
प्रावधान	80.39	8.28	72.11	870.89%
कर से पहले कुल व्यापक आय	1501.35	1298.39	202.96	15.63%
कर के बाद कुल व्यापक आय	834.37	706.38	127.99	18.12%

नकदी प्रवाह:

(₹ करोड़ में)

विवरण	31-03-2020	31-03-2019
आरंभिक नकद एवं नकद समकक्ष	478.68	783.39
संचालन गतिविधियों से शुद्ध नकदी	-644.38	420.55
निवेश गतिविधियों से शुद्ध नकद	-102.25	-718.68
वित्तीय गतिविधियों में प्रयुक्त निवल नकदी	361.23	-6.58
नकद और नकदी समतुल्य में परिवर्तन	-385.40	-304.71
अंतिम नकद एवं नकदी समकक्ष	93.28	478.68

31 मार्च, 2020 तक समझौता ज्ञापन (एमओयू) लक्ष्य की तुलना में उपलब्धियां:

क्र. सं.	मानक	इकाई	वर्ष 2019-20 के लिए लक्ष्य	वास्तविक उपलब्धि
1	कारोबार : संचालन से राजस्व (शुद्ध)	₹ करोड़	13,713.00	13,338.43
2	परिचालन लाभ (अन्य आय, असाधारण और असामान्य मदों को छोड़कर कर से पहले लाभ): - संचालन से प्राप्त राजस्व के प्रतिशत के रूप में परिचालन लाभ (शुद्ध)	प्रतिशत %	6.5%	6.65%
3	निवेश पर प्रतिफल: पिछले वर्ष की तुलना में कुल आय के प्रतिशत के रूप में कुल व्यय में कमी	प्रतिशत %	5%	1.42%
4	तैयार माल की सूची और संचालन से राजस्व के लिए जारी कार्य (शुद्ध)	दिनों की सं.	9 दिन	8.84
5	व्यापार प्राप्य (शुद्ध), संचालन (सकल) से राजस्व के दिनों की संख्या के रूप में	दिनों की सं.	30 दिन	64.62
6	कंपनी के विरुद्ध दावों में कमी, जिन्हें समग्र आधार पर ऋण के रूप स्वीकार नहीं किया	प्रतिशत %	15%	7.57%
7	एमएसएमई के माध्यम से खरीद	प्रतिशत %	25%	36.12%

मानव संसाधन विकास:

श्रमशक्ति:

श्रेणी	इस तिथि तक श्रमशक्ति		वृद्धि (+)/ ह्रास (-)
	31.03.2020	31.03.2019	
अधिकारी	1960	2084	-124
पर्यवेक्षक	3966	4097	-131
लिपिकीय संवर्ग	2232	2310	-78
अत्यधिक कुशल/कुशल	19175	19982	-807
अर्ध-कुशल/अकुशल	28946	30141	-1195
प्रशिक्षु (गैर-अधिकारी)	874	1084	-210
कुल	**57153**	**59698**	**-2545**

श्रमशक्ति में भिन्नता के कारण:

विवरण	अधिकारी	गैर-अधिकारी	कुल
वृद्धि			
नयी नियुक्ति	51	11	62
चिकित्सकीय अयोग्य मामलों के एवज में नियुक्ति	0	1	1
मृत्यु के मामलों के एवज नियुक्ति.	0	382	382
पुनर्स्थापना/ पुन: नियोजन	0	10	10
अन्य कंपनियों से स्थानांतरण	30	41	71
भूमि के बदले नियोजन	0	253	253
विशेष महिला वीआरएस के बदले नियोजन	0	52	52
गैर-अधिकारी से अधिकारी संवर्ग में पदोन्नति	0	0	0
अधिकारी से गैर-अधिकारी संवर्ग में वापसी	0	0	0
कुल वृद्धि (क)	**81**	**750**	**831**

विवरण	अधिकारी	गैर-अधिकारी	कुल
कमी			
सेवानिवृत्ति	141	2474	2615
चिकित्सकीय अयोग्य	0	0	0
मृत्यु	5	534	539
त्यागपत्र	13	12	25
अन्य कंपनियों को स्थानांतरण	28	40	68
बर्खास्तगी / सेवा समाप्ति	18	39	57
जीएचएस/ ईवीआरएस के तहत स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति	0	72	72
विशेष महिला वीआरएस	0	0	0
गैर-अधिकारी से अधिकारी संवर्ग में पदोन्नति	0	0	0
अधिकारी से गैर-अधिकारी संवर्ग में वापसी	0	0	0
कुल कमी (ख)	**205**	**3171**	**3376**
भिन्नता (क-ख)	**-124**	**-2421**	**-2545**

औद्योगिक संबंध :

कंपनी में औद्योगिक संबंध बड़े सौहार्दपूर्ण हैं। कार्यकर्ता अब बाहरी मुद्दों का समर्थन नहीं करते हैं। औद्योगिक संबंध और विधि-व्यवस्था से संबंधित आँकड़े निम्नलिखित हैं:

क्र .सं.	विषय	2019-20	2018-19
1.	हड़तालों की सं.	02 (4 दिन)*	01 (2 दिन)*
2.	श्रम दिवस की हानि (लाख में)	0.18	0.04
3.	उत्पादन हानि (लाख टन में)	0.75	0.05

विधि-व्यवस्था:

विषय	2019-20	2018-19
विधि व्यवस्था (अशांति)	20	22
उत्पादन हानि (लाख टन में)	0.04	0.8

प्रबंधन में श्रमिकों की सहभागिता:

ईसीएल में, प्रबंधन में श्रमिकों की सहभागिता का कंपनी में विभिन्न स्तरों पर पूरी तरह अनुपालन किया जाता है। संयुक्त सलाहकार समितियां कॉर्पोरेट, क्षेत्र और परियोजना/इकाई स्तरों पर संचालित हैं। जेसीसी बैठक में उत्पादन, उत्पादकता, आदि जैसे गंभीर एवं महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाती है। अन्य समितियों/बोर्डों के अलावा, हमारी कंपनी में सुरक्षा समिति, कल्याण बोर्ड आदि भी कार्यशील हैं। ऐसी समितियों में श्रमिक संगठन की सक्रिय सहभागिता रहती है और वे प्रबंधन एवं कर्मचारियों के बीच विश्वास एवं सद्भावना को मजबूत करने के अलावा पारदर्शिता, जवाबदेही के संबंध में चर्चा करते हैं।

बैठकें	2019-20	2018-19
मुख्यालय स्तर पर आयोजित जेसीसी बैठकों की संख्या	05	05
मुख्यालय स्तर पर आयोजित संरचि बैठकों की संख्या	21	20

एनसीडब्ल्यूए एवं एलएलएस के तहत प्रदान किये गये नियोजन:

निम्नलिखित के तहत नियोजन	2019-20	2018-19
एनसीडब्ल्यूए	522	728
भूमि वंचक (लैंड लॉस) योजना	191	305
सीधी भर्ती	शून्य	105

भर्ती और पदोन्नति में अनुसूचित जाति (एससी)/अनुसूचित जनजाति (एसटी) एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण:

अनुसूचित जाति (अनु.जा.), अनुसूचित जनजाति (अनु.ज.जा.) एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (अ.पि.व.) की भर्ती के मामले में राष्ट्रपति के निर्देश ईसीएल में लागू किए गए हैं। कुल श्रमशक्ति में एससी और एसटी उम्मीदवारों की भागीदारी निम्नानुसार है:

इस तिथि तक	कुल श्रमशक्ति	अनु.जा. अभ्यर्थी		अनु.ज.जा. अभ्यर्थी	
		संख्या	%	संख्या	%
31.03.2020	57153	15899	27.82	7527	13.17
31.03.2019	59698	16520	27.67	7837	13.12

वर्ष 2019-20 के दौरान किए गए 1803 पदोन्नति में से, अ.जा. समुदाय के 271 उम्मीदवारों और अ.ज.जा. के 139 उम्मीदवारों को पदोन्नत किया गया, जो वर्ष 2018-19 के दौरान क्रमशः 173 एवं 86 था। 31.03.2020 को कार्यरत ओबीसी कर्मचारियों की संख्या 15545 थी जो वर्ष 2018-19 के दौरान 16124 थी।

श्रमिक संघ:

ईसीएल के कर्मचारी काफी संगठित हैं और शायद ही ऐसे कर्मचारी हैं जो किसी भी यूनियनों के सदस्य नहीं हैं। प्रमुख सक्रिय संघ आइएनटीयूसी, एआइटीयूसी, एचएमएस, बीएमसी, यूटीयूसी, सीआईटीयू, आईएनटीटीयूसी आदि हैं। अधिकारी सीएमओएआई के सदस्य हैं। गैर-अधिकारी कर्मचारियों की सेवा, वेतन पुनरीक्षण और अन्य शर्तें जेबीसीसीआई द्वारा प्रतिपादित राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता (एनसीडब्ल्यूए), प्रमाणित स्थायी आदेश और सरकारी निर्देशों के अधीन होतें हैं।

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम एवं निवारण) अधिनियम, 2013 के तहत प्रकटन:

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम एवं निवारण) अधिनियम, 2013 के अनुसार गठित ईसीएल की आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) का संचालन किया जा रहा है। वर्ष 2019-20 के दौरान आईसी, ईसीएल को यौन उत्पीड़न से संबंधित केवल एक शिकायत प्राप्त हुई है और इसकी जांच प्रक्रियाधीन है।

31 मार्च, 2020 तक एचआरएम मानकों के समझौता ज्ञापन (एमओयू) लक्ष्य की तुलना में उपलब्धियां:

क्र. सं.	मानक	लक्ष्य	प्राप्ति
1	सतत प्रकृति के 8 मानव संसाधन मानकों की प्राप्ति:		
	क. एसीआर / एपीएआर लिखने के संदर्भ में निर्धारित समयावधि के अनुपालन के साथ सभी अधिकारियों (ई-0 और ऊपर) के संबंध में एसीआर / एपीएआर के ऑनलाइन जमा करने में निरंतरता।	प्राप्त एचआर मानकों की संख्या उत्कृष्ट -100% (8 मानकों के लिए)	निर्धारित समय-सीमा के अनुसार पीएमएस समय-सारिणी का अनुपालन
	ख. वरिष्ठ अधिकारियों के लिए ऑनलाइन त्रैमासिक सतर्कता मंजूरी अद्यतन की निरंतरता (ई-5 और ऊपर)		यह नियमित रूप से सतर्कता विभाग द्वारा किया जाता है।
	ग. सीआईएल अधिकारी प्रतिभा प्रबंधन नीति के अनुसार उत्तराधिकार योजना का संचालन।		यह सीआईएल के नियंत्रणाधीन है।
	घ. कट-ऑफ दिनांक 30.09.2019 तक डीपीसी के लिए सभी योग्य उम्मीदवारों के बायोडाटा और उसके सत्यापन का अद्यतन दिनांक 31.10.2019 तक		निर्धारित समय के अंदर प्रस्तुत किया गया।
	ङ. कम से कम 5% अधिकारियों (ई-0 & ऊपर) को भारत में स्थित आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी, आईसीएआई आदि जैसे केंद्र पर कम से कम 1 (एक) सप्ताह का प्रशिक्षण प्रदान करके प्रतिभा प्रबंधन और कैरियर प्रगति की निरंतरता।		यह सीआईएल के नियंत्रणाधीन है।
	च. ऑनलाइन मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (HRMS) का नियमित अद्यतन		यह नियमित रूप से किया जा रहा है।
	छ. जनवरी 2020 से मार्च 2020 की तिमाही तक 50/55 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले अधिकारियों के मामलों में प्रारंभिक समीक्षा समिति की सिफारिश 30 सितंबर 2019 तक प्रस्तुत करना।		प्रारंभिक समीक्षा समिति (IRC) की सिफारिशों को आगे की कार्रवाई के लिए साआईएल को सौंप दिया गया है।

क्र. सं.	मानक	लक्ष्य	प्राप्ति
	झ. मानव संसाधन ऑडिट सिफारिश कार्यान्वयन।		31 दिसंबर, 2019 के अंदर लागू किया गया।

एमओयू लक्ष्य के एक भाग के रूप में, कार्य-जीवन संतुलन और नेतृत्व विकास के लिए महिला कर्मचारियों के लिए निम्नलिखित 15 पहलें की गईं:

क्र. सं.	पहलें	लक्ष्य	प्राप्ति
1	#माइनफॉरवोमेन (MineforWomen)- खनन क्षेत्रों में और उसके आसपास तैनात महिलाओं को पहचानने और उन्हें प्रोत्साहित एवं प्रेरित करने के लिए थीम।	ऐसी सभी महिलाओं की पहचान करने के लिए, जो खनन क्षेत्रों में और उसके आस-पास तैनात हैं तथा उनके संक्षिप्त परिचय (व्यावसायिक और पारिवारिक पृष्ठभूमि, फोटो, शौक इत्यादि) को साझा करने एवं उन्हें अपनी वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।	समय संपन्न (31.01.2020 के भीतर) और वेबसाइट पर अपलोड किया गया।
2	#बैलेंसफॉरबैटर (BalanceforBetter) थीम (अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2019 की थीम के अनुरूप) कार्य और पारिवारिक जीवन को संतुलित करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए।	अनुषंगी कंपनी द्वारा (मुख्यालय या क्षेत्रों में व्यवहार्यता के अनुसार) विषय के अनुरूप 2 दिनों की कार्यशाला आयोजित करने के लिए जिसमें सभी महिलाओं को उनकी कहानियों को साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है कि वे अपने काम और घर के बीच कैसे संतुलन स्थापित करती हैं।	ईसीएल मुख्यालय में 13.12.2019 को #बैलेंसफॉरबैटर थीम पर एक कहानी कार्यशाला का आयोजन किया गया।
3	जरूरत के समय में उपयोग किये जाने योग्य महिला सुरक्षा ऐप की शुरुआत	इस सेफ्टी ऐप की तैयारी और संचालन को पूरा करने के लिए जिसमें महिलाओं की आवाज/मदद की सूचना दो आपातकालीन नंबरों पर भेजी जाएगी।	भारत सरकार द्वारा शुरू की गई महिला सुरक्षा ऐप "112 इंडिया ऐप" के उपयोग के लिए जनवरी 2020 में दिशेरगढ़ क्लब में जागरूकता एवं प्रचार कार्यक्रम का आयोजन
4	महाप्रबंधक के साथ "चाय पर चर्चा"।	महिला कर्मचारियों का महाप्रबंधक के साथ अपना जन्मदिन मनाना (उसी महीने के पहले दिन) जिसका उद्देश्य साल में एक बार उन्हें प्रतिक्रिया और सुझाव देने का अवसर प्रदान करना होता है।	निदेशक (कार्मिक) और संबंधित क्षेत्र के महाप्रबंधक के साथ 'चाय पर चर्चा' कार्यक्रम शुरू हुआ। जुलाई: राजमहल, अगस्त: मुगमा, सितंबर: सालानपुर, फरवरी: सोनपुर बाजारी।
5	मनोरंजन गतिविधि / बालिकाओं के लिए कार्यक्रम (कर्मचारियों की बच्चियां) (प्रत्येक 24 जनवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय बालिका दिवस के अनुरूप)।	सभी अनुषंगी कंपनियों में बालिकाओं के लिए मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित करना।	बाल दिवस के दौरान, 14.11.2019 को केंद्रीय अस्पताल, कल्ला द्वारा स्वस्थ बेबी शो 2019 का आयोजन किया गया था।
6	योग और ध्यान सत्र, मार्शल आर्ट आदि पर केंद्रित शारीरिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन	तौर-तरीके अनुषंगी कंपनी द्वारा तय किये जाते हैं।	अक्टूबर 2019 में, झांझरा क्षेत्र में महिला कर्मचारियों के स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत योग एवं ध्यान का आयोजन किया गया। महिला कर्मचारियों के लिए योग और ध्यान बैंकोला क्षेत्र में भी आयोजित किए गए हैं। 21.11.2019 से 23.11.2019 तक महिला कर्मचारियों के लिए पांडवेश्वर क्षेत्र में तीन (03) दिनों का आत्मरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी तरह, तीन (03) दिन, आपातकालीन स्थिति के दौरान सोनीपुर बज़ारी क्षेत्र की महिला कर्मचारियों के लिए कराटे और आत्मरक्षा कक्षाएं नवंबर 2019 में सोनपुर बज़ारी क्षेत्र में वीटीसी में आयोजित की गईं।

क्र. सं.	पहलें	लक्ष्य	प्राप्ति
7	तनाव प्रबंधन पर केंद्रित मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन।	तौर-तरीके अनुषंगी कंपनी द्वारा तय किये जाते हैं।	तनाव प्रबंधन और कार्य-जीवन संतुलन पर एक दिवसीय कार्यशाला 28.08.2019 को बैंकोला क्षेत्र में और 11 सितंबर 2019 को सोदपुर क्षेत्र सामुदायिक भवन में आयोजित की गई, जिसमें 108 महिला कर्मचारियों ने भाग लिया।
8	विभिन्न मनोरंजक थेरेपी जैसे डांस थेरेपी, म्यूजिक थेरेपी आदि पर उपचारात्मक स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन।	तौर-तरीके अनुषंगी कंपनी द्वारा तय किये जाते हैं।	15 जनवरी 2020 को दिशेरगढ़ क्लब में ईसीएल की महिला कर्मचारियों के लिए एक स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
9	महिला कर्मचारियों के लिए 2 स्वास्थ्य शिविर (नियमित जांच) का आयोजन।	सभी अनुषंगियों में तैनात समस्त महिलाओं के लिए नियमित जांच	यह एक सतत प्रक्रिया है और इस तरह के विभिन्न शिविरों का आयोजन किया गया है। 26 अगस्त 2019 से 6 सितंबर 2019 तक सोदेपुर क्षेत्र के सभी औषधालयों में महिला कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए हैं।
10	महिलाओं में स्तन कैंसर, पीसीओएस, गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर और अन्य किसी भी स्त्री-रोग संबंधी बीमारियों के बारे में जागरूकता कार्यक्रम।	सभी अनुषंगियों में कम से कम दो कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं	सर्वाइकल कैंसर, स्तन कैंसर और पीसीओएस जैसी "महिलाओं से संबंधित बीमारियों" पर जागरूकता कार्यक्रम 31.10.2019 को और 16.09.2019 को सोदेपुर एरिया में आयोजित किया गया, जिसमें 120 महिला कर्मचारियों ने भाग लिया।
11	सभी अनुषंगी कंपनियों की ई-5 से नीचे की प्रबंधकीय महिलाओं के लिए व्यवहार कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाना।	39 वर्ष से कम आयु की महिलाओं की प्रतिभागिता, अंतर-विभाग, अंतर-क्षेत्र।	दिशेरगढ़ क्लब में दो (02) दिनों (19 जुलाई और 20 जुलाई 2019) की कार्यशाला आयोजित की गई।
12	ई-6 और उससे ऊपर की महिला प्रबंधकीय अधिकारियों के लिए व्यवहार कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम।	40 वर्ष और उससे अधिक आयु की प्रबंधकीय महिला अधिकारियों की प्रतिभागिता, अंतर-विभाग, अंतर-क्षेत्र।	
13	महिला अधिकारियों के लिए कम से कम एक विचार-मंथन सत्र का आयोजन।	तौर-तरीके अनुषंगी कंपनी द्वारा तय किये जाते हैं।	8 अगस्त 2019 को मुगमा में महिला कर्मचारियों के लिए एक विचार-मंथन सत्र का आयोजन किया क्षेत्र।
14	सभी अनुषंगी कंपनियों की महिलाओं के लिए आउटडोर खेल गतिविधि का आयोजन।	स्थान और समय तथा सभी अनुषंगी कंपनियों से प्रतिभागिता का निर्धारण अनुषंगी कंपनी द्वारा किया जाना है।	31.01.2020 से पहले ही महिला कर्मचारियों के लिए अंतर-क्षेत्र बैडमिंटन, एथलेटिक्स आदि जैसी विभिन्न आउटडोर खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया।
15	लैंगिक जागरूकता पर कार्यक्रम।	व्यक्तिगत और व्यावसायिक मोर्चे पर महिला कर्मचारियों के साथ सहानुभूति रखने के लिए पुरुष कर्मचारियों के बीच जागरूकता।	ईसीएल मुख्यालय में 27 दिसंबर, 2019 को लैंगिक जागरूकता पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण:

हमरा उद्देश्य पूरे वर्ष के दौरान सभी श्रेणियों के कर्मचारियों को निरंतर प्रशिक्षण प्रदान करना हैं। कोल इंडिया लिमिटेड (CIL) द्वारा 1994 में स्थापित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कोल मैनेजमेंट (IICM) में अधिकारियों को उन्नत प्रबंधन कार्यक्रम, नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम, सामान्य प्रबंधन कार्यक्रम, युवा प्रबंधक कार्यक्रम, उन्नत रख-रखाव अभ्यास, प्रबंधन विकास कार्यक्रम, प्रशिक्षण और कोचिंग, कनिष्ठ अधिकारियों के लिए कैरियर विकास तथा संप्रेषण कौशल जैसे प्रशिक्षण प्रदान किये जाते हैं। इसके अलावा, हमारी कंपनी ने बाहरी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने हेतु उल्लेखनीय संख्या में हमारे अधिकारियों और कर्मचारियों (निदेशकों, वरिष्ठ अधिकारियों और गैर-अधिकारियों सहित) को भारत के बाहर कई अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण सत्रों के लिए भेजा है। आईआईसीएम के अलावा, ईसीएल में हमारे 4 मानव संसाधन विकास प्रशिक्षण केंद्र और 14 क्षेत्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र (वीटीसी) हैं जो हमारे कर्मचारियों व अधिकारियों को

विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। नए भर्ती हुए प्रबंधन प्रशिक्षुओं के लिए नियमित रूप से अभिप्रेरण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

मानव संसाधन विकास (एचआरडी) द्वारा विभिन्न संस्थानों के छात्रों के लिए जरूरत के आधार पर औद्योगिक / व्यावसायिक प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की जाती है। 2019-20 में नए दिशानिर्देशों के अनुसार कंपनी ने 1229 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया। ईसीएल ने 2019-20 में 3092 संविदाकर्मियों को प्रशिक्षण भी प्रदान किया है। विवरण नीचे दिया गया है:

1. कार्य योजना: कार्य योजना के अनुसार मा.सं.वि.वि की प्रदर्शन रिपोर्ट (कंपनी में)

वर्ष	पाठ्यक्रमों की संख्या		प्रतिभागी की संख्या							
			लक्ष्य				वास्तविक			
	लक्ष्य	वास्तविक	अधिकारी	पर्यवेक्षक	मज़दूर	योग	अधिकारी	पर्यवेक्षक	मज़दूर	योग
2019-20	236	221	393	742	1425	2560	629	967	1681	3277
2018-19	229	249	645	579	1550	2774	620	932	2407	3959

2. 2018-19 की तुलना में वर्ष 2019-20 के दौरान प्रदान किए गए विभिन्न प्रशिक्षणों का विवरण:

क्र. सं.	प्रशिक्षण की प्रकृति	2019-20				2018-19			
		अधिकारी	पर्यवेक्षक	मज़दूर	योग	अधिकारी	पर्यवेक्षक	मज़दूर	योग
1	**सामान्य / कंपनी में प्रशिक्षण:**								
1.i	3 दिन या उससे अधिक	195	627	915	1737	322	765	2014	3101
1.ii	3 दिन से कम	434	340	766	1540	298	167	393	858
2	**बाहरी प्रशिक्षण (भारत के अंदर):**								
2.i	**आईआईसीएम में:**								
2.i क	3 दिन या उससे अधिक	563	0	0	563	479	0	0	479
2.i ख	अल्पावधि प्रशिक्षण	129	0	0	129	46	0	0	46
2.ii	**कंपनी प्रशिक्षण (आईआईसीएम से इतर):**								
2.ii.क	अल्पावधि प्रशिक्षण	259	05	02	266	78	04	0	82
2.ii.ख	दीर्घावधि प्रशिक्षण	34	04	0	38	191	14	0	205
2.ii.ग	3 दिन या उससे अधिक	48	0	0	48	24	0	0	24
3	**बाहरी (विदेश में)**	07	0	0	07	04	0	0	04
	कुल	**1669**	**976**	**1683**	**4328**	**1442**	**950**	**2407**	**4799**
4	**अन्य प्रशिक्षण और संगोष्ठियां:**								
क.	**प्रशिक्षु:**								
4.क.i	व्यावसायिक	0	0	1229	1229	0	0	1525	1525
4.क.ii	पीडीपीटी	0	411	0	414	0	428	0	428
4.क.iii	पीजीपीटी	109	0	0	108	136	0	0	136
4.क.iv	अपरेंटिस (कौशल विकास)	0	0	120	226	0	0	277	277
4.ख.	**संगोष्ठी / कार्यशाला (कंपनी को छोड़कर)**	09	07	02	18	57	0	0	57
4.ग.	**सिम्युलेटर प्रशिक्षण**	-	-	71	71	-	-	-	-
	कुल	**1787**	**1394**	**3105**	**6394**	**1635**	**1378**	**4209**	**7222**

पर्यावरणीय सुरक्षा एवं संरक्षण:

पर्यावरण विभाग ईसीएल के पर्यावरण और वन संबंधी मामलों की देखरेख से संबंधित है। पर्यावरण पर कोयला खनन गतिविधियों के प्रभाव की नियमित निगरानी की जा रही है और वैधानिक मानदंडों, अधिनियमों एवं नियमों में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त पर्यावरण सुरक्षा उपाय किए जाते हैं। पर्यावरण मंजूरी (क्लीयरेंस) तथा वन मंजूरी के बेहतर अनुपालन के अलावा, कंपनी ने सतत विकास की दिशा में प्राकृतिक हरित पहल की है। इसी के परिणामस्वरूप कंपनी को ISO 9001: 2015, ISO 14001: 2015 और OHSAS 18001: 2015 जैसे प्रमाणन प्राप्त हुए हैं।

कॉर्पोरेट पर्यावरण नीति को अपनाना:

ईसीएल ने अपनी कॉर्पोरेट पर्यावरण नीति बनाई है और उसे लागू किया है, जो कोल इंडिया लिमिटेड की पर्यावरण नीति के अनुरूप है। ईसीएल की पर्यावरण नीति में कहा गया है कि „ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) 10R (रिड्यूस, रिसायकल, रियूज, रिडिजायन, रिपर्पस, रिफर्बिश, रिपेयर, रिकवर, रिडिप्लॉय एवं रिफ्यूज), प्रदूषण की रोकथाम/शमन, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, पारिस्थितिक तंत्र एवं जैव विविधता की पुनर्स्थापन, कचरे का उचित निपटान, जलवायु परिवर्तन की रोकथाम करना और मिशन सुदेश (SuDESHH - सतत विकास, पर्यावरण, सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता)" के कंपनी-व्यापी कार्यान्वयन के माध्यम से एक मिशन मोड में समावेशी विकास की अवधारणा को लागू करते हुए एकीकृत परियोजना योजना एवं डिजाइन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण द्वारा सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।"

सतत विकास प्रकोष्ठ (एसडीसी):

इसीएल में „सतत विकास प्रकोष्ठ" का गठन किया गया है, जो कंपनी द्वारा समग्र रूप से किए गए विभिन्न पर्यावरणीय शमन उपायों की योजना बनाने, दिशानिर्देश तैयार करने, समय-समय पर निगरानी एवं मूल्यांकन करने के लिए नए विचारों को सृजित करने की दिशा में काम करता है। एसडीसी प्रकोष्ठ का गठन, निदेशक (तकनीकी) परि. एवं यो. की अध्यक्षता में प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ किया गया है। पर्यावरणीय शमन उपायों को सही एवं टिकाऊ तरीके से करने से आस-पास के क्षेत्रों में काम करने वाले तथा निवास करने वाले लोगों को एक बेहतर वातावरण मिलेगा और देश में कोयला क्षेत्र की समग्र छवि में भी सुधार होगा।

वर्ष 2019-20 के दौरान प्रमुख उपलब्धियां:

क. पर्यावरण मंजूरी:

1. दिनांक 07.08.2019 को क्लस्टर नंबर 3 के लिए पर्यावरण मंजूरी प्राप्त की गई थी, जिससे सालानपुर क्षेत्र की खदानों की उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी।
2. राजमहल ओसीपी (23.80 एमटीवाई) - दिनांक 20.03.2020 को क्षमता वृद्धि के लिए पर्यावरण मंजूरी प्राप्त हुई, जिसके परिणामस्वरूप राजमहल ओसीपी की पिछली क्षमता 17.00 एमटीवाई में 6.8 एमटीवाई की क्षमता वृद्धि हुई है।

ख. वन मंजूरी:

वर्ष 2019-20 के दौरान वन मंजूरी के संबंध में प्रमुख उपलब्धि निम्नलिखित थी:

i) दिनांक 21.05.2019 को हुर्रा 'सी' ओसीपी के 260 हेक्टेयर वन भूमि की चरण- II मंजूरी प्रदान कर दी गई। यह खदान 3 एमटीवाई की उत्पादन क्षमता के साथ संचालित होगी। वर्तमान में, वन भूमि के कब्जे और हस्तांतरण के प्रस्ताव पर झारखंड सरकार के साथ विचार चल रहा है।

ii) दिनांक 10.07.2019 को चित्रा इस्ट ओसीपी के 124.28 हेक्टेयर वन भूमि की चरण- II मंजूरी प्रदान कर दी गई, जिससे इस खदान का विस्तार हो सकेगा। वर्तमान में, वन भूमि के कब्जे और हस्तांतरण के प्रस्ताव पर झारखंड सरकार के साथ विचार चल रहा है।

iii) दिनांक 29.07.2019 को बंकोला क्षेत्र टिलाबोनी ओजीपी (1.86 एमटीवाई) के 39.98 हेक्टेयर वन भूमि के लिए ऑनलाइन आवेदन कर दिया गया है। ऑनलाइन आवेदन की सभी आवश्यकताएं पूरी कर ली गई हैं और यह प्रस्ताव प्रभागीय वनाधिकारी, दुर्गापुर के पास विचाराधीन है।

ग. वृक्षारोपण और भूमि सुधार:

ईसीएल ने बैकफिल्ड क्षेत्र (52.5 हेक्टे.), बाहरी ओबी डंप (10.0 हेक्टे.), भू-धंसान क्षेत्र (41.0 हेक्टे.), और अन्य समतल जमीन/कोल परिवहन सड़क सहित (1.5 हेक्टे.) कुल 105.00 हेक्ट. (जो लक्ष्य से 11.67% अधिक है) भूमि पर बहुस्तरीय वृक्षारोपण किया है। झारखंड एवं पश्चिम बंगाल राज्य वन विभाग के माध्यम से कुल 2,62,500 पौधे लगाए गए हैं।

क्र.सं.	क्षेत्र का नाम	खदान का नाम	क्लस्टर सं.	भूमि का प्रकार	क्षेत्र (हेक्टे.)
1.	केंदा	शंकरपुर ओसीपी	11	आंतरिक ओबी डंप	6.0
		बोंनबाहाल ओसीपी	11	आंतरिक ओबी डंप	3.0
2.	श्रीपुर	श्रीपुर सीम इंक्लाईन	8	भू-धंसान क्षेत्र	20.0
3.	सोनेपुर बाजारी	सोनेपुर बाजारी ओसीपी	12	आंतरिक ओबी डंप	5.0
			12	बाहरी ओबी डंप	10.0
4.	काजोरा	माधबपुर ओसीपी	10	आंतरिक ओबी डंप	15.0
5.	सतग्राम	निमचा-अमकोला ओसीपी	11	आंतरिक ओबी डंप	5.0
		जे.के. नगर ग्रूप ऑफ माइंस	9	भू-धंसान क्षेत्र	5.0

क्र.सं.	क्षेत्र का नाम	खदान का नाम	क्लस्टर सं.	भूमि का प्रकार	क्षेत्र (हेक्टे.)
6.	झांजरा	झांजरा यूजीपी	12	भू-धंसान क्षेत्र	10.0
7.	पंडावेश्वर	खोट्टाडीह ओसीपी	12	आंतरिक ओबी डंप	2.2
		नियर बिलपाहारी रिहब साईट	12	अन्य समतल भूमि	1.5
		दालुरबांध ओल्ड ओसीपी	12	आंतरिक ओबी डंप	1.3
8.	सोदेपुर	दुबेश्वरी यूजी	5	भू-धंसान क्षेत्र	6.0
9.	कुनुस्टोरिया	परसिया ओसीपी	10	आंतरिक ओबी डंप	8.0
10.	मुगमा	चापापुर ओसीपी	1	आंतरिक ओबी डंप	2.0
		बदजना ओसीपी	1	आंतरिक ओबी डंप	5.0
				कुल	**105.0**

घ. आईएसओ प्रमाणन:

समग्र रूप से ईसीएल एक ISO 9001:2015, ISO 14001:2015 और OHSAS 18001:2015 प्रमाणित कंपनी है। ईसीएल ने आंतरिक आईएसओ लेखा परीक्षकों द्वारा सफलतापूर्वक 2 (दो) आंतरिक निगरानी लेखापरीक्षाएं करायीं हैं और प्रमाणन निकाय द्वारा 2 (दो) बाह्य निगरानी लेखापरीक्षाएं की गयीं हैं। कंपनी को ISO 9001:2015, ISO 14001:2015 और OHSAS 18001: 2015 के नवीनतम सिस्टम मानकों को जारी रखने के साथ प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।

ङ. वैज्ञानिक अध्ययन:

सोनेपुर बाजारी ओसीपी में 100 हेक्टेयर से अधिक पुनर्स्थापित एवं वृक्षारोपित क्षेत्र के कार्बन सीक्वेस्ट्रेशन और वाटर फुट प्रिंट के अंध्ययन का ड्राफ्ट अंतिम रिपोर्ट नीरी (NEERI), कोलकाता द्वारा प्रस्तुत किया गया था।

मिशन सुदेश (SuDESHH) के तहत गतिविधियां:

क. अक्षय उर्जा को अपनाना

झांजरा क्षेत्र में 45 KwP (2 संयंत्र) और केंदा क्षेत्रीय कार्यालय में 20 KwP क्षमता के सौर उर्जा संयंत्र (सोलर प्लांट) स्थापित किये गए हैं। राजगंज कोलफील्ड्स के 5 क्षेत्रों के आस-पास के 50 से अधिक गांवों में 1100 लाइटें स्थापित की गयी हैं। 2507 एलईडी लाइट्स खरीदने का आदेश दिया जा चुका है।

ख. भू-जल पुनर्भरण (ग्राउंड वाटर रिचार्ज)

राजमहल क्षेत्र में समुद्राबांध एवं गंगासागर तालाब का पुनर्युवनित किया गया था। किसानों को मदद पहुंचाने के लिए खनन क्षेत्रों में भू-जल पुनर्भरण (ग्राउंड वाटर रिचार्ज) के साथ-साथ खरिफ के 476 हेक्ट. और रवि के 46 हेक्ट. भूमि में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

भू-जल पुनर्भरण (ग्राउंड वाटर रिचार्ज) के लिए मुगमा क्षेत्र में रुफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग परियोजना स्थापित की गई है। भू-जल स्तरों में सुधार के लिए ईसीएल के कमान क्षेत्र में कुल 26 रुफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली विकसित की गई है। इन रुफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग परियोजनाओं का कुल क्षेत्रफल लगभग 33,800 वर्ग मीटर है। ईसीएल में परिचालित इन रेनवाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं के माध्यम से भूमि के अंदर प्रतिवर्ष लगभग 44,000 घन मीटर बारिश के पानी का पुनर्भरण (रिचार्ज) किया जाता है।

ग. धूल शमन

कोल साइडिंग पर मोबाइल वाटर स्प्रिंकलर लगे हुए हैं और राजमहल क्षेत्र में एमजीएम प्रणाली में वाटर टैंकर लगे हुए हैं।

घ. वृक्षों का बचाव

मिशन SuDESHH के तहत सोनपुर बाजारी क्षेत्र में 144 वृक्षों को ट्रांसप्लांट करने के लिए ट्री ट्रांस प्लांटर्स को लगाया गया है। कण उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए प्रमुख रेलवे साइडिंग्स में फिक्स्ड वाटर स्प्रिंक्लर्स स्थापित किए गए हैं।

परिशिष्ट- V

कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) गतिविधियाँ 2019-20

ईसीएल और कार्यान्वयन विभाग में सीएसआर का संक्षिप्त विवरण:

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की एक सहायक कंपनी है। ईसीएल ने सीआईएल सीएसआर नीति को अपनाया और लागू किया है जो संशोधित कंपनी अधिनियम, 2013 और सीआईएल बोर्ड द्वारा अनुमोदित सीएसआर नियम, 2014 के अनुरूप है। सीएसआर से संबंधित डीपीई दिशानिर्देश संदर्भ संख्या: F. No. 15(13)/2013-DPE (GM) दिनांक 21 अक्टूबर, 2014 जो 01.04.2014 से प्रभावी हैं, का भी अनुपालन किया जाता है। हमारी सीएसआर पहल ने ईसीएल के 25 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले मुख्य रूप से वंचित, भूमि से बेदखल हुए और परियोजना प्रभावित लोगों (पीएपी) पर केंद्रित कल्याण उपाय करके सामाजिक प्रक्रियाओं के साथ हमारे व्यापार को एकीकृत किया है। सीआईएल सीएसआर नीति के तहत प्रावधान के अनुसार, फंड का 80% ईसीएल मुख्यालय/क्षेत्र/परियोजना के 25 किमी के दायरे में उपयोग किया जाना चाहिए और शेष 20% राज्य/राज्य के संचालन क्षेत्र के भीतर खर्च किया जाएगा। यह सुनिश्चित किया गया कि समाज का गरीब और जरूरतमंद वर्ग अपने विकास और स्थिरता को सहारा देने के लिए अधिकतम लाभ प्राप्त करे। इन परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों को ईसीएल में निम्नलिखित प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए निर्देशित किया गया है:

क) शिक्षा का प्रचार-प्रसार:

i) मुगामा, धनबाद, झारखंड में अत्याधुनिक विद्यालय भवन का निर्माण।

ii) पूर्वी कमान क्षेत्र, भारतीय सेना, कोलकाता में आशा स्कूल के लिए पुनर्वास एवं आवश्यक उपकरण।

ख) दिव्यांग जनों (पीडब्ल्यूडी) का स्वास्थ्य एवं कल्याण:

i) 240 मोबाइल मेडिकल वैन की सेवाएं, जिनमें से 6 एमएमवी को पश्चिम बंगाल एवं झारखंड के दोनों राज्यों में ईसीएल परिचालनों के आसपास के 12 क्षेत्रों में लगाया गया है।

कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार सरफेस एवं भूमिगत दोनों खानों के लिए बनी संरचनाओं को समाप्त/बंद करने एवं भूमि पुनरुद्धार का दायित्व कंपनी का है। कंपनी खान बंदी, भूमि पुनरुद्धार एवं करारों/ दायित्वों की समाप्ति के लिए आवश्यक कार्य में लगने वाली धनराशि एवं समय तथा भविष्य में नकद खर्च के विस्तृत तकनीकी आकलन एवं गणना के आधार पर अपने दायित्व का आकलन करती है। खदान बंदी खर्च अनुमोदित खदान बंदी योजना के अनुसार ही प्रदान किया जाता है। मुद्रास्फीति के लिए खर्चो के आकलन को तेज किया जाता है और तब छूट की दर पर छूट दी जाती है जो वर्तमान बाजार मूल्य एवं जोखिम के निर्धारण को इस प्रकार प्रतिबिंबित करती है कि प्रावधान की गयी राशि दायित्व निपटारे के लिए अपेक्षित आवश्यक खर्चो के वर्तमान मूल्य को प्रतिबिंबित करे। कंपनी पूर्णरूपेण पुनरुद्धार तथा खदान बंदी के दायित्व से जुड़ी समरूप परिसंपत्ति का रिकार्ड रखती है। दायित्व एवं समरूप परिसंपत्ति की पहचान उसी अवधि में की जाती है जिसमें देयता उत्पन्न होती है। खदान बंदी योजना के अनुसार भूमि पुनर्स्थापन की कुल लागत को निरूपित करने वाली परिसंपत्ति (जैसा कि सेन्ट्रल माइन प्लानिंग एण्ड डिजाइन इंस्टीट्यूट लिमिटेड में प्राक्कलित किया गया है) को **पीपीई** में एक अलग मद के रूप में मान्यता प्रदान की जाती है तथा परियोजना/खान के शेष जीवन के लिए परिशोधित किया जाता है।

प्रावधान का मूल्य समय से समय के साथ-साथ उत्तरोत्तर बढ़ता जाता है क्योंकि छूट में कमी होती जाती है, जिसमें एक ख़र्च कर सृजन होता है तथा वित्तीय व्यय के रूप में मान्यता दी जाती है।

इसके अलावा, अनुमोदित खान बंदी योजना के अनुसार इस उद्देश्य के लिए एक विशिष्ट एस्क्रो फंड खाता का रखरखाव किया जाता है।

कुल खदान बंदी बाध्यता के हिस्से के रूप में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर किए गए प्रगतिशील खदान बंद करने के खर्च को शुरू में एस्क्रो खाते से प्राप्य माना जाता है और उसके बाद उस वर्ष में दायित्व के साथ समायोजित किया जाता है जिसमें प्रमाणित एजेंसी की सहमति के बाद राशि वापस ले ली जाती है।

2.9 अन्वेषण और मूल्यांकन परिसंपत्तियाँ

अन्वेषण और मूल्यांकन परिसंपत्तियों में पूंजीगत लागत शामिल होती है जो कोयले और संबंधित संसाधनों की खोज, तकनीकी व्यवहार्यता के लंबित निर्धारण तथा पहचान किए गए संसाधन की वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आकलन के लिए जिम्मेदार होती है, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं :-

- शोध और ऐतिहासिक अन्वेषण डाटा का विश्लेषण;
- स्थलाकृतिक, भू-रासायनिक एवं भू-भौतिकी अध्ययनों के जरिए अन्वेषण के आँकड़ों को एकत्रित करना।
- अन्वेषणात्मक भू-वेधन, खंदक खुदाई और नमूना संग्रहण।
- संसाधनों की मात्रा एवं श्रेणी का निर्धारण एवं परीक्षण।
- परिवहन एवं संरचनात्मक आवश्यकताओं का सर्वेक्षण करना।
- बाजार और वित्तीय अध्ययनों का आयोजन।

उपर्युक्त में कर्मचारियों का मानदेय, वस्तुओं की कीमत एवं प्रयुक्त ईंधन, ठेकेदारों आदि का भुगतान शामिल है।

चूंकि अप्रत्यक्ष संघटक होने वाली समग्र अनुमानित प्रत्यक्ष लागतों का एक निरर्थक एवं पृथक विचार न करने योग्य भाग को प्रस्तुत करता है जिसकी पूर्ति भावी उपयोग से की जाने की अपेक्षा है, इसलिए अन्य पूंजीकृत अन्वेषणात्मक खर्चो के साथ इन खर्चो को अन्वेषण एवं मूल्यांकन परिसंपत्तियों के रूप में रिकार्ड किया जाता है।

परियोजना की तकनीकी संभाव्यता एवं व्यावसायिक उपयोगिता के निर्धारण को लंबित रखते हुए परियोजना द्वारा परियोजना के आधार पर अन्वेषण एवं मूल्यांकन लागतों को पूंजीकृत किया जाता है तथा गैर-वर्तमान परिसंपत्तियों के तहत अलग लाइन आइटम के रूप में प्रकट किया जाता है। बाद में उन्हें संचित प्रावधान से कम लागत पर मापा जाता है।

एक बार जब प्रमाणित भंडार का निर्धारण कर लिया जाता है एवं खदानों/परियोजना के विकास के लिए स्वीकृति दे दी जाती है तो पूंजीगत चालू कार्य के तहत अन्वेषण एवं मूल्यांकन परिसंपत्तियों को ''विकास'' के लिए स्थानांतरित कर दिया जाता है हालांकि यदि प्रमाणित भंडार का निर्धारण नहीं किया जाता है, तो अन्वेषण एवं मूल्यांकन परिसंपत्ति को अमान्य कर दिया जाता है।

2.10 विकास खर्च

जब प्रमाणित भंडार का निर्धारण कर लिया जाता है तथा खानों/परियोजना के विकास की स्वीकृति दे दी जाती है, तो "विकास" मद के अंतर्गत पूंजीकृत अन्वेषण एवं मूल्यांकन लागत को परिसंपत्ति के रूप में मान्यता दी जाती है। बाद के सभी विकास खर्चो को पूंजीकृत किया जाता है। पूंजीगत विकास व्यय, विकास के चरण के दौरान निकाले गए कोयले की बिक्री से प्राप्त आय का शुद्ध होता है।

व्यावसायिक परिचालन

परियोजना/खदानों से राजस्व प्राप्त होता है; जब परियोजना रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से उल्लिखित शर्तों के आधार पर अथवा निम्नलिखित कसौटियों के आधार पर परियोजना/खदान व्यावसायिक तौर पर टिकाऊ होने के आधार पर उत्पादन करने के लिए तैयार हो जाती है -

(क) अनुमोदित परियोजना रिपोर्ट के अनुसार निर्धारित क्षमता का 25% वास्तविक उत्पादन जिस वर्ष परियोजना से होता है, उस वर्ष के तुरंत बाद वाले वित्तीय वर्ष की शुरूआत से, अथवा

(ख) कोयला तक पहुंचने के दो वर्ष बाद, अथवा

(ग) उस वर्ष के बाद वाले वित्तीय वर्ष की शुरूआत से जिस वर्ष में उत्पादन का मूल्य कुल खर्चो से अधिक होता है।

उपर्युक्त में से जो भी पहले घटित हो।

राजस्व प्राप्त होना आरंभ होने पर, चालू पूंजीगत कार्य के तहत परिसंपत्तियों को "अन्य खनन आधारभूत संरचना" नामावली के तहत संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण के संघटक के रूप में पुनर्वर्गीकृत किया जाता है। अन्य खनन आधारभूत संरचना को उस वर्ष से परिशोधित किया जाता है जब खदान को 20 वर्षों या परियोजना का कामकाजी जीवन जो भी कम हो, में राजस्व के अधीन लाया जाता है।

2.11 अप्रत्यक्ष परिसंपत्तियां

अलग से अधिग्रहीत की गई अप्रत्यक्ष परिसंपत्तियों को प्रारंभिक लागत पर मापा जाता है। व्यावसायिक संगठन में अधिग्रहीत अप्रत्यक्ष परिसंपत्तियों की लागत अधिग्रहण की तिथि को उनका उचित मूल्य होता है। प्रारंभिक मान्यता का अनुसरण करते हुए अप्रत्यक्ष परिसंपत्तियों को किसी संचित परिशोधन (उनके उपयोगी जीवन काल के दौरान स्ट्रेट लाइन आधार पर परिकलित) एवं संचित हानिकरण क्षति, यदि कोई है, से कम लागत पर लिये जाते हैं।

पूंजीगत विकास लागत को छोड़कर आंतरिक रूप से सृजित अप्रत्यक्ष/अमूर्त परिसंपत्तियों को पूंजीकृत नहीं किया जाता है। बल्कि संबंधित व्यय को लाभ हानि विवरण एवं जिस अवधि में खर्च हुआ है, उस अवधि में अन्य व्यापक आय में स्वीकार किया जाता है। अप्रत्यक्ष परिसंपत्तियों के उपयोगी जीवन का निर्धारण सीमित या असीमित के रूप में किया जाता है। सीमित जीवन वाली प्रत्यक्ष परिसंपत्तियों को उनके उपयोगी आर्थिक जीवन के दौरान परिशोधित कर दिया जाता है तथा जब कभी यह संकेत होता है कि अप्रत्यक्ष परिसंपत्ति हानिकर हो सकती है, तो इसके हानिकरण के लिए मूल्यांकन किया जाता है। सीमित उपयोगी जीवन सहित किसी अप्रत्यक्ष परिसंपत्ति के लिए हानिकरण अवधि एवं हानिकरण विधि की समीक्षा कम से कम प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि की समाप्ति पर की जाती है। अपेक्षित उपयोगी जीवन अथवा परिसंपत्ति में सम्मिलित भावी आर्थिक लाभों के उपयोग के अपेक्षित तरीकों में परिवर्तनों के लिए परिशोधन अवधि अथवा विधि में यथोचित संशोधन पर विचार किया जाता है। जिसे लेखाकरण प्राक्कलनों में परिवर्तन के रूप में माना जाता है। सीमित जीवन के साथ अप्रत्यक्ष परिसंपत्तियों पर परिशोधन व्यय को लाभ व हानि विवरण में मान्यता दी जाती है।

असीमित उपयोगी जीवन के साथ किसी अप्रत्यक्ष परिसंपत्ति को परिशोधित नहीं किया जाता है बल्कि प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि को इसके हानिकरण की जांच की जाती है।

किसी अप्रत्यक्ष परिसंपत्ति के अस्वीकरण से होने वाले फायदे एवं नुकसान को परिसंपत्ति के निवल निपटान लाभ एवं वहन राशि के बीच के अंतर के रूप में मापा जाता है और जो लाभ-हानि विवरण में मान्य होता है।

बाहरी एजेंसियों (यानी ब्लॉक के लिए, सीआइएल के लिए अलग से नहीं) को बेचने के लिए चिह्नित अथवा बेचे जाने के लिए प्रस्तावित ब्लॉकों के लिए मदद पहुंचाने वाली अन्वेषण एवं मूल्यांकन परिसंपत्तियों को फिर भी अप्रत्यक्ष परिसंपत्तियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है तथा हानिकरण के लिए जांच की जाती है।

अप्रत्यक्ष परिसंपत्ति के रूप में मान्य सॉफ्टवेयर की कीमत / लागत को प्रयोग करने की विधिक अवधि से अधिक अथवा तीन वर्षों में, जो भी कम हो, स्ट्रेट लाइन विधि पर अपशिष्ट मूल्य शून्य के साथ परिशोधित किया जाता है।

अनुसंधान और विकास को व्यय के रूप में और जब चाहे खर्च के रूप में मान्यता दी जाती है।

2.12 परिसंपत्तियों की हानि (वित्तीय परिसंपत्तियों के अलावा)

कंपनी प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में ऐसे किसी संकेत का मूल्यांकन करती है कि क्या ऐसा कोई संकेत है कि किसी परिसंपत्ति में कमी या क्षति हो सकती है या नहीं। यदि इस प्रकार का कोई संकेत रहता है तो कंपनी परिसंपत्ति की वसूली योग्य राशि परिसंपत्ति अथवा नकदी सृजन करने वाली इकाई के प्रयोग मूल्य से अधिक होती है। इसका उचित मूल्य निपटान लागत से कम होता है तथा इसका निर्धारण किसी व्यक्तिगत परिसंपत्ति के लिए तब तक किया जाता है जब तक कि परिसंपत्ति नकद प्रवाह को सृजित नहीं कर लेती है जिसमें नकद वसूली योग्य राशि उस नकद सृजन करने वाली इकाई के लिए निर्धारित की जाती जिससे परिसंपत्ति जुड़ी होती है। कंपनी हानिकरण की जांच करने के उद्देश्य से पृथक खदानों को अलग नकदी सर्जक इकाई मानती है।

यदि किसी परिसंपत्ति की वसूली योग्य राशि को वहन राशि से कम आंका जाता है, तो परिसंपत्ति की वहन राशि को इसकी वसूली योग्य राशि तक कम कर दिया जाता है तथा हानिकरण क्षति को लाभ-हानि विवरण में मान्यता दी जाती है।

2.13 निवेश संपत्ति

वस्तुओं अथवा सेवाओं के उत्पादन अथवा प्रशासनिक उद्देश्य, अथवा व्यवसाय के सामान्य दौर में बिक्री हेतु उपयोग के बजाय किराया या पूंजी मूल्यांकन के लिए उपयोग हेतु रखी गई भूमि या भवन या भवन का कोई भाग या दोनों को निवेशित संपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

संबंधित लेन-देन लागत सहित और जहां लागू हो वहां उधार वाली लागत सहित निवेशित संपत्ति को इसकी प्रारंभिक लागत पर मापा जाता है।

निवेशित संपत्तियों का उनके अनुमानित उपयोगी जीवन काल में स्ट्रेट लाइन पद्धति का प्रयोग करके मूल्यह्रास होता है।

2.14 वित्तीय दस्तावेज (लिखत)

एक वित्तीय दस्तावेज (लिखत) कोई भी अनुबंध है जो एक इकाई की वित्तीय परिसंपत्ति और किसी अन्य इकाई की एक वित्तीय देयता या इक्विटी साधन को सृजित करता है।

वित्तीय परिसंपत्तियां

2.14.1 प्रारंभिक मान्यता एवं मापन (Initial Recognition and Measurement):

लाभ या हानि और लेनदेन लागत जो वित्तीय परिसंपत्ति के अधिग्रहण के लिए जिम्मेदार हैं, के जरिए वित्तीय परिसंपत्तियों को रिकार्ड नहीं किए जाने की स्थिति में वित्तीय परिसंपत्तियों को शुरू में उचित मूल्य पर मान्यता दी जाती है। वित्तीय परिसंपत्तियों की खरीद अथवा बिक्रियों जिसे विनियम अथवा परंपरा द्वारा बाजार में एक सीमा के अंदर परिसंपत्तियों की सुपुर्दगी की आवश्यकता पड़ती है, को ट्रेड की तिथि यानी कंपनी परिसंपत्ति की खरीद अथवा बिक्री के लिए जिस तिथि को प्रतिबद्ध है, उस तिथि को मान्यता दी जाती है।

2.14.2 परिवर्ती मापन

परिवर्ती मापन के लिए वित्तीय परिसंपत्तियों को चार श्रेणियों में बांटा जाता है :

- परिशोधित लागत पर ऋण दस्तावेज।
- अन्य सघन आय के जरिए उचित मूल्य पर ऋण दस्तावेज (FVTOCI)
- लाभ या हानि के जरिए उचित मूल्य पर ऋण दस्तावेज, डेरिवेटिव और इक्विटी दस्तावेज (FVTPL)
- अन्य व्यापक आय के जरिए उचित मूल्य पर मापे गए इक्विटी दस्तावेज (FVTOCI)

2.14.2.1 परिशोधित लागत पर ऋण दस्तावेज:

यदि निम्नलिखित दोनों शर्तें पूरी होती है तो 'ऋण दस्तावेज' को परिशोधित लागत पर मापा जाता है:

(क) परिसंपत्ति व्यापार मॉडल के अंदर हो जिसका उद्देश्य संविदात्मक नकदी प्रवाह के लिए परिसंपत्ति रखनी होती है तथा

(ख) परिसंपत्ति की संविदात्मक शर्तें नकदी प्रवाह को विनिर्दिष्ट तिथि को बढ़ने देती है जो बकाये मूलधन पर मूलधन एवं ब्याज का एकमात्र भुगतान (**एसपीपीआई**) होते हैं।

प्रारंभिक मापन के बाद इस प्रकार की वित्तीय परिसंपत्तियों को प्रभावी ब्याज दर (EIR) पद्धति का प्रयोग करते हुए परिशोधित लागत पर मापा जाता है। परिशोधित लागत की गणना- अधिग्रहण एवं शुल्क या मूल्य/लागत जो ईआईआर का हिस्सा है, पर किसी छूट या किस्त को ध्यान में रखकर की जाती है। ईआईआर परिशोधन लाभ या हानि में वित्तीय आय में शामिल किया गया है। हानिकरण के कारण होने वाली क्षति को लाभ या हानि में मान्यता दी जाती है।

2.14.2.2 एफवीटीओसीआई पर ऋण दस्तावेज

यदि निम्नलिखित दोनों मानकों को पूरा किया जाता है तो ''ऋण दस्तावेज'' को एफवीटीओसीआई के रूप में वर्गीकृत किया जाता है:

(क) व्यापार मॉडल का उद्देश्य संविदात्मक नकदी प्रवाह एवं वित्तीय परिसंपत्ति की बिक्री दोनों से पूरा किया जाता है, और

(ख) परिसंपत्तियों का संविदात्मक नकदी प्रवाह एसपीपीआई का निरूपण करता है।

एफवीटीओसीआई श्रेणी के अंतर्गत के ऋण दस्तावेजों का प्रारंभिक तौर पर साथ ही साथ प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि को उचित मूल्य पर मूल्यांकन किया जाता है। उचित मूल्य के बदलाव को अन्य व्यापक आय (OCI) में मान्यता प्रदान की जाती है। हलांकि कंपनी ब्याज से होने वाली आय, हानिकरण से होने वाले नुकसान एवं उलटाव तथा विदेशी मुद्रा लाभ व हानि को लाभ व हानि (P&L) में स्वीकार करती है। परिसंपत्ति के अस्वीकरण पर संचित लाभ अथवा हानि को पहले अन्य व्यापक आय (OCI) में मान्यता दी जाती थी, उसे लाभ व हानि (P&L) के लिए इक्विटी से पुनर्वर्गीकृत किया गया है। **पीवीटीओसीआई** ऋण पत्र/दस्तावेज से अर्जित ब्याज को ईआईआर पद्धति का उपयोग करते हुए ब्याज आय के रूप में रिपोर्ट की जाती है।

2.14.2.3 एफवीटीपीएल पर ऋण-पत्र/दस्तावेज

एफवीटीपीएल ऋण पर/दस्तावेजों के लिए अपशिष्ट श्रेणी है। कोई भी ऋण पत्र/दस्तावेज जो परिशोधित लागत के रूप में अथवा **एफवीटीओसीआई** के रूप में वर्गीकरण के लिए कसौटी/मानदंड को पूरा नहीं करता है, उसे **एफवीटीपीएल** के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

इसके अतिरिक्त, कंपनी एक ऋण -पत्र/दस्तावेज को नामित/निर्दिष्ट करने का चुनाव कर सकती है, जो अन्यथा एफवीटीपीएल के रूप में परिशोधित लागत या एफवीटीओसीआई मानदंडों को पूरा कराती है। हालांकि ऐसे चुनावों की अनुमति केवल तभी दी जाती है, जब ऐसा करने से माप या मान्यता असंगतता में कमी या समापन होता है (जिसे लेखाकरण बेमेल कहा जाता है) कंपनी ने किसी भी ऋण पत्र/दस्तावेज को एफवीटीपीएल के रूप में निर्दिष्ट नहीं किया है।

एफवीटीपीएल श्रेणी में शामिल ऋण पत्रों को उचित मूल्य पर लाभ और हानि में मान्यता प्राप्त सभी परिवर्तनों के साथ मापा जाता है।

2.14.2.4 अनुषंगी इकाइयों, सहयोगी और संयुक्त उद्यम में इक्विटी निवेश

भारतीय लेखा मानक 101 (भारतीय लेखा मानक में पहली बार अंगीकृत) के अनुसार, परिवर्तन की तारीख को इन निवेशों की वहन राशि को अनुमानित लागत माना जाता है। इसके बाद अनुषंगी इकाइयों, सहयोगियों और संयुक्त उपक्रमों में निवेश को लागत पर मापा जाता है।

समेकित वित्तीय विवरण के मामले में, अनुषंगी कंपनियों, सहयोगियों और संयुक्त उपक्रमों में इक्विटी निवेश को भारतीय लेखा मानक 28 के पैरा 10 में निर्दिष्ट इक्विटी पद्धति के अनुसार लेखांकित किया जाता है।

2.14.2.5 अन्य इक्विटी निवेश

भारतीय लेखा मानक 109 के दायरे में अन्य सभी इक्विटी निवेश लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर मापा जाता है।

अन्य सभी इक्विटी लिखतों (इंस्ट्रूमेंट) के लिए, कंपनी अन्य व्यापक आय के उचित मूल्य में क्रमिक परिवर्तनों को प्रस्तुत करने के लिए एक अपरिवर्तनीय चुनाव कर सकती है। कंपनी इस तरह के चुनाव को लिखतों (इंस्ट्रूमेंट) के आधार पर करती है। वर्गीकरण प्रारंभिक मान्यता पर बनाया गया है और अपरिवर्तनीय है।

यदि कंपनी एफवीटीओसीआई के रूप में किसी इक्विटी लिखत को वर्गीकृत करने का निर्णय लेती है, तो लिखत पर सभी उचित मूल्य परिवर्तन, लाभांश को छोड़कर, ओसीआई में मान्य किए जाते हैं। ओसीआई से लाभ और हानि तक की राशि का कोई पुनर्चक्रण नहीं होता है, निवेश की बिक्री पर भी। हालांकि, कंपनी इक्विटी के अंदर ही संचयी लाभ या हानि को स्थानांतरित कर सकती है।

एफवीटीपीएल श्रेणी में शामिल इक्विटी साधनों को लाभ और हानि में मान्यता प्राप्त सभी परिवर्तनों के साथ उचित मूल्य पर मापा जाता है।

2.14.2.6 मान्यता समाप्त करना

एक वित्तीय परिसंपत्ति (या, जहां लागू हो, वित्तीय परिसंपत्ति का एक हिस्सा या समान वित्तीय परिसंपत्तियों के एक समूह का हिस्सा) को मुख्य रूप से तब अमान्य कर दिया गया है (यानी तुलन पत्र से हटा दिया गया है) जब -

- संपत्ति से नकदी प्रवाह प्राप्त करने के अधिकार की समय सीमा समाप्त हो गई है, अथवा
- कंपनी ने संपत्ति से नकदी प्रवाह प्राप्त करने के लिए अपने अधिकारों को हस्तांतरित कर दिया है या "पास-थ्रू" व्यवस्था के तहत किसी तीसरे पक्ष को बिना भौतिक देरी के प्राप्त नकदी प्रवाह का भुगतान करने का दायित्व मान लिया है; और (क) कंपनी ने परिसंपत्ति के सभी जोखिमों और पुरस्कारों को काफी हद तक स्थानांतरित कर दिया है, या (ख) कंपनी ने संपत्ति के सभी जोखिमों और पुरस्कारों को न तो स्थानांतरित किया है और न ही बरकरार रखा है, लेकिन परिसंपत्ति का हस्तांतरित नियंत्रण कंपनी के पास है।

जब कंपनी ने परिसंपत्ति से नकदी प्रवाह को प्राप्त करने के अपने अधिकारों को हस्तांतरित कर दिया है, अथवा पास-थ्रू व्यवस्था अपना ली है, तो वह मूल्यांकन करती है कि वह और किस हद तक इसके स्वामित्व के जोखिमों और पुरस्कारों को अधिकार में बनाए रखती है। जब कंपनी ने न तो हस्तांतरित किया है और न ही परिसंपत्ति के सभी जोखिमों और पुरस्कारों को बनाए रखा है और न ही परिसंपत्ति का नियंत्रण ही हस्तांतरित किया है, जब तक कंपनी की सहभागिता जारी

रहती है तब तक यह हस्तांतरित परिसंपत्ति को मान्यता देना जारी रखती है। उस मामले में कंपनी जुड़ी हुई देयता को भी मान्यता देती है। हस्तांतरित परिसंपत्ति एवं इससे जुड़ी देयता को जिस आधार पर मापा जाता है वह कंपनी के पास के अधिकारों एवं दायित्वों को प्रदर्शित करता है। हस्तांतरित संपत्ति पर गारंटी का रूप लेते हुए जारी होने वाली संपत्ति को मूल वहन राशि से कम पर और कंपनी के विचारार्थ अधिकतम राशि जिसे कंपनी को पुनः भुगतान की आवश्यकता पड़ सकती है, पर मापा जाता है।

2.14.2.7 वित्तीय परिसंपत्तियों की हानि (उचित मूल्य के अलावा)

कंपनी भारतीय लेखा मानक 109 (Ind AS 109) के अनुसार निम्नलिखित वित्तीय परिसंपत्तियों एवं क्रेडिट जोखिम एक्सपोजर पर हानिकरण/क्षति के मापन/मूल्यांकन एवं मान्यता के लिए अपेक्षित क्रेडिट लॉस (ECL) मॉडल लागू करती है:

(क) वित्तीय परिसंपत्तियां जो ऋण-पत्र/दस्तावेज हैं तथा जिन्हें परिशोधित लागत यानी ऋण, ऋण प्रतिभूतियाँ, जमा, ट्रेड प्राप्य एवं बैंक शेष पर मापा जाता है,

(ख) वित्तीय परिसंपत्तियां जो ऋण-पत्र/दस्तावेज हैं एवं एफवीटीओसीआई के रूप में मापा जाता है,

(ग) भारतीय लेखा मानक 17 के तहत प्राप्य पट्टा, और

(घ) ट्रेड प्राप्तियां या किसी अन्य वित्तीय परिसंपत्ति का अधिग्रहण करने का कोई संविदात्मक अधिकार जो कि भारतीय लेखा मानक 11 एवं भारतीय लेखा मानक 18 के दायरे के अंदर है।

कंपनी निम्नलिखित पर हानिकरण क्षति भत्ता की मान्यता के लिए “सरलीकृत दृष्टिकोण” अपनाती है:

- ट्रेड प्राप्तियां अथवा संविदात्मक राजस्व प्राप्तियां, और
- भारतीय लेखा मानक 17 के दायरे के अंदर लेन-देन से उत्पन्न सभी लीज प्राप्य।

सरलीकृत दृष्टिकोण के प्रयोग से कंपनी को क्रेडिट जोखिम में परिवर्तनों को ट्रैक करने की आवश्यकता नहीं होती है। बल्कि यह प्रत्येक रिपोर्टिंग की तारीख को जीवन काल **ईसीएल** के आधार पर हानिकरण हानि भत्ता को ठीक इसकी प्रारंभिक तारीख से मान्यता देती है।

2.14.3 वित्तीय देयताएं

2.14.3.1 प्रारंभिक मान्यता एवं मापन:

कंपनी की वित्तीय देयताओं में ट्रेड एवं अन्य देय, ऋण एवं बैंक ओवर ड्राफ़्ट सहित उधारियां शामिल हैं।

सभी वित्तीय देयताओं को आरंभ में उचित मूल्य पर मान्यता दी जाती है और ऋण और उधार तथा देय राशियों के मामले में प्रत्यक्ष तौर पर आरोप्य निवल लेन-देन लागतों पर मान्यता दी जाती है।

2.14.3.2 परिवर्ती मापन / मूल्यांकन:

वित्तीय देयताओं का मूल्यांकन जैसा कि नीचे वर्णित है, उनके वर्गीकरण पर निर्भर करता है :

2.14.3.3 लाभ व हानि के जरिए उचित मूल्य पर वित्तीय देयताएं:

लाभ व हानि के जरिए उचित मूल्य पर वित्तीय देयताओं में ट्रेडिंग के लिए रखी वित्तीय देयताएं शामिल हैं तथा वित्तीय देयताओं को लाभ व हानि के जरिए उचित मूल्य पर प्रारंभिक मान्यता पर नामित किया जाता है। वित्तीय देयताओं को ट्रेडिंग के रूप में वर्गीकृत किया जाता है यदि वे निकट अवधि में फिर से खरीद के उद्देश्य के कारण उत्पन्न हुई हों। इस श्रेणी में कंपनी द्वारा दर्ज डेरिवेटिव फाइनेंशियल इंस्ट्रूमेंट्स भी शामिल है, जिन्हें भारतीय लेखा मानक 109 द्वारा परिभाषित बचाव संबंधों में हेजिंग इंस्ट्रूमेंट के रूप में निर्दिष्ट नहीं किया गया है। अलग-अलग एम्बेडेड डेरिवेटिव्स को भी वर्गीकृत किया जाता है जब तक कि उन्हें प्रभावी हेजिंग साधनों के रूप में निर्दिष्ट नहीं किया जाता है।

ट्रेडिंग के लिये रखी हुई देयताओं पर फायदा या नुकसान को लाभ या हानि में मान्यता दी जाती है।

लाभ या हानि के माध्यम से प्रारंभिक मान्यता और उचित मूल्य पर निर्दिष्ट वित्तीय देयताओं को मान्यता की प्रारंभिक तारीख को उसी रूप में निर्दिष्ट किया जाता है एवं केवल तभी यदि भारतीय लेखा मानक 109 (Ind AS 109) की कसौटी को पूरा किया जाता है। एफवीटीपीएल के रूप में निर्दिष्ट देयताओं, अपने क्रेडिट जोखिमों में परिवर्तन लाने के लिए आरोप्य उचित मूल्य लाभ/नुकसानों को ओसीआई में मान्यता दी जाती है। इन लाभ/हानियों को बाद में लाभ और हानि में हस्तांतरित नहीं किया जाता है। हालांकि कंपनी संचित लाभ/हानि को इक्विटी में हस्तांतरित कर सकती है। ऐसी देनदारी के उचित मूल्य में सभी अन्य परिवर्तनों को लाभ व हानि विवरण में मान्यता दी जाती है। कंपनी ने उचित मूल्य पर किसी वित्तीय देनदारी को निर्दिष्ट नहीं किया है।

2.14.3.4 परिशोधित लागत पर वित्तीय देयताएं:

प्रारंभिक मान्यता के बाद प्रभावी ब्याज दर पद्धति का प्रयोग करते हुए इन्हें बाद में परिशोधित लागत पर मापा जाता है। नफा और नुकसान को लाभ या हानि में मान्यता दी जाती है जब देयताओं को साथ ही साथ प्रभावी ब्याज दर परिशोधन प्रक्रिया के माध्यम से मान्यता समाप्त कर दी जाती है। परिशोधित लागत की गणना अधिग्रहण पर

किसी छूट या प्रीमियम और शुल्क या लागत जो प्रभावी ब्याज दर का एक अभिन्न अंग है, को ध्यान में रखकर की जाती है जो। प्रभावी ब्याज दर परिशोधन को लाभ व हानि विवरण में वित्तीय लागत के रूप में शामिल किया जाता है। यह श्रेणी प्रायः उधारियों पर लागू होती है।

2.14.3.5 मान्यता समाप्त करना:

जब देयता के तहत वित्तीय देनदारियों के दायित्व मुक्त हो जाता है या निरस्त हो जाता है अथवा समाप्त हो जाता है तो वित्तीय देनदारी की मान्यता समाप्त कर दी जाती है। जब किसी वर्तमान वित्तीय देयता को दूसरे समान उधारदाता द्वारा वास्तविक रूप से भिन्न शर्तों पर प्रतिस्थापित किया जाता है, अथवा वर्तमान देनदारी की शर्तों में वास्तविक संशोधन किया जाता है, तो ऐसे किसी परिवर्तन अथवा संशोधन को मूल देयता का अस्वीकरण एवं नई देयता का स्वीकरण माना जाता है। समाप्त कर दी गई या दूसरी पार्टी को हस्तांतरित कर दी गई अथवा देयताएं मान ली गई वित्तीय देयता (वित्तीय देयता का हिस्सा) का पिछले शेष के बीच के अंतर को लाभ व हानि में स्वीकार किया जाएगा।

2.14.4 वित्तीय परिसंपत्तियों का पुनर्वर्गीकरण:

कंपनी प्रारंभिक मान्यता पर वित्तीय परिसंपत्तियों एवं देयताओं के वर्गीकरण निर्धारित करती है। प्रारंभिक मान्यता के बाद वित्तीय परिसंपत्तियों के लिए पुनर्वर्गीकरण नहीं किया जाता है। क्योंकि ये इक्विटी दस्तावेज एवं वित्तीय देयताएं होती हैं। जो वित्तीय परिसंपत्तियां इक्विटी इंस्ट्रूमेंट तथा वित्तीय देयताएं होती है, उनके लिए प्रारंभिक मान्यता के बाद पुनर्वर्गीकरण नहीं किया जाता है। वित्तीय परिसंपत्तियां जो ऋण पत्र/दस्तावेज होती है, उनके लिए पुनर्वर्गीकरण तभी किया जाता है जब उन परिसंपत्तियों के प्रबंधन के लिए व्यापार मॉडल में परिवर्तन होता है। व्यापार मॉडल में ऐसे परिवर्तनों की अपेक्षा बारंबार की जाती है। कंपनी के उच्च प्रबंधन द्वारा कंपनी के लिए बाहरी या आंतरिक परिवर्तनों जो कंपनी के परिचालन के लिए महत्वपूर्ण हैं, के परिणामस्वरूप ही व्यापार मॉडल में परिवर्तन निर्धारित किया जाता है। ऐसे परिवर्तन बाहरी पार्टियों के लिए साक्ष्य होते हैं। कंपनी अपने परिचालन के लिए किसी महत्वपूर्ण गतिविधि की या तो शुरूआत करती है अथवा समाप्त करती है, तभी व्यापार मॉडल में परिवर्तन होता है। यदि कंपनी वित्तीय परिसंपत्तियों को पुनर्वर्गीकृत करती है, तो वह उस पुनर्वर्गीकरण को उसकी प्रत्याशित तिथि से लागू करती है जो व्यापार मॉडल में परिवर्तन से पहले की रिपोर्टिंग अवधि की ठीक बाद का पहला दिन होता है। कंपनी पिछली किसी स्वीकृति प्राप्तियों, नुकसानों (हानिकरण लाभ व हानि शामिल करके) अथवा ब्याज को पुनः निश्चित नहीं करती है।

निम्नलिखित सारणी में विभिन्न पुनर्वर्गीकरण एवं उनकी लेखांकन विधि को दर्शाया गया है :

मूल वर्गीकरण	संशोधित वर्गीकरण	लेखा विवेचन
परिशोधित लागत	एफवीटीपीएल	उचित मूल्य का मूल्यां कन पुनर्वर्गी करण की तारीख को कि या जाता है। पि छली परिशोधित लागत एवं उचित मूल्य के बीच के अंतर को लाभ और हानि में स्वी कार कि या जाता है।
एफवीटीपीएल	परिशोधित लागत	पुनर्वर्गी करण की तारीख का उचित मूल्य इसकी नई सकल वहन राशि बन जाती है। इसी नई सकल वहन राशि के आधार पर ईआईआर की गणना की जाती है।
परिशोधित लागत	एफवीटीओसीआई	पुनर्वर्गी करण की तारीख को उचित मूल्य का मूल्यां कन कि या जाता है। पि छली परिशोधित लागत और उचित मूल्य के बीच के अंतर को ओसीआई में स्वी कार कि या जाता है। पुनर्वर्गी करण के कारण ईआईआर में कोई परिवर्त न नहीं होता है।
एफवीटीओसीआई	परिशोधित लागत	पुनर्वर्गी करण की तारीख को उचित मूल्य इसकी नई परिशोधित लागत की वहन राशि बन जाती है। हालांकि, ओसीआई में संचित लाभ व हानि को उचित मूल्य के साथ समायोजित कि या जाता है। परिण ामस्व रूप परिसंपत्ति को इस प्रकार से मापा जाता है मानो इसे परिशोधित लागत पर ही हमेशा मापा जाता है।
एफवीटीपीएल	एफवीटीओसीआई	पुनर्वर्गी करण की तारीख को उचित मूल्य नई वहन राशि बन जाता है। अन्य कि सी समायोजन की आवश्यकता नहीं पड़ती है।
एफवीटीओसीआई	एफवीटीपीएल	परिसंपत्ति यों का उचित मूल्य पर मूल्यां कन कि या जाना जारी रहता है। ओसीआई में स्वी कृत/मान्य संचित नफा या नुकसान पुनर्वर्गी करण की तारीख को लाभ और हानि के लि ए पुनर्वर्गी कृत कि या जाता है।

2.14.5 वित्तीय दस्तावेजों (लिखतों) का समायोजन (ऑफसेटिंग):

वित्तीय परिसंपत्तियां एवं वित्तीय देयताओं को समायोजित किया जाता है और यदि स्वीकृत राशि के समायोजन का कानूनी अधिकार वर्तमान में प्रवर्तनीय है तथा परिसंपत्तियों की वसूली और देयताएं दोनों का शुद्ध राशि के आधार पर निपटान एक साथ करने की प्रवृति हो, तो शुद्ध राशि को समेकित तुलन-पत्र में प्रस्तुत किया जाता है।

2.14.6 नकद और नकद समतुल्य

तुलन पत्र में शामिल नकदी एवं नकदी समतुल्य में बैंक में जमा और हस्तगत नकद तथा तीन महीने या उससे कम समय के लिए मूल परिपक्वता के साथ अल्पकालिक जमा शामिल हैं जो मूल्य में परिवर्तन के मामूली जोखिम के अधीन हैं। नकदी प्रवाह के समेकित विवरण के उद्देश्य से, नकदी और नकदी समकक्षों में ऊपर परिभाषित किए गए नकदी और अल्पकालिक जमा, बकाया बैंक ओवरड्राफ्ट के शुद्ध को शामिल किया जाता है, क्योंकि उन्हें समूह के नकद प्रबंधन का एक अभिन्न अंग माना जाता है।

2.15 उधार लागत

उधार लागतें ऐसी उधार लागतों जो सीधे तौर पर अर्हकारी परिसंपत्तियों के अधिग्रहण, निर्माण या उत्पादन के लिए जिम्मेदार है, यानी वे परिसंपत्तियां जो अपने इच्छित उपयोग के लिए तैयार होने में आवश्यक रूप से पर्याप्त समय लेती हैं, को छोड़कर एक प्रकार के यथा आवश्यक खर्चे हैं। इस मामले में उन्हें उस तारीख तक उन परिसंपत्तियों की लागत के एक भाग के रूप में पूंजीकृत किया जाता है, जिस तारीख को अपने इच्छित उपयोग के लिए अर्हकारी परिसंपत्ति तैयार होती है।

2.16 कराधान

आयकर व्यय वर्तमान में देय कर और विलंबित कर के योग को दर्शाता है।

किसी खास अवधि के लिए कर योग्य लाभ (कर हानि) के संबंध में देय (वसूली योग) आयकर की राशि वर्तमान कर है। लाभ एवं हानि एवं अन्य व्यापक आय के विवरण में जैसा कि वर्णित है ''आयकर पूर्व लाभ'' से कर योग्य लाभ भिन्न है क्योंकि इसमें वह आय के व्यय मद में शामिल हैं जो दूसरे वर्षों में कर योग्य अथवा कटौती योग्य होते हैं तथा इसमें वे मद भी शामिल हैं जो कभी कर योग्य या कटौती योग्य नहीं होते हैं। वर्तमान कर के लिए कंपनी की देयता की गणना उन कर दरों का उपयोग करके की जाती है, जिन्हें रिपोर्टिंग अवधि के अंत तक अधिनियमित या संज्ञानात्मक रूप से अधिनियमित किया गया है।

आस्थगित कर देयताएं आमतौर पर सभी कर योग्य अस्थायी अंतरों के लिए मान्य होती हैं। सामान्य तौर पर सभी कटौती योग्य अस्थायी शेष के लिए उस सीमा तक विलंबित कर को मान्यता दी जाती है कि इसकी संभावना है कि कर योग्य लाभ उपलब्ध रहेगा जिसके लिए उन कटौती योग्य अस्थायी अंतर का उपयोग किया जा सकता है। इस प्रकार की परिसंपत्तियां एवं देयताओं को मान्यता नहीं दी जाती है, यदि अस्थायी शेष सद्भाव अथवा लेन-देन में अन्य परिसंपत्तियों एवं देयताओं से उत्पन्न हुआ है जो न तो कर योग्य लाभ को न ही लेखाकरण लाभ को प्रभावित करता है।

जहां कंपनी अस्थायी शेष के विपर्यय को नियंत्रित करने में सक्षम है इसकी संभावना है कि निकट भविष्य में अस्थायी शेष को रिवर्स नहीं किया जाएगा उसे छोड़कर अन्य अनुषंगियों एवं संख्या में निवेश से जुड़े करयोग्य अस्थायी शेष के लिए विलंबित कर देयताओं को मान्यता दी जाती है। इस प्रकार के निवेशों से जुड़े कटौती योग्य अस्थायी शेष से उत्पन्न विलंबित कर परिसंपत्तियों एवं ब्याजों को उस सीमा तक तभी मान्यता दी जाती है जब यह संभाव्य हो कि पर्याप्त करयोग्य लाभ होंगे जिसके लिए अस्थायी अंतर के लाभों का उपयोग किया जा सकेगा।

विलंबित कर परिसंपत्तियों की पिछली शेष की समीक्षा प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में की जाती है तथा इसे उस सीमा तक घटा दी जाती है कि परिसंपत्तियों को संपूर्ण या इसके अंश की वसूली किए जाने के लिए पर्याप्त करयोग्य लाभ उपलब्ध रहने की संभावना अधिक न रहे। अस्वीकृत विलंबित कर परिसंपत्तियों का पुनर्निर्धारण रिपोर्टिंग वर्ष के अंत में किया जाता है तथा उसे उस सीमा तक मान्यता दी जाती है। विलंबित कर परिसंपत्ति का संपूर्ण या इसके अंश की वसूली की जा सके इसके लिए पर्याप्त करयोग्य लाभ उपलब्ध रहेगा, इसकी संभावना बन चुकी हो।

विलंबित कर परिसंपत्तियों एवं देयताओं को कर की दरों पर मापा जाता है तथा उस अवधि में लागू होने की अपेक्षा की जाती है जिसमें देनदारी का निपटान किया जाता है या परिसंपत्ति की वसूली की जाती है। ऐसा उस दर (टैक्स कानूनों) के आधार पर किया जाता है जिसे रिपोर्टिंग अवधि के अंत में पारित किया गया हो।

आस्थगित कर देनदारियों और संपत्तियों की माप उन कर परिणामों को दर्शाती है जिस तरह की उम्मीद कंपनी रिपोर्टिंग अवधि के अंत में, अपनी परिसंपत्तियों और देनदारियों की वहन राशि की वसूली या निपटान के लिए करती है।

वर्तमान एवं विलंबित कर को लाभ या हानि में तभी मान्यता दी जाती है जब ये अन्य व्यापक आय अथवा इक्विटी से सीधे तौर पर मान्य आइटम से संबंध रखते हों जिस मामले में वर्तमान और विलंबित कर को भी क्रमशः अन्य व्यापक कर अथवा सीधे इक्विटी में मान्यता दी गई हो। जहां व्यवसाय समिश्रण के लिए प्रारंभिक लेखाकरण से वर्तमान अथवा विलंबित कर उत्पन्न होते हैं वहां व्यवसाय समिश्रण के लिए लेखाकरण में टैक्स के प्रभाव को शामिल किया जाता है।

2.17 कर्मचारियों को लाभ:

2.17.1 अल्पकालिक लाभ:

सभी अल्पकालिक कर्मचारी लाभों को उस अवधि में मान्यता दी जाती है जिसमें वे खर्च किए जाते हैं।

2.17.2 नियोजन के बाद एवं अन्य दीर्घकालिक कर्मचारी लाभ

2.17.2.1 परिभाषित अंशदायी योजनाएं

एक परिभाषित योगदान योजना भविष्य निधि और पेंशन के लिए रोजगार के बाद की योजना है, जिसके तहत कंपनी कानून के अधिनियमन के तहत गठित एक अलग वैधानिक निकाय (कोल माइंस प्रोविडेंट फंड) द्वारा बनाए गए फंड में निश्चित योगदान का भुगतान करती है और अतिरिक्त राशि के भुगतान के लिए कंपनी के पास कोई कानूनी या रचनात्मक दायित्व नहीं होगा। परिभाषित योगदान योजनाओं में योगदान के लिए बाध्यताओं को उस अवधि में लाभ और हानि के विवरण में कर्मचारी लाभ व्यय के रूप में मान्यता दी जाती है जिस अवधि के दौरान कर्मचारियों द्वारा सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

2.17.2.2 परिभाषित लाभ योजनाएं:

परिभाषित अंशदान योजना के अलावा एक परिभाषित लाभ योजना रोजगार के उपरांत की लाभ योजना है। ग्रेच्युटी, अवकाश नकदीकरण (लाभ पर अधिकतम सीमा के साथ) परिभाषित लाभ योजनाएं हैं। परिभाषित लाभ योजनाओं के संबंध में कंपनी के सकल दायित्व का परिकलन भावी लाभ राशि जिसे कर्मचारियों ने वर्तमान एवं

पूर्व की अवधियों में अपनी सेवाओं के बदले अर्जित किया है, उसके अनुमान से किया जाता है। लाभ को अपने वर्तमान मूल्य का निर्धारण करने के लिए रियायत दी जाती है तथा उनके योजनागत परिसंपत्तियों के उचित मूल्य से कम कर दिया जाता है, यदि कोई है तो। छूट दर भारत सरकार की प्रतिभूतियों की प्रचलित बाजार प्रतिफल पर आधारित होती है, क्योंकि रिपोर्टिंग तिथि में परिपक्वता तिथि होती है, जो कंपनी के दायित्वों की शर्तों का अनुमान लगाती है और इसे उसी मुद्रा में दर्शाया जाता है जिसमें लाभ का भुगतान किया जाना अपेक्षित होता है।

बीमांकिक मूल्यांकन के अनुप्रयोग में छूट की दर के बारे में पूर्वानुमान परिसंपत्तियों पर अपेक्षित वापसी की दरें, भावी वेतन वृद्धि, मृत्यु दर आदि शामिल हैं। योजनाएं लंबी अवधि के होने के कारण ऐसे अनुमानों में अनिश्चितता के मामले होते हैं। किसी बीमांकिक द्वारा प्रत्येक तुलन-पत्र में प्रोजेक्टेड यूनिट क्रेडिट मैथड का प्रयोग करके परिकलन किया जाता है। जब इस परिकलन के परिणाम अथवा योजना में भावी कटौतियां कंपनी के लाभ के होते हैं तो योजना से किसी भावी रिफंड के रूप में उपलब्ध आर्थिक लाभ का वर्तमान मूल्य पर मान्य परिसंपत्ति को सीमित किया जाता है। कंपनी के लिए एक आर्थिक लाभ उपलब्ध है, यदि योजना अवधि के दौरान अथवा योजना की देयताओं के निपटारे के समय यह वसूली योग्य है।

योजना की परिसंपत्तियों पर वसूली/वापसी (ब्याज को छोड़कर) तथा परिसंपत्तियों की अंतिम सीमा (यदि है, ब्याज को छोड़कर) पर विचार करते हुए बीमांकिक लाभ एवं हानियों के साथ शुद्ध परिभाषित लाभ देयता को तत्काल अन्य व्यापक आय में स्वीकार किया जाता है। अंशदान और लाभों के भुगतान के परिणामस्वरूप अवधि के दौरान शुद्ध परिभाषित लाभ देयता (परिसंपत्ति) में किसी परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए तत्कालीन शुद्ध परिभाषित लाभ देयताओं (परिसंपत्ति) के लिए वार्षिक अवधि को शुरूआत में परिभाषित लाभ दायित्व को मापने के लिए प्रयोग किए गए छूट दर को लागू करके उस अवधि के लिए कंपनी शुद्ध परिभाषित देयता (परिसंपत्ति) पर ब्याज खर्च (आय) का निर्धारण करती है।

जब योजना के फायदे में सुधार होता है तो कर्मचारियों द्वारा की गई पहले की सेवा से संबंधित बढ़ी हुई लाभ का हिस्से को लाभ एवं हानि विवरण में सीधे खर्च के रूप में मान्यता दी जाती है।

2.17.3 अन्य कर्मचारी लाभ

कुछ अन्य कर्मचारी लाभ जैसे एलटीसी, एलटीए, लाइफ कवर स्कीम, समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना, सेटलमेंट भत्ता, सेवा निवृत्ति के बाद चिकित्सा लाभ योजना और खदान दुर्घटना में मृतक के आश्रितों को मुआवजे आदि को ऊपर वर्णित लाभ योजनाओं के आधार पर ही लागू किया गया है। इन लाभों के लिए कोई अलग से विशिष्ट निधि नहीं है।

2.18 विदेशी मुद्रा

कंपनी की रिपोर्ट की गई मुद्रा और इसके अधिकांश संचालन के लिए कार्यात्मक मुद्रा भारतीय रुपया (आईएनआर) है जो कि इसके संचालन क्षेत्र में प्रमुख मुद्रा है।

विदेशी मुद्रा में लेनदेन उस तारीख में प्रचलित विनिमय दर के अनुसार कंपनी की सूचित मुद्रा में किया जाता है। रिपोर्टिंग अवधि के अंत में बकाया विदेशी मुद्राओं में संचित मौद्रिक संपत्ति और देयताओं को रिपोर्टिंग अवधि के अंत में प्रचलित विनिमय दर पर परिवर्तित किया जाता है। वर्तमान अवधि या उससे पहले की अवधि के दौरान मौद्रिक संपत्तियों और देयताओं के निपटारे से उत्पन्न विनिमय भेद या मौद्रिक संपत्तियों और देयताओं को आरंभ में परिवर्तित दरों से भिन्न दरों पर परिवर्तित करने पर वित्तीय विवरणों में इनकी पहचान लाभ और हानि विवरणों में इनके उत्पन्न होने वाली अवधि में की जाती है।

विदेशी मुद्रा में वर्णित गैर-मौद्रिक वस्तुएं लेन-देन की तिथि पर प्रचलित विनिमय दरों पर किया जाता है।

2.19 स्ट्रिपिंग गतिविधि व्यय/ समायोजन

खुली खदान से खनन के मामले में, कोयले की सीम के ऊपर मिट्टी और चट्टान से बने खदान अपशिष्ट पदार्थ (ओवर बर्डेन) को कोयले तक पहुंचने और इसके निष्कर्षण के लिए निकालने की आवश्यकता होती है। यह अपशिष्ट हटाने की गतिविधि 'स्ट्रिपिंग' के रूप में जानी जाती है। खुली खदानों में, कंपनी को खदान के चालू रहने तक ऐसे खर्चों का सामना करना पड़ता है (तकनीकी रूप से अनुमानित)।

इसलिए, नीतिगत रूप से, प्रति वर्ष एक मिलियन टन वार्षिक क्षमता वाली खानों में, स्ट्रिपिंग की लागत को खदान से राजस्व मिलने के बाद अनुपात-विचलन लेखा और स्ट्रिपिंग गतिविधि संपत्ति के विधिवत समंजन के साथ प्रत्येक खदान में तकनीकी रूप से मूल्यांकित औसत स्ट्रिपिंग अनुपात (ओबी:कोल) पर प्रभारित किया जाता है।

बैलेंस शीट की तिथि पर स्ट्रिपिंग गतिविधि संपत्ति और अनुपात के विचलन के कुल शेष को मामले के अनुसार गैर-मौजूदा प्रावधान/अन्य गैर मौजूदा परिसंपत्तियों के शीर्ष के अंतर्गत स्ट्रिपिंग गतिविधि समंजन के रूप में दिखाया जाता है।

रिकॉर्ड के अनुसार ओवरबर्डन की रिपोर्ट की गई मात्रा को ओबीआर लेखा के अनुपात के लिए माना जाता है, जहां बताई गई मात्रा और मापी गई मात्रा के बीच भिन्नता निम्नानुसार दो वैकल्पिक अनुमत सीमाओं के निचले भाग के अंदर है -

खान के ओबीआर का वार्षिक घनत्व	भिन्नता की अनुमत सीमाएं (%)
1 मिलियन घन मीटर से कम	+/- 5%
1 से 5 मिलियन घन मी. के बीच	+/- 3%
5 मिलियन घन मीटर से अधिक	+/- 2%

हालांकि, जहां भिन्नता ऊपर की अनुमति सीमा से परे है, वहां मापी गई मात्रा मानी जाती है।

एक लाख टन से कम की रेटेड क्षमता वाली खानों के मामले में, उपरोक्त नीति लागू नहीं की जाती है और वर्ष के दौरान किए गए स्ट्रिपिंग गतिविधि की वास्तविक लागत को लाभ-हानि के विवरण में दिखाया जाता है।

2.20 वस्तु सूची (इन्वेंटरी)

2.20.1 कोयला का स्टॉक

कोयला/ कोक की सूची, लागत के निचले स्तर और प्राप्य मूल्य पर बताई गई हैं। इन्वेंटरी की लागत की गणना "प्रथम आवक प्रथम जावक पद्धति" पद्धति के माध्यम से की जाती है। शुद्ध प्राप्य मूल्य सूचियों के अनुमानित बिक्री मूल्य में इस बिक्री के लिए आवश्यक लागत और पूर्ण होने की पूरी अनुमानित लागत के अंतर को प्रदर्शित करता है।

कोयले के बुक स्टॉक को उन खातों में माना जाता है जहां बुक स्टॉक और मापे गए स्टॉक के बीच का अंतर +/- 5% तक होता है और ऐसे मामलों में जहां अंतर +/- 5% से अधिक होता है, मापे गए स्टॉक पर आधारित होता है। इस तरह के स्टॉक को शुद्ध प्राप्य मूल्य या लागत में जो भी कम हो, पर मूल्यांकित किया जाता है। कोक को कोयले के स्टॉक के हिस्से के रूप में माना जाता है।

कोयला और कोक-फाइन को कम लागत या शुद्ध प्राप्य मूल्य पर मूल्यांकित किया जाता है और इसे कोयले के स्टॉक के हिस्से के रूप में माना जाता है।

स्लरी (कोकिंग / सेमी-कोकिंग), वाशरियों के मिडलिंग और उप उत्पादों को शुद्ध प्राप्य मूल्य पर मूल्यांकित किया जाता है और इसे कोयले के स्टॉक के हिस्से के रूप में माना जाता है।

2.20.2 स्टोर और पुर्जे

केंद्रीय एंड क्षेत्रीय स्टोरों में भंडार और स्पेयर्स पार्ट्स (जिसमें खुले टूल्स भी शामिल हैं) का स्टॉक स्थिर मूल्य लेखा बही में प्रदर्शित शेष के अनुसार माना जाता है और इनका मूल्यांकन भारित औसत विधि के आधार पर गणना की गई लागत पर किया जाता है। कोलियरियों/उप भंडार/ड्रिलिंग कैंप्स/उपभोग केंद्रों में स्टोर और स्पेयर्स पार्ट्स की सूची को वर्ष की समाप्ति पर केवल वास्तविक रूप से सत्यापित स्टोरों के अनुसार माना जाता है और इनका मूल्यांकन लागत पर किया जाता है।

बेकार, क्षतिग्रस्त और अप्रचलित स्टोर और पुर्जों के लिए 100% की दर से प्रावधान किए गए हैं तथा 5 साल एक ही स्थान पर रखे स्टोर और पुर्जों के लिए 50% की दर से प्रावधान किए गए हैं।

2.20.3 अन्य वस्तु सूचियां (इन्वेंटरी)

चालू कार्य सहित कर्मशाला के कार्य का मूल्यांकन लागत पर किया जाता है। प्रेस के कार्यों के स्टॉक (चालू कार्य सहित) एवं प्रिंटिंग प्रेस में लेखन सामग्री तथा केंद्रीय अस्पताल में दवाइयों का मूल्यांकन लागत पर किया जाता है।

तथापि, लेखन सामग्री का स्टॉक (प्रिंटिंग प्रेस में पड़ी ऐसी सामग्रियों के अलावा) ईंट, बालू, दवाइयां (केंद्रीय अस्पतालों में है, उन्हें छोड़कर) एयरक्राफ्ट के समान एवं रद्दी माल का मूल्य महत्वपूर्ण नहीं होने के कारण उन्हें माल सूची में स्वीकार नहीं किए जाते है।

2.21 प्रावधान, आकस्मिक देयताएं एवं आकस्मिक परिसंपत्तियां

प्रावधानों को तब स्वीकार किया जाता है जब पिछली घटना के परिणामस्वरूप कंपनी का वर्तमान दायित्व (कानूनी एवं संरचनात्मक) हो और यह संभव हो कि दायित्व को निपटाने के लिए आर्थिक लाभ का बहिर्वाह (Out flow) आवश्यक हो और दायित्व की मात्रा का आकलन विश्वसनीयता के साथ किया जा सकता हो। जहां धन का समय-मूल्य महत्वपूर्ण है वहां प्रावधानों का उल्लेख दायित्व निपटान के लिए अपेक्षित खर्च के वर्तमान मूल्य पर किया जाता है।

सभी प्रावधानों की समीक्षा प्रत्येक तुलन-पत्र की तारीख को की जाती है और मौजूदा सर्वश्रेष्ठ अनुमान को प्रतिबिंबित करने के लिए समायोजित की जाती हैं।

जहां यह संभावना नहीं है कि आर्थिक लाभों के बहिर्वाह (out flow) की आवश्यक होगी, अथवा राशि को विश्वसनीयता के साथ, अनुमानित नहीं किया जा सकता, वहां आकस्मिक देनदारी के रूप में दायित्व का खुलासा नहीं किया जाता है जब तक कि आर्थिक लाभों के बहिर्वाह की संभाव्यता दूरस्थ नहीं होती है। संभावित दायित्वों जिनकी उपस्थिति को एक या अधिक भावी अनिश्चित घटनाओं, जो कंपनी के पूरी तरह से नियंत्रण में नहीं है, की पुष्टि केवल उपस्थिति या अनुपस्थिति से ही की जाएगी उसे भी तब तक आकस्मिक देयताओं के रूप में खुलासा नहीं किया जा सकता जब तक कि आर्थिक लाभों के बहिर्वाह दूरस्थ नहीं होती है।

आकस्मिक परिसंपत्तियां को वित्तीय विवरणों में मान्यता नहीं दी जाती है। हालांकि आय की प्राप्ति लगभग निश्चित है तो संबंधित संपत्ति कोई आकस्मिक संपत्ति नहीं है और यह मान्यता उचित है।

2.22 प्रति शेयर उपार्जन

अवधि के दौरान बकाये इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या (Weighted average number) से कर के बाद शुद्ध लाभ को विभाजित करके प्रति शेयर मूल उपार्जन की गणना की जाती है। प्रति शेयर मूल उपार्जन प्राप्त करने के लिए विचारित इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या से कर के बाद शुद्ध लाभ को विभाजित कर प्रति शेयर मिश्रित उपार्जन (diluted earnings) की गणना की जाती है और सभी मिश्रित संभावित इक्विटी शेयरों के परिवर्तन पर जारी किए जा सकने वाले इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या की भी गणना की जाती है।

2.23 निर्णय, प्राक्कलन और पूर्वानुमान

भारतीय लेखा मानक के अनुरूप वित्तीय विवरणों की तैयारी के लिए प्रबंधन को प्राक्कलन, मूल्यांकन एवं पूर्वानुमान करने की आवश्यकता पड़ती है जो लेखा नीतियों के अनुप्रयोग एवं परिसंपत्तियों एवं देयताओं की प्रतिवेदित राशियों वित्तीय विवरण की तारीख को आकस्मिक परिसंपत्तियों एवं देयताओं के खुलासे तथा इस अवधि के दौरान राजस्व एवं खर्चो की राशियों को प्रभावित करती है। जटिल एवं वास्तविक मूल्यांकन को शामिल करते हुए लेखा नीतियों का अनुप्रयोग तथा इन वित्तीय विवरणों में पूर्वानुमान के उपयोग का खुलासा किया गया है। एक अवधि में लेखा प्राक्कलन बदल सकता है। उन प्राक्कलनों से वास्तविक परिणाम भिन्न हो सकते हैं। प्राक्कलनों तथा पूर्वानुमानों की समीक्षा चालू आधार पर (Ongoing basis) की जाती है। लेखांकन अनुमान के संशोधन को उस अवधि में मान्यता दी जाती है, जिसमें अनुमान संशोधित किए जाते हैं और, यदि ऐसा होता है, तो उनके प्रभावों को वित्तीय विवरणों की टिप्पणियों में प्रकट किया जाता है।

2.23.1 निर्णय

कंपनी की लेखा नीतियों को लागू करने की प्रक्रिया में प्रबंधन ने निम्नलिखित निर्णय लिए जिसका वित्तीय विवरणों में मान्य राशियों पर सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है।

2.23.1.1 लेखा नीतियों का निर्माण

लेखा नीतियों को इस प्रकार से तैयार किया जाता है कि उनका प्रतिफल उन लेन-देन, या अन्य घटनाएं या स्थितियां जिनपर वे लागू होती है, के बारे में संगत तथा विश्वसनीय सूचना वाले वित्तीय विवरणों में दिखता है। उन नीतियों को तब लागू करने की आवश्यकता नहीं है जब उनको लागू करने का प्रभाव महत्वहीन हों।

भारतीय लेखा मानक के अभाव में खासकर जो लेन-देन, अन्य घटना या दशा में लागू होते हैं, प्रबंधन ने अपने निर्णय का प्रयोग लेखा नीति का विकास करने एवं लागू करने में किया है जो इस सूचना में प्रतिफलित होता है :-

क) प्रयोगकर्ताओं की आवश्यकता के लिए आर्थिक निर्णय में प्रासंगिक, और

ख) उन वित्तीय विवरणों में विश्वसनीयता:

(i) कंपनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय कार्य-निष्पादन एवं नकद प्रवाह को विश्वसनीय ढंग से प्रस्तुत करना (ii) न केवल कानूनी रूप में बल्कि लेन-देन की आर्थिक वास्तविकता, अन्य घटनाओं एवं दशाओं को परिलक्षित करते हैं (iii) तटस्थ होते हैं यानी पूर्वाग्रह से मुक्त (iv) विवेक पूर्ण होते हैं; और (v) अनुकूल आधार पर सभी महत्वपूर्ण मामलों में पूर्ण होते हैं।

प्रबंधन ने निर्णय लेते समय निम्नलिखित स्रोतों का अवरोही क्रम में संदर्भ एवं व्यवहार्यता के रूप में विचार किया है:

(क) समरूप एवं संबंधित मामलों का समाधान करने में भारतीय लेखा मानकों की आवश्यकताएं, और

(ख) ढांचे में परिसंपत्तियों, देयताओं, आय एवं व्यय के लिए परिभाषाओं, मान्यता की कसौटियां एवं मूल्यांकन अवधारण।

निर्णय लेने में, प्रबंधन अंतर्राष्ट्रीय लेखा मानक बोर्ड की नवीनतम घोषणाओं और इसके अभाव में अन्य मानक-निर्धारक निकायों जो लेखांकन मानकों, अन्य लेखा साहित्य और स्वीकृत उद्योग परंपराओं को विकसित करने के लिए एक समान वैचारिक ढांचे का उपयोग करते हैं, की नवीनतम घोषणाओं पर उस सीमा तक विचार करता है जब तक कि ये उपर्युक्त पैराग्राफ में स्रोतों के साथ विरोधाभाषी न हों।

कंपनी खनन क्षेत्र में काम करती है (एक ऐसा क्षेत्र जहां अन्वेषण, मूल्यांकन, विकास उत्पादन चरण दशकों के दौरान चल रहे पट्टे की अवधि में फैले हुए विविध स्थलाकृतिक और भू-खनन क्षेत्रों पर आधारित होते हैं और निरंतर परिवर्तन की संभावना होती है।) लेखा नीतियां जिन्हें अनुसंधान समितियों द्वारा समर्थित एवं विगत अनेक दशकों से इसके दृढ़ अनुप्रयोग के कारण विविध नियामकों द्वारा अनुमोदित विशेष औद्योगिक कार्यों के आधार पर तैयार एवं प्रस्तुत किया गया है। जो क्षेत्र विकास की प्रक्रिया में है, वैसे कुछ खास क्षेत्रों में लेखा साहित्य, दिशानिर्देश एवं मानकों के अभाव में कंपनी लेखा साहित्य विकसित करने के साथ-साथ लेखा नीतियों को विकसित करना जारी रखती है और उसमें हुए किसी सुधार/विकास को भारतीय लेखा मानक 8 में उपर्युक्त अधिक स्पष्टता से उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार प्रत्याशित रूप में लिया जाता है।

लेखांकन के आकस्मिक आधार का प्रयोग करते हुए चालू संस्था के आधार पर वित्तीय विवरण तैयार किए जाते है।

2.23.1.2 द्रव्यात्मकता (Materiality)

भारतीय लेखा मानक उन वस्तुओं पर लागू होता है जो भौतिक रूप में हैं। प्रबंधन मूल्यांकन का प्रयोग यह तय करने के लिए करता है कि वित्तीय विवरण में कोई खास एक वस्तु या वस्तुओं के समूह द्रव्यात्मक है या नहीं। वस्तु के आकार और प्रकृति के संदर्भ में द्रव्यात्मकता को आंका जाता है। है। निर्णायक घटक है कि त्रुटि अथवा गलत विवरण एकल या सामूहिक तौर पर वित्तीय विवरण के आधार पर उपयोगकर्ता द्वारा लिये जाने वाले आर्थिक निर्णयों को प्रभावित करते हैं अथवा नहीं। प्रबंधन भी भारतीय लेखा मानकों के अनुपालन की आवश्यकता का निर्धारण करने के लिए द्रव्यात्मकता के निर्णय का उपयोग करता है। विशेष परिस्थितियों में या तो प्रकृति या वस्तुओं की मात्रा या वस्तुओं का समुच्चय निर्धारण कारक हो सकता है। इसके अलावा कंपनी को कानून द्वारा आवश्यक होने पर अलग से सार सामग्री पेश करने की भी आवश्यकता हो सकती है।

कंपनी ने पट्टा अनुबंध किए हैं। कंपनी ने व्यवस्थापन की शर्तों व निबंधन के मूल्यांकन के अनुसार निर्धारित किया है कि जैसे व्यावसायिक संपत्ति को आर्थिक जीवन का कोई बड़ा भाग नहीं बनने वाली पट्टा अवधि एवं परिसंपत्ति का उचित मूल्य जो सभी महत्वपूर्ण जोखिमों एवं इन संपत्तियों के स्वामित्व के पुरस्कारों, परिचालन पट्टे के रूप में संविदाओं के लिए हिसाबों को सुरक्षित रखता है।

2.23.2 प्राक्कलन एवं अनुमान

भविष्य से संबंधित प्रमुख पूर्वानुमान तथा रिपोर्टिंग की तारीख को आकलन की अनिश्चितता का मुख्य स्रोत जिनके पास अगले वित्त वर्ष के अंदर परिसंपत्तियों एवं देयताओं की पिछली राशियों के वास्तविक समायोजन का कारक बनने वाले महत्वपूर्ण जोखिम हैं, को नीचे वर्णित किया गया है। जब वित्तीय विवरण तैयार किए गए तब उपलब्ध मानदंडों पर कंपनी द्वारा अपने पूर्वानुमानों एवं प्राक्कलनों को आधार बनाया गया। फिर भी, भावी विकास के बारे में, वर्तमान परिस्थितियों एवं पूर्वानुमान बाजार में बदलाव अथवा उत्पन्न परिस्थितियां जो कंपनी के नियंत्रण से बाहर हैं, के कारण बदल सकते हैं। ऐसे परिवर्तन जब उत्पन्न होते हैं, तो पूर्वानुमानों में प्रतिबिंबित होते हैं।

2.23.2.1 गैर वित्तीय परिसंपत्तियों की हानि

यदि किसी परिसंपत्ति या नकदी पैदा करने वाली इकाई का वहन मूल्य इसकी वसूली योग्य राशि से अधिक है, जो कि इसके उचित मूल्य के निपटान की कम लागत और उपयोग में इसके मूल्य से अधिक है तो यह हानि का एक संकेत है। कंपनी विशेष/अलग-अलग खानों को हानि के परीक्षण के उद्देश्य से अलग नकदी पैदा करने वाली इकाइयों के रूप में मानती है। उपयोग गणना में मूल्य डीसीएफ मॉडल पर आधारित है। नकदी प्रवाह अगले पांच वर्षों के लिए बजट से प्राप्त होता है और इसमें पुनर्गठन गतिविधियों को शामिल नहीं किया जाता है जो कि कंपनी अभी तक इसके लिए या महत्वपूर्ण भविष्य के निवेश के लिए प्रतिबद्ध नहीं है जो परीक्षण की जी रही सीजीयू परिसंपत्ति के प्रदर्शन को बढ़ाएगा। वसूली योग्य राशि डीसीएफ मॉडल के लिए उपयोग की जाने वाली छूट दर के साथ-साथ भविष्य की अपेक्षित नकदी-प्रवाह और एक्सट्रापलेशन प्रयोजनों के लिए उपयोग की जाने वाली वृद्धि दर के प्रति संवेदनशील है। ये अनुमान अन्य खनन संरचनाओं के लिए सबसे अधिक प्रासंगिक हैं। विभिन्न सीजीयू के लिए वसूली योग्य राशि निर्धारित करने के लिए उपयोग की जाने वाली प्रमुख धारणाएं आगे संबंधित टिप्पणियों में बताई गई हैं।

2.23.2.2 कर (Taxes):

अप्रत्याशित कर परिसंपत्तियों को अप्रयुक्त कर घाटा माना गया है, क्योंकि यह संभावना है कि कर योग्य उपलब्ध लाभ का उपयोग नुकसान के लिए किया जा सकता है। स्थगित कर संपत्तियों की राशि निर्धारित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रबंधकीय निर्णय की आवश्यकता होती है, जिसे भावी कर योजना के साथ संभावित समय और भावी कर योग्य लाभ के स्तर पर रणनीतियां बनाने में प्रयोग किया जा सकता है।

2.23.2.3 परिभाषित लाभ योजनाएं

परिभाषित लाभ उपदान योजनाएं और अन्य प्रकार की नियोजन के पश्चात चिकित्सा लाभ और उपदान बाध्यताओं का वर्तमान मूल्य का लागत निर्धारण बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर किया जाता है। बीमांकिक मूल्यांकन में विभिन्न अनुमान किए जाते हैं जो कि भविष्य में होने वाले वास्तविक विकास से भिन्न हो सकते हैं। इसमें रियायती दर का निर्धारण, भविष्य में वेतन में वृद्धि और मृत्यु दर सम्मिलित हैं।

मूल्यांकन की विभिन्न जटिलताओं और इसकी दीर्घकालीन प्रकृति के कारण, परिभाषित लाभ बाध्यताएं इन अनुमानों में परिवर्तन के लिए अति संवेदनशील होती हैं। रिपोर्टिंग की प्रत्येक तारीख को सभी अनुमानों की समीक्षा की जाती है। रियायती दर के बदलने की संभावना सर्वाधिक होती है। भारत में परिचालित योजनाओं के समुचित रियायती दर के निर्धारण में, प्रबंधन सरकारी बॉण्डों की ब्याज दरों के साथ समान रूप से नियोजन पश्चात लाभ बाध्यताओं पर विचार करता है।

मृत्यु दर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध देश की मृत्यु दर तालिका पर आधारित होती है। इस मृत्यु दर तालिका में जन-सांख्यिकी परिवर्तनों के प्रत्युत्तर में निश्चित अंतरालों पर परिवर्तन होता है। भविष्य की वेतन वृद्धि और उपदान वृद्धि भविष्य में प्रत्याशित मुद्रास्फीति दर पर आधारित होती है।

2.23.2.4 वित्तीय लिखतों/साधनों का उचित मूल्य मापन

जब तुलन पत्र में वित्तीय परिसंपत्तियों और वित्तीय देयताओं के उचित मूल्य को सक्रिय बाजार में उद्धृत मूल्य के आधार पर मापा नहीं जा सकता है, तब उनके उचित मूल्य को डीसीएफ मॉडल सहित सामान्य तौर पर स्वीकार्य मूल्यांकन तकनीकों का प्रयोग करते हुए मापा जाता है। इन मॉडलों में इनपुट को जहां संभव हो प्रेक्षणीय बाजार से लिया जाता है, लेकिन जहां यह संभव नहीं है, उचित मूल्य के निर्धारण में एक निर्णय लेने की आवश्यकता होती है। निर्णय में तरलता जोखिम, क्रेडिट जोखिम, अस्थिरता और अन्य प्रासंगिक इनपुट/प्रतिफलों का विचार किया जाता है। इन कारकों में अनुमान और प्राक्कलन में परिवर्तन वित्तीय लिखतों में रिपोर्ट किए गए उचित मूल्य प्रभावित कर सकता है।

2.23.2.5 विकास के तहत अप्रत्यक्ष संपत्ति

कंपनी लेखा नीति के अनुरूप किसी परियोजना के लिए विकास के तहत परिसंपत्तियों का पूंजीकरण करती है। लागत का प्रारंभिक पूंजीकरण प्रबंधन के निर्णय पर आधारित होता है जिसमें सामान्यतः एक परियोजना रिपोर्ट बनाकर अनुमोदित कर उसकी तकनीकी और आर्थिक व्यवहार्यता सुनिश्चित कर ली जाती है।

2.23.2.6 खदान बंदी, खदान स्थल पुनरुद्धार और कार्य समाप्ति दायित्व के प्रावधान

खदान बंदी, खदान स्थल पुनरुद्धार और कार्य समाप्ति दायित्व के प्रावधान के उचित मूल्य के निर्धारण में रियायती दर, खदान स्थल पुनरुद्धार और विनष्टीकरण तथा इन लागतों में अनुमानित समय के आधार पर अनुमान और प्राक्कलन तैयार किए जाते हैं। कंपनी द्वारा निम्नलिखित आधार पर परियोजना/खदान के जीवन पर विचार करते हुए डीसीएफ विधि का प्रयोग कर प्राक्कलन तैयार किया जाता है.

- कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की विशिष्टताओं के अनुसार प्रति हेक्टेयर अनुमानित लागत
- रियायती दर (कर पूर्व दर) जिस पर राशि के समय आधारित मूल्य के वर्तमान बाजार के अनुसार मूल्यांकन और विशेष रूप देयताओं के जोखिम पर प्रभाव डालते हैं।

2.24 प्रयुक्त संक्षिप्ताक्षर:

क.	CGU	नकद उत्पाद इकाई
ख.	DCF	रियायती नकदी प्रवाह
ग.	FVTOCI	अन्य व्यापक आय के जरिए उचित मूल्य
घ.	FVTPL	लाभ व हानि के जरिए उचित मूल्य
ड..	GAAP	सामान्य तौर पर स्वीकृत लेखा सिद्धांत
च.	Ind AS	भारतीय लेखा मानक
छ.	OCI	अन्य व्यापक आय
ज.	P&L	लाभ व हानि
झ.	PPE	संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण
ट.	SPPI	मूलधन एवं ब्याज का एकमात्र भुगतान
ठ.	EIR	प्रभावी ब्याज दर

वित्तीय विवरण पर टिप्पणियां

टिप्पणी 3 : संपत्ति, संयंत्र और उपकरण

(₹ करोड़ में)

